

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

(भाग 1)

नयनसुखविलास

लेखक

कविवर नयनानन्द यति

प्रकाशक

दिगम्बर जैन पुस्तकालय

सूरत (गुजरात)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलत: उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

कविवर श्री नयनानन्द यति विरचित--

नयनसुख विलास

भाग प्रथम

प्राप्तकर्ता—

श्री पन्नालाल जैन अग्रवाल-देहली।

प्रकाशकः—

मूलचन्द किसनदास कापड़िया,

दिगम्बर जैन पुस्तकालय-सूरत।

प्रथमवार]

स्व० ब्र० सीतलप्रसादजी स्मारक मालाकी ओरसे 'जैनमित्र' के ७ वर्षके ग्राहकोंको भेंट



स्वर्गीय ब्र० सीतलप्रसादजी स्मारक ग्रन्थमाला पुष्प ३३ का निवेदन

करीब ७० ग्रन्थोंके सम्पादक, अनुवादक, टीकाकार तथा 'जैनमित्र' और 'वीर' के सम्पादक तथा रातदिन जैन धर्मके प्रचारके लिये भ्रमण करनेवाले श्री जैन धर्मभूषण ब्र० सीतल-प्रसादजीका स्वर्गवास लखनऊमें ६५ वर्षकी आयुमें आजसे ३० वर्ष पर अर्थात् वीरसं. २४६८ में हो गया तब हमने आपकी धर्मसेवा, जाति सेवाकी याद कायम रखनेको आपके नामका स्मारक फण्ड खोला था जिसमें सिर्फ ६०००) आये थे तौ भी हमने जैसे तैसे प्रबन्ध करके आपके नामकी यह ग्रन्थमाला आजसे २८ वर्ष पर प्रारम्भ की और इससे प्रकाशित ग्रन्थ 'जैनमित्र' के ग्राहकोंको भेंट देनेकी योजना की थी जो बराबर चल रही है व इस ग्रन्थमालासे आज तक निम्न २२ ग्रन्थ प्रकट कर 'जैनमित्र' के ग्राहकोंको भेंट कर चुके हैं—

ग्रन्थमालाके प्रकट हुए ग्रन्थ—

१. स्वतंत्रताका सोपान
२ आदिपुराण छन्दबद्ध
३. चन्द्रप्रभपुराण संग्रह
४. यशोधर चरित्र
५. सुभौम चरित्र
६. नेमिनाथ पुराण
७. परमार्थ वचनिका
८. धन्यकुमार चरित्र
९. प्रश्नोत्तर श्रावकाचार
१०. अमितगति श्रावकाचार
११. श्रीपाल चरित्र छन्दबद्ध
१२. हीरक जयन्ती अङ्क
१३. धर्म परीक्षा
१४. हनुमान चरित्र
१५. चन्द्रप्रभ चरित्र
१६. महावीर चरित्र
१७. बाबू कामताप्रसादजी
१८. नियमसार
१९. जैन सिद्धांत दर्पण
२०. दहेजके परिणाम
२१. जैन लॉ हिन्दी
२२. आराधना कथाकोष १

और अब २३ वाँ ग्रन्थराज

श्री नयनसुख विलास भाग १

प्रथम बार प्रकट कर व 'मित्र' के ७२ वें वर्षके ग्राहकोंको भेंट कर रहे हैं जो कि २२० पृष्ठोंका व साड़े तीन रु० के मूल्यका है।

यह ग्रन्थराज कूचा सेठ दि० जैन मन्दिर देहलीका हस्तलिखित ग्रन्थराज है जिसकी खोज नयेर साहित्यके खोजी वयोवृद्ध विद्वान् श्री पन्नालाल अग्रवाल देहलीने करके हमको लिखा था कि यह नयनसुख विलास ग्रन्थ भेजते हैं जो उत्तम व प्रकट करनेयोग्य है। तो यह पद्य ग्रन्थ होनेसे व

बड़ा होनेसे हमने पहले तो इन्कार किया था लेकिन इसके स्वाध्याय करनेसे हमें मालूम हुआ कि यह तो बहुत उपयोगी व प्रकट करनेयोग्य है अतः बड़ा होने पर भी दो वर्षमें प्रकट करके 'मित्र' के ग्राहकोंको भेंटमें बांटेंगे।

इस ग्रन्थके कर्ता कविवर नयनानन्द यतिवीर कांधला (मुजफरनगर) नि० थे लेकिन आप देहली, सहारनपुर, हस्तनापुर आदिमें बहुत रहे थे। व आप करीब ७५ वर्ष पर ही हो गये हैं।

इस पद्य ग्रन्थराजमें आपने धार्मिक व आध्यात्मिक पद्य रचना ऐसी उत्तम की है कि यह ग्रन्थ स्वाध्याय करने व संग्रह करनेयोग्य है और इससे 'मित्र' के हजारों पाठकोंको लाभ होगा।

कविश्री कवित्वशक्तिके ऐसे विद्वान थे कि आपने इस ग्रन्थमें ३०-४० रागनियोंमें पद्य रचना, रचना समय सहित की है। कुछ रागनियोंके नाम ये हैं—

दोहा, ठुमरी, झंझोटी, हजुरी, धनासरी, मल्हार, ढोलकी, झन्कार, गझल, गीता, कालंगडी, खमाच, ड्योंडी, जंगला, होवरी, काफी, रेखता, अशाधरी, भैरवी, सारंग, सोरठ, रजवाडी, जोगीया, आल्टा, गौड, पंचाल, पीलु, धानी, सवैया ३१ आदि।

इस प्रकार कविश्री अनेकानेक राग रागनियोंके बड़े विद्वान थे। ग्रन्थ बडा होनेसे यह प्रथम भाग बडा हुआ है तथा दूसरा भाग भी बडा होगा (४० अध्याय तकका है) जो आगामी वर्षमें प्रकट कर भेंट किया जायगा।

इस प्रकार 'जैनमित्र' अपने ग्राहकोंको आज तक करीब १५०) के ग्रन्थ भेंट कर चुका है उसमें ब्र० सीतलप्रसादजीकी सेवा अपूर्व है और हम प्रकट करनेवाले तो उनके दास हैं।

इस ग्रन्थराजकी कुछ प्रतियां चिकने कागज पर जिल्द सहित भी विक्रयार्थ तैयार की हैं।

आशा है इसका शीघ्र प्रचार हो जायगा।

सूरत
सं० २४२८ कार्तिक
सुदी १५ ता.२-११-७१

निवेदक—
मूलचन्द किसनदास कापडिया,
प्रकाशक।

विषय-सूची

अध्याय पहिला—	
१-आर्य खण्ड वर्णन, ग्रंथोत्पत्तिके कारण	१
अध्याय दूसरा—	
२-मंगलाचरणके ३४ दोहे, १३ ध्रुपद आदि	७
अध्याय तीसरा—	
३-चौवीसी अखाडा आदि	२७
अध्याय चौथा—	
४-गुरु भजनाष्टकके ८ पद	४०
अध्याय पांचवां—	
५-जिन धर्म स्तुति भजन	४६
अध्याय छट्ठा—	
६-समुच्चय जिन स्तुति गजल	५८
अध्याय सातवां—	
७-प्रत्येक जिनके पदोंका संग्रह	७४
अध्याय आठवां—	
८-सती राजेमती नेमिनाथ वियोग शोकके पद	७९
अध्याय नौवां—	
९-ज्ञानोपदेश पद संग्रह	९९
अध्याय दशवां—	
१०-अनुपमात्मक अध्यात्मपदसंग्रह	१०८
अध्याय ग्यारहवां—	
११-हथनापुर क्षेत्र पर बनाये पद	११०
अध्याय बारहवां—	
१२-जलयात्राके पदोंका संग्रह	११४

अध्याय तेरहवां—
१३–रामचन्द्र लक्ष्मण सीता सम्बन्धी पद ११७
अध्याय चौदहवां—
१४–विसंसात्मक पद संग्रह १२१
अध्याय पन्द्रहवां—
१५–अपने रोग मुक्त होनेपर भजन १२३
अध्याय सोलहवां—
१६–हिन्दी भजन मंजरियां १२५
अध्याय सत्रहवां—
१७–हिन्दी प्रतिष्ठा मंजरियां १४७
अध्याय अठारहवां—
१८–अनेक रथयात्राओंके पद १६१
अध्याय उन्नीसवां—
१९–सुरेन्द्रभटके ३६ पदोंका सं०.. १६६
अध्याय बीसवां—
२०–विलास सम्बन्धी संग्रह १९३
अध्याय इक्कीसवां—
२१–लब्धिसार सम्बन्धी अध्यात्म पद २६४
अध्याय बाबीसवां—
२२–तत्वार्थ प्रथम अध्याय पर पदसंग्रह २८९ से ३१२ तक

(२३ से ४० अध्यायोंके पदोंका संग्रह दूसरे भागमें छपेगा)

॥ ॐ नमः सिद्धेभ्यः, श्री वीतरागाय नमः ॥

कविश्री–नयनानंद यति विरचित–

नयन सुख विलास

अथ पीठिका तीर्थ भाग १ लिखैं हैं। वचनिका–

जंबूद्वीप भरतक्षेत्र विषैं कुरुजांगल देश है। तहां श्री हस्तनापुरकी पश्चिम दिशामें कांधला नामक नगर है। वर्तमानकालमें मलके विक्टोरिया बादशाह जाकी जो मुल्क इंगलिस्तानमें लंडन नगरकी बादशाह है। ईशामसी पूर्वेशके मतकी धरनहारी अंग्रेजवंशी है। ताका निःकंटक राज्य प्रवर्तै है। ताकी छत्रछायाका आश्रय पाय हम भी शत्रुके भीत सैं निर्भय हैं। इस ग्रन्थके रचनेका उद्यम किया।

इस कांधला नगरमें दो जिन मंदिर हैं। तहां एक सूवरदासजी नामकरि जैन जती भये हैं। यद्यपि जैन जती बाह्य अभ्यंतर ग्रंथके त्यागी निर्ग्रंथ मुनिनको कहिये हैं। तथापि नैगमनयके आश्रय शीलवंतनिकूं भी जती पद है। तातैं उनका जती उपांक प्रसिद्ध था। सो बडे गुणवान पुरुष थे। तिनने उनका अनेक देश देखा हुआ था। श्वेतांबरी न थे दिगम्बर जिन धर्मके यथार्थ पंथकी जिनकै दृढ़ श्रद्धा था। मैं उनका भ्रात पुत्र हुं। ब्रह्म पोरसेरी निज जाति है। जब मैं उनकी गोदमें पड़ा तब मेरी दश वर्षकी अवस्था थी। उन्होंने बडे बडे कठिन कष्ट अपने शरीर पर उठाय मोकूं अक्षराभ्यास कराया। उनहीके अनुग्रहसे मोहि जिन मतका परम लाभ हुआ।

वे मेरे विद्यागुरु मेरा परम उपगारकरि सम्वत १९१५ ज्येष्ठ शुक्ला ३ शनिवारको पर्याय पूरीकर परभवकूं प्राप्त भये। तब मैं अनाश्रय छिन्न उदासवत् अति खेदखिन्न भया। उनका संस्कार करि कैं अब निवर्त हुवा तौ तीन वर्ष उनके स्थानपर बैठा रहा। कोई प्रकारका सत्संग न था कि जिससे काल विक्षेप होय। कुछ कुछ जिन धर्मको जानता चला था अचानक एक पत्र बागप्रस्थनगरके जैनी पंचनका मेरे नाम आया। तामें यह लिखा था कि जो तुम भूधरदासजीके शिष्य हो। भूधरदासजीके उपगारका कुछ फल चाहो तो इहां आवो। कुछ उपगारमैंसैं उपगार औरनकूं भी बांटो।

भावार्थ—तुम भी इहां आय करिकै चार लड़कनकूं पढाय जावो। उनके लाइक पत्र पर मैं वहां संवत् १९१८ में चला गया। और संवत् १९२३ तक पांच वर्ष वहां रहा। इन पांच वर्षके अंतरगतकी व्यवस्था यों है कि वहां एक निश्चलरायजी श्रावक बड़े गुणवान और अध्यात्म ज्ञाना न्याय वेत्ता पंडित थे। वृद्ध अवस्थाके कारण मन्दिरजीका शास्त्र पूजन नहीं कर सकते थे।

उन्होंने मोसैं कही हम तुमकूं सिद्धांतनको स्वाध्याय करावेंगे। तुम हमारा कहना करो। हमनै तुमकूं इस वास्ते बुलाये हैं जो इस बस्ती में सेठ शादीराम अर उनका भानजा शुगनचन्द जैनियोंमें प्रधान पुरुष हैं। इनके घरमें मन्दिरजीके कारखानेका उपगार होता है। शुगनचन्दके चन्दनलाल एक ही लड़का है। सो कुसंग में बैठता है। अभी तो बालक है। पढने योग्य है। जो तुम्हारे उपगारसै यह कुछ जिनमतका मर्म ? हो जाय तो इसके कारण और भी दो चार लड़के भाईयोंके पढ जांयगे। सत्संग बना रहेगा।

धर्मका उपगार थोड़ा बहुत चला जायगा। नहीं तो सब

काम बिगड़ जायगा। मैं उसके हालमैं भेदी न था। मैंने प्रमाण किया। तब पंचोंने चन्दनलालकूं और चार लड़कों समेत मेरे पास पढनेकूं बै गये। वो कुबुद्धि कुसंगका बैठने वाला माता पिताका लाडला मेरे पास जिस दिन पढने बैठा मैंनें प्रथम ही उसकूं ॐ नमः सिद्धेभ्यः लिख कर दिया।

और कह्या कि बोल ॐ वह बोल्या कि तू ही बोल। मैं कही तू क्या कहै है। वह बोल्या तू क्या बक है। मैं कहूं तू पढ़ वो कह तू पढ। मैं कही मन्दिरमें चल तुझे पढाऊंगा।

वह कहै तुम चलो मैं आऊंगा। मैं मन्दिरमेंसे बुलावा भेजूं। वह उसके बदले मन्दिरमें ईंट पत्थर आकाश मार्ग करि भेजै। किसीका शिर फूट जाय। किसीका हाथ टूट जाय। एक संकटमें सो था। चित्तमें अनेक प्रकारकी तरंग उठै थी। सोचमें था कि अछा विद्यार्थी मिला। जो छोड कर देशकूं चला जाऊं तो उपहास होगा। और यहां रहूं और यह ऊत ही रहा वो पंचोंमें लज्जा आवेगी। यह अति कष्ट है क्या करूं। फिर यह सोचा भला थोड़े काल देखो तो क्या भावी है। परतु उसी दिनसैं उसकूं पढने वास्ते फिर नहीं कहा।

यह सोचता रहा कि देखूं इसकूं कौन वातका व्यसन है। जब इसका व्यसन मालूम होगा उस ही व्यसन में तू भी पडैगा तब यह तेरे अनुकूल होगा। जो इसका संस्कार अच्छा है तो सुधर भी जाय। जीवनके कर्मकी विचित्र गति है। देश कालके योग तैं भले तो बुरे हो जांय हैं। बुरे भले हो जांय हैं। सो मैंने चार मास तक उसकूं टोक्या नहीं। तब उसके चित्तकी भ्रांति मिटी। और जाना कि अब तो मुझे चेटोकते ही नहीं हैं। सो अब वह निश्शंक मेरे मकानके आगेकूं होता हुवा अपने घर आया जाया करे। परंतु मैं

देखता कया हूं कि जब उधरकूं निकसै तब कुछ न कुछ राग अछा अलापता अपनी धुनिमें गिट गिट भरता निकसै।

एक दिन पहर भर रात्रि गये खम्मांच। कान्हाडा देशके स्वरोंमें एक मलहारको अलापता निकला। न जाने सरस्वती मूर्ति मान भई थी। न जाने उसके काल उन्होंने प्रेरणा करी थी। गंधर्व किन्नरोंको मोहित करै था। मैं उसकी ध्वनि सुन बैठकमें बाहार निकस रस्ते पर खडा हो रहा। वह मुझे देख बोला बाबाजी खडे हो। हां भाई खडे हैं। मैं कही आवो चन्दनलाल बैठो तुम्हारा स्वर मुझकूं बहुत प्रिय मालूम हुवा। तुम तो बडे गुणी हो। तुमकूं कोई जिन मतका भी भजन आवे है तब वह बोल्या मुझे तो जिनमतके भजन अच्छे नहीं लगते। न तो समझमें आवे हैं।

न उनकी चाल ढाल प्रिय है। बुद्धिरांडों कैसे गीत मुझे तो पसंद नहीं। मैं तो वैराग रागनो गाता हूं। जो दिल्ली, लखनऊ, पंजाब, बुन्देलखंडके बड़ाबड लोगोंने नई नई तर्ज काढ काढ टप्पे। ठुमरी, गजल, धुरपद। वर्गने नौटंकी। सरवण। सांगा। मरहटो बुर्ज। कलंगी। चौबोला इत्यादि जारी किये हैं सो मेरी पसंद हैं। मैं शब्द अर्थकूं नहीं जानता, मैं तो लय धुनिकूं समझूं हूँ। तब मैंने यह कही, आछा, जो तुम्हारी मरजी माफिक जौनसी लय ध्वनि तुम्हें पसन्द होय उस ही ध्वनि में जिन मतके पद बन जांय तब तो तुम मन्दिरमें जावोगे तब वो अति प्रसन्न हूं आयह बोला कि जा तुम मेरी फर्माईश माफिक पद बनावता मेरे याद करातें रहोगे तो मैं तुम्हारे पास ही पडा रहूंगा। और नित्य मन्दिरजी में भजन करा करूंगा।

घणी कहांताई कहूँ उसहीके कारण मैं तो सितार सीखा। और यह भजन समूह ग्रन्थ उसही की फर्माईश माफिक अनेक

प्रकारकी राग रागिनियों में बनाया। कितेक पद उनहीके नामसें अंकित किये। फेर पद पढ भी गया। पूजन पाठ स्वाध्याय भी करने लगा। चारों अनुयोगकी कथनीमें प्रवेश पाय।

चन्दनजीकी महिमाकूं धारि शीतल परिणाम करि प्रतिबुद्ध हुवा। सर्व कुव्यसन छोड जिन भजनके उपयोग लगाया। यहांतहां तत्त्वभावनामें जाने लगा। दिल्लीमें प्रभावना अंग भया। श्री हस्तनापुरजीमें प्रभावना अंग भया। पटौदीमें जिन यज्ञका प्रभावना अंग भया। किरचनेमें प्रभावना अंग भया। कांधलेमें प्रभावना अंग भया। तिनमें हासन जैनो भाई सैंकडांकोशनके मेले भये। तहां चन्दनलालकी सैली जाया करै थी। धर्मकी बडी महिमा होय थी।

चन्दनलाल १। कुंजलाल २। सौदागरमल ३ प्रतापसिंह ४ निहालसिंह ५। नवलसिंह ६। चिरंजीलाल ७। दिलसुखराय ८। तथा मेरा लघु भ्रात बलदेवसहाय ९। ये नवजने या नव रत्न शैलीमें गान विद्यामें प्रवीण हैं। तिन सबनमें चन्दनलाल ही लाल था। कर्मनकी विचित्र गति है। माता पिताके वंशका यह अंकूर था। बड़े कष्टसे पाला था। जब यह वृक्ष बड़ा हुवा गुणरूप शाखा प्रति शाखा निकरि यवनताकूं प्राप्त गया। एक ही फल लगने पाया था। नोचानकरकाल रूप ब्यालने ऐसा धका दिया।—

—जो संवत १९२९ में मूलतें उडाय दिया। यद्यपि यह दिन सबकों है। याका कौन सोच है। परन्तु जैसे वृक्षकी छाया वृक्षकी साथ ही जाय है। तैसें या सैलीकीको भाराके साथ गई। वाही दिनतैं चित्त सब सैलीके उचित हैं। जिन धर्म तो सदैव भुवनत्रयमें जयवंत है। परन्तु हमकूं या मर्में चित्तावलंबन नहीं रहा यह महाखेद है। खेर जो भई सो

भई । अब हम ऐसा सोचे है । जो इन पदोंके बनावनेमें बड़ा परिश्रम भया था ।

और जहां तहांतैं इनकी मांग आवे है । और लड़केवालोंके यामें चित्त विशेष लगे है । और इन चाल ढालोंमें कोई भजनोंका समूह ग्रन्थ है भी नाहीं । और प्रभावना अंगका कारण भी है । और ये पद ऐसे भी हैं जो ग्वाल बाल भी कार्य छोडि सुना चाहे हैं । अपनी अपनी रुचि माफिक सुनि चित्त प्रसन्न करे हैं । याके मिस मन्दिर धर्मशालानिमें सैकड़ां मनुष्य मेले हो जा हैं ।

जब मेले होय हैं तो अवश्य कुछ ना कुछ धर्मकथा भी चले है । तब कोई ना कोई धर्मात्मा पठन पाठनका भी उद्यम करे हैं । पूजा प्रभावना जिन भजन जिन न्हवन जलयात्रा रथयात्रादिकमें प्रवर्तै हैं । तब जिन धर्मके प्रभावतैं जिन धर्मिनके विभव और दयादान वात्सल्यादि गुणकूं देखि अन्य मती भी जिन धर्मकी महिमा देख श्रद्धा रुचि करै हैं । यातैं जिन भजन और सैली समाजकूं चितावलंब हेतु शुभोपयोगका कारण जानि मेरै ऐसी रुचि उपजी जो तैनें अनेक चीजनके बनावनेमें श्रम किया है । अब जो उन सब प्रबन्धोंका एक जगह संग्रह न करैगा तौए पिछे सब तेरातोन हो जांयगे ।

अरु थोड़े कालमें नष्ट हो जांयगे अरु आयु पूर्ण हो जायगा तो तेरातोच वर्षका परिश्रम भ्रष्ट हो जायगा । अरु काहूके काम न आवेंगे । यातैं सबका संग्रह करि जुदे जुदे अधिकार रूप यह नयनानन्द विलास नामांकित ग्रन्थ लिख्या है सो जानोगे । पुनः विदित हो कि इस विलासके दो भाग मुख्य हैं तिनमें एक पूर्व भाग है ताके अध्याय २८ हैं । दूजा उत्तर भाग है ताके अध्याय १२ हैं । दोनूं भागोंके कुछ

अध्याय ४० है। तिनमें पूर्व भागके २८ अध्यायोंकी सूचना इस भांति है—

अर्थात् इस पूर्व भागमें १७ अध्यायतक तो मैंने अपने शिष्य चन्दनलाल सेठ नागपरथ निवासीकी फर्मायशो राग-रागनियोंके अन्दाजपर रचे थे तिनमें बहुधा रागनियोंमें चन्दनलालजीका नाम मैंने भोगकी जगह लिखा है। और ११ अध्याय अपनी इच्छासे सर्व साधर्मीजनोंके धर्म ध्यान योग्य रचिकर पूर्व भागकूं पूरा किया है सो जानोगे। आगे उत्तर भागके १२ अध्याय हैं तिनकी सूचना उत्तर भागके प्रारम्भमें लिखेंगे तहां देखा लेना।

अथ पूर्व भागके २८ अध्यायोंकी पृथक् पृथक् सूचना लिखये हैं।

वर्णन अध्याय

प्रथम अध्यायमें ग्रन्थोत्पत्ति कारण पूर्वक पीठि। और गायन शिक्षा है तो: गवैयाके। दशदोषोंका वर्णन है। दूजे अध्यायमें मंगलाचरणके ३४ दोहे तेरह ध्रुपद। दो चवरंग। दो तराने। तीन प्रकारकी तालके तीन पद। तीजे अध्यायमें चौबीसी अषाडा अर्थात् चौबीसों महाराजके २४ पद इस क्रमसे हैं कि अहोरात्रिकी सात घडी होती हैं कोई चौबीस ठाम सात ही होते हैं। अर्थात् एक एक महाराजके पदके गानेका ढई ढई घडीका काल बांधा है। जैसे आदिनाथजीका पद कालंगडेमें है तो अजितनाथजीका पद भैरवीमें हैं। ऐसे तीर्थंकरका नाम रागका नाम। रागका समय। सुबहसे लेय स्याम तक। स्यामसे प्रभात तक। समय समयके रागोंमें बदलता चला गया है। पुनः चौथे अध्यायमें गुरु भजनाष्टक

है तिसके आठ पद हैं। पांचवें अध्यायमें जैन कवीके भजनोंका समुदाय है ताके पद हैं ॥५॥

छट्टे अध्यायमें समुच्चय जिन स्तुतिके पदोंका संग्रह है ॥६॥ सप्तम अध्यायमें प्रत्येक जिनके नामके पदोंका संग्रह है ॥७॥ अष्टम अध्यायमें श्रीमान राजमती सतीके तथा नेमजीके पद है ॥८॥ नवमें अध्यायमें ज्ञानोपदेशके पदोंका संग्रह है ॥९॥ दशवें अध्यायमें अनुभवात्मक पदोंका संग्रह है ॥१०॥

ग्यारवें अध्यायमें हस्तनापुर क्षेत्र सम्बन्धी पद हैं ॥११॥ बारवें अध्यायमें जलयात्रा सम्बन्धी पद हैं ॥१२॥ तेरवें अध्यायमें राम लक्ष्मण सीता सम्बन्धी पद है ॥१३॥ चौदवें अध्यायमें विसंवादात्मक अन्य मत खण्डनके पद हैं ॥१४॥ पन्द्रहवें अध्यायमें शंकट हरन महाप्रभाविक पद हैं ॥१५॥

सोलवें अध्यायमें दिल्लीकी मंदिर मंजरी जैनोपकार मंजरी वा जैन स्तम्भ मंजरी है ॥१६॥ सत्रवें अध्यायमें दिल्लीकी महिमा मंजरीके पद हैं ॥१७॥ अठारवें अध्यायमें अनेक नगरोंकी जैन जात्राओंके पदों सहित अनेक पदोंका संग्रह है ॥१८॥ उन्नीसवें अध्यायमें सुरेन्द्र नाटकके ३६ पद अद्भुत हैं ॥१९॥ बीसवें अध्यायमें छोटी छोटी रागरागनियोंमें अति अद्भुत पदोंका सर्वप्रकार संग्रह है ॥२०॥

इक्कीसवें अध्यायमें पंचकल्याणके ख्यालोंसे गर्भित है ॥२१॥ बाईसवें अध्यायमें तत्त्वार्थ अधिगम सूत्रके प्रथमोध्यायके पाठ है ॥२२॥ तेईसवें अध्यायमें रामका बनोवास सम्बन्धी जैन मतका व्याहला है ॥२३॥ चौबीसवें अध्यायमें सीताका बनोवास अरु शील प्रभाव सम्बन्धी बारहमासा है ॥२४॥ पच्चीसवें अध्यायमें पुष्पदंत चक्रवर्तीका वा रागासा प्रश्नोत्तररूप है ॥२५॥

छब्बीसवें अध्यायमें राजमती सतीका बारहमासा ऊडोवंध है ॥२६॥ सताईसवें अध्यायमें राजमती अरु नेमीश्वरके प्रश्नोत्तर

रूप उद्बारासाका है ॥२७॥ अट्ठाईसवें अध्यायमें द्वादशानुप्रेक्षा सिद्धांत स्वरूप परमार्थ उपदेश है ॥२८॥

पुनः उत्तर भागके १२ अध्यायोंकी सूचना उत्तर भागके आदिमें देख लेना।

धर्मात्मा पुरुषोंसे मेरी यह विनती है कि यह गान विद्याके समाजका जिकर है। और गान कमालहीका शास्त्र है। या मैं जो पद भजन हैं, जो उन राग रागिनियोंमें बनाये गये हैं। तो इस वार इस कालमें दिल्ली लखनऊ मुरसदाबाद सहारनपुर हैदराबादके मध्य देशोंके गन्धर्व लोगोंने नई नई ताललय धुनि चाढ काढ जारी किये हैं। और वे बहुत सुन्दर चाल हैं। परन्तु तालसम उनके बड़ी मरोड रखते हैं।

तातैं यह प्रार्थना है कि अक्षर मात्रा अनेक यथा ये पद जैसैं मैंने बनाये हैं। और जिस चढावको लाग दिये हैं। तैसैं ही उनके त्यौं समटेकके विश्राम जैसैं या मैं हैं तैसे ही लिखो पढोगे। और याद करो करावोगे तो जिस सभामें गावोगे अति शोभा पावोगे। और अक्षर मात्रा भंग करिके लिखा पढोगे तौ मोकूं भी दूषण दिवावोगे और जिस सभामें गावोगे तहां तालकी चालसैं चूकि ऐसे लज्जित होवोगे।

जैसे सूरमा युद्धमैं घोड़ेसैं गिरकै फोड़ा होय है। तालसुर स्वर साथ भगवत भजनका आभूषण है। जिस गन्धर्व देवता भी यद्यपि महानिपुणमती स्वतः स्वभावतैं होवै हैं तथापि भगवन्तोंके गुणानुवाद गावै तो अन्यमती भी जिनवचनमैं अनुराग करि सभामें आय बैठै हैं। और बेताल बेसुर भयंकर स्वरसैं गावै तो जगतमें हांसी करावै। और श्रोता [illegible] उठि जाय। जिन भजनकी अवज्ञा होय। तातैं शुद्ध प्रति लिखना। जाके जुदे जुदे पद छेद होय। रागका नाम ठीक ठीक होय सो जानोगे।

पुनः उत्तम पुरुषनकूं मालूम हो कि प्रथम तो जो पद जिस रागके स्वरोंमें अलापा जायगा। उस रागके अलापका नाम हरएक पदके साथमें लिखा है। बुद्धिवान तो अलापका नाम जानिके ही उस पदकूं गावेंगे। और जो अलापमें भी चाल नहीं पावें तो जिस जिस प्रसिद्ध रागनीकी चालमें ये पद बने हैं। उन उन रागनियोंकी भी एक एक टेक। एक एक कड़ी। इस पुस्तकमें भिन्न सूचिपत्रमें लंबरवार लिखी हैं।

प्रथम लंबरके पदको। प्रथम लंबरकी रागनीसे। मिलाय चाल जान लेना। दूजे लंबरका पद दूजे लंबरकी रागनीकी चालमें जानना। ऐसें ही लंबरसे लबर मिलाय सूचिपत्रमें चालका पता लगा लेना। यद्यपि मेरी अति मूढता है कि मैंने मिथ्यातकी रागनी इस धर्म ग्रन्थके शास्त्रमें जुदी भी क्यों लिखी तथापि स्वार्थ जान लिखी हैं। कि वे प्रत्यक्ष रागनी हैं बाल गोपाल और गंधर्व कलावंत हुमभाट नृत्यकी प्रमुख उनको सब गावे हैं। और चाल ढाल बहुत प्यारी है।

उसकी एक कड़ीको बांचते ही उसलबरके पदकी चाल पालेंगे। तातें भिन्न लिख दई हैं। लंबरसे लबरकी समस्या जानचाल कड ठीज्यो। और कछू उनसे प्रयोजन नाही है। यद्यपि पहले हमारा ऐसा अभिप्राय था कि प्रसिद्ध रागिनियोंका सूचिपत्र जुदा लिखें परन्तु वे मिथ्यातकी वाहीयात थी इस वास्ते टाल कर गये हैं।

॥ इति अथ गंधर्वके दशदोष लिख्यते। और गायन शिक्षा लिख्यते ॥

भावार्थ—गानेवाला ये दश दोष टाल गावे तो सभामें सोभा पावै। और इनकूं नहीं त्यागे तो बहुत जल्दी हथेली पिटवावे। प्रथम सारंगी, तंबूरा, मृदंग, कंसालकूं आदि देके संगीतके बाज बीणादि होय तिनकूं खूब स्वरमें मिलवावैं। और आपमें

गावने बैठैं ता समयके रागरूपमें उनकी गति सुनैं। और आप ताल देता रहै बिना स्वर मिले साजके संग न गावै ॥१॥

और गावने बैठे तब दोनूं गोडोमोड सिंहकी भांति प्रसन्नचित्त मनका भय लज्जा छोडि सिंह आसन बैठे। और आसन बैठे नहीं। काहेसैं जो धुनि और उपजा संपूर्ण स्वासनाभि सैं निकसै है। नाभि सूधी रहै तो स्वास टूटै नहीं। अन्य आसन बैठै तो पूरी ध्वनि नहीं निकसै ॥२॥

और गावनेसे प्रथम जो राग गाया चाहै, उस रागका रूपकूं स्वरसें मिला हुवा तीन प्रकार मंद मध्य और तार ग्रामभरकै दो च्यार बार समताकी साथ अलापै। घबराय कर अथवा एक ही बार उच्च स्वरसें न अलापै ॥३॥

और बहुत मुख न फाडै ॥४॥

और ऐसा न चिल्लावैं जो कंठकी रग फूल जाय वा माथा दमकने लग जाय वा कि नछने लग जाय वा मुखकी चेष्टा बिगड जाय। पछेवमें भर जाय सो न करै ॥५॥

औरगावती बरियां स्वरतालसे अपनेकूं बिगडा जानै तो तत्काल थम जाय। साजबाजके स्वरमें तालमें अपना ध्यान लगाय लयकूं बिचारै। जर साजमें एक समा चूकै तब फिर उस कलीकूं गावै। एकबार ही बेस्वर बेताल न दौडै ॥६॥

और हरबार एकबार कलीकूं गाय सम पूरा करि बिश्राम ले। दूसरीबार उस कलीकी उपज और नई रंगतकूं बाजमें सुनै। जब साजका समा आ चुकै तब दूसरी कलीकूं वा वाहीकूं गावै। इस बातका आवश्यक ध्यान रखना चाहिये। कि एकबार आप गावै एकबार साजको सुनै ऐसा किये तैं नई नई लय और उपजका लाभ होता है। गुन बधे है और आप हारे नहीं बिश्राम मिलता है ॥७॥

और यो भौंके बहुत मटके नहीं। मंदमुसकान मंदहास्य-भाव-विनय सहित ध्यान लगाय नमस्कार करांजुलि जोड जैसा पद विनतीका भाव हो तैसा अपने हाथ पाव नेत्र मुखका भाव दरसाय भक्ति प्रगट करै ॥८॥

और देवविंबकूं वा गुरुधर्मकूं पीठ न दे। और सर्व सभाकी तरफ फेरी लेता गति भरता रहै ॥९॥

सास्त्राभमें मूंड लहावे नहीं। ज्ञान साज स्वरमें राखे। ध्यान ताल और भावमें राखे। और बिना देवगुरु धर्मकूं मनायें और पूज्य पुरुषनकूं मनायें और पूज्य पुरुषनिका मंगलाचरण करे बिना गावे नहीं। काहे तैं जो अभिमानी रूपकुल धन आदिकके गर्व करि कंठ स्वरके भरोसे पर बहुत भये इष्टकूं नाहीं मनावे हैं। बहुत भये देवगुरुकी अवज्ञा करे है। तिनके कंठमें भगवती सरस्वती माताका निवास नहीं होता है। ते दुराचारी मार्ग-भ्रष्ट हैं सभामें निंदा पाय निकासे जांय हैं। और जो देवगुरु सरस्वतीकी विनय करे हैं ते विनयवान भगवानके भक्त परभवमें इंद्र धरणेंद्रनिके अखाडेनिका नृत्यु देखें हैं। पूज्यनके पूज्य होय परंपरा मोक्षकूं पावै हैं। या भांति इस ग्रंथकी उत्पत्तिका कारण आदि गन्धर्व शिक्षा पर्यंत पीठिकाका वर्णन किया जो कोई या ग्रंथकूं लिखैं सो अति सावधानी सूं अक्षर मात्रा संयुक्त जैसा यह लिखा है तैसा ही पीठका सुविचित्र राग अलाप और टेक समेत लिखैं कमती बढ़ती अक्षर न करैं यह कविताकी प्रार्थना है। याकूं पढै लिखैगा पढ़ाय लिखाय प्रसिद्ध करैगा। ते धर्मात्मा धर्मानुरागका फल कर्ता पुण्य पावैंगे। यह बालकनके चित्तका अवलंबन मैंने बालबुद्धि कर बनाया है। भूलचूक होय सो गुणीजन शोध लीज्यो मैं अति ही अल्पश्रुत हूं।

इति श्री नयनानन्दयतिकृत विलास संग्रह ग्रंथोत्पत्ति कारण

तथा कवि प्रार्थना गंधर्वके दश दोष गायन शिक्षा प्रमुख भूमिका वर्णनो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

अथ अध्याय दूजा यामें मंगलाचरणके दोहे २४। ध्रुपद १४। चतरंग २। तर्राने २। तीन प्रकारकी तालके पद तीन लिख्यते। अथ मंगलाचरण हेतोः चतुर्विंशति दोहा लिख्यते। तत्रादौ देवगुरु धर्म एकीभावकरण मंगल चौबीसी समाचरेत्।

दोहा।

ज्ञानानन्द अनंत शिव, अर्हन् मंगल मूल।
कलित कुलाचल तोरकर, हरो नाथ भवशूल ॥१॥
तुम शिवमग नेता रह्यो, भेत्ता कर्म पहार।
विश्व तत्व ज्ञाता परम, लयो बुधि वेग हमार ॥२॥

तुम त्रिभुवनके भानु हो, मैं खद्योत समान।
कैसैं तुम गुण वर्णऊं, अल्पमतिनको ज्ञान ॥३॥
उदय भक्ति प्रेरक भई, लजहरि पकरि प्रान।
लम्पट कयो पदकमल हिय, लखहु अगद गुरु ध्यान ॥४॥

तुम अनंतगुण आगरे, पट तर अवरन कोय।
तुम वाणी तैं जानिये, जो कछु जगतें होय ॥५॥
भूत भविष्यत कालकी, षट द्रव्यन पर जाय।
वर्तमान सम तुम लखो, हस्ता मलक सुभाय ॥६॥

सकल चराचर जगत चित, ज्ञान मुकर रह्यो सूर।
तातैं तुम अर्हत हो, सकल जगत करि पूज ॥७॥

तुमतैं गणधरनै सुन्यो, कहूं गति जब संसार।
तातैं तुम हो परम गुरु, पतित उधारन हार ॥८॥

वीतराग सर्वज्ञ तुम, तारन तरन महान।
तातैं तुमरे वचन प्रभु, हैं पट मत परमान ॥९॥

धर्म अहिंसा तुम कहो, जहां हिंसा वहां पाप।
दयावंत भव जल तिरैं, पापी लग संताप ॥१०॥
जीव दयागुण वेलको, बोई ऋषभ जिनेश।
षट दर्शन मण्डप चढो, सींची भरथ नृपेश ॥११॥
मिथ्या वचन अनादरे, तुमने हे जगदेव।
तातैं झूंठनकी झरत, जहां तहां विरकी रेव ॥१२॥
सत्य धर्म तैं होत है, त्रिभुवनमें परतीव।
सत्य तैं गोला ओहका, होय तुषार प्रतीत ॥१३॥
चोरी तुम वर्जन करी, परम पाप लख धीर।
त्यागी पद पद पूजिये, चोरस हैं भव पीर ॥१४॥
अनाचार वर्णन कियो, ग्रहण करन कहो शील।
जिन धारयो सो जगतरे, जिन छारयो कहा कील ॥१५॥
शील शिरोमण जगतमें, या सम धर्म न और।
अग्नि होय जल परणवे, विष हो अमृत कौर ॥१६॥
मृदग माळकै परणवै, शूल सेज मख तूल।
आधि व्याधि आवै नहीं, शीलवंत ढिग मूल ॥१७॥
भव तृष्णा दुःख दायनी, भाखो तुम भगवान।
त्यागी त्रिभुवन पति भये, रागी नर्क निदान ॥१८॥
देव धर्म गुरु हो तुम हो, ज्ञान ज्ञेय ज्ञातार।
ध्यान ध्येय ध्याता तुम हो, हेयाहेय विचार ॥१९॥
कारण हो शिव पंथके, उद्धारण भव कूप।
कारन तारण जीवके, हो तुम हो शिव भूप ॥२०॥
उत्तम जन बहु जगतमैं, तारे तुम भगवान।
अधमनता खोय कही, तारो हे जगवान ॥२१॥
आयो तुम पद पूजने, भजन करनके चाव।
राखो भव भव भजनमैं, जबलग जग भरमाव ॥२२॥

भजन करत संसार सुख, भजन करत निर्वाण।
भजन बिना नर जगतमें, है तिरजंच समान ॥२३॥

भजन करत जग उद्धरे, सिंह नकुल कपिसूर।
गणधर हो वृषभेशके, मुक्ति भये अघचूर ॥२४॥

निरअंजन अंजन भये, गज कि रात भये सिद्ध।
श्वान जटी पन्नगति रे, तिनकी कथा प्रसिद्ध ॥२५॥

कहां पशुपर आय नर, कहां मुक्तिको धाम।
तू भी मूरख भजन कर, सुखमें भलो न घाम ॥२६।

या जग विषम विदेशमें, बन्धु भजन भगवान।
सार्थ वाह निवृत्तिको, लखि निश्चै उर आन ॥२७॥

भजनबाद जिन भक्ति बिन, भक्तिबाद बिन भाव।
भावबाद अब गाढ बिन, गाढबाद बिन चाव ॥२८॥

धन्य महूरत धन घडी, धन्य दिवस गिन जाउ।
तरस तरस करण जुडो, श्री जिन भजन समान ॥२९॥
रहो सदा सैठी सुखी, रहो सदा सतसंग।
जातैं श्री जिन भजनमें, प्रतिदिन होय उमंग ॥३०॥

धन्य पुरुष सज्जन मिले, भये सहायक धर्म।
भजन करूं भगवंतका, राख सरस्वती सम ॥३१॥
तू कैवल्य उद्योतको, परम ज्योति तम हार।
नयनानंद गरीबकी, यह विनती उर धार ॥३२॥

मोह महातम दूर करि, शुद्ध ज्ञान परकाश।
ज्यों जब सांचे देवका, गाऊं भजन विकाश ॥३३॥

यह विधि मंगल मानिके, कहूं भजन हो चार।
भाखूं नयनानंदके, कृत विलास अनुसार ॥३४॥

॥ इति मंगल चौवीसी समाप्तम् ॥

अर्थ—प्रत्येक मंगलाचरण हेत चौदह धुरपद लिखें हैं। ये धुरपद, भैरवी, बिलावल, सारंग, गौड़, भीमपलाश, बरवा, धनासरी, गौरी, येमन, स्याम कल्याण, परमाव, कान्हड़ा, देश, सोरठ, बिहाग जैजैवंती, मेघ, वसंत, ललित, विभास, नट, पट, परज, कालगड़ा, प्रमुख, अनेक रागोंमें समय अनुकूल गाये जाते हैं। चाहो जौनसा धुर पद इन रागोंमेंसे चाहो जौन से रागमें गावयो निःसंदेह गाया जायगा। यातैं प्रति धुर पद रागकी मुख्यताका नेम नहीं किया, गंधर्वकी इच्छा प्रधान है।

अर्थ—वृषभादि चतुर्विंशति तीर्थंकरके नाम गुण समेत नमस्कार करनेका उपदेशात्मक धुर पद लिख्यते। ऋषभोजित संभवंद अभिनंदन सुमतिकन्द पद्मप्रभ पार्श्वंदि भगवत गुण गावरे टेक।

सेवो शुभ पाद संत चंद्रप्रभ पुष्पदंत शीतल श्रेयांसकेत जीधे मन ध्यावरे, वासवनुत वासुपूज्य भजिकर निर्मल अनन्त मार्ग भव अनंत धूप सद्धर्म प्रभावरे। धार ले मन शांति कुंथवरि के चरम जिनपद वरिके मुन्ना नंत नमि नेमीशपावरे, कर ले पारस भेट रु सन्मति ना्हि भर्मभेट पंथ्यो चिरकाल कयों न वाकी सुर लावरे॥१॥

अथ-पूर्वोक्त चौबीस जिन जगतपिता हैं तिनके पितानके नाम गुणपूर्वक नमस्कार करनेका उपदेशात्मक धुरपद प्रारम्भः।

वंदू जगताघ तातना मित जितशत्रुनाथ धरिके जुग हाथमाल मन घन अठधारी॥टेक॥

जय तार सुवोर मेव धारण सुरलिष्टने धर्मइखेन सु फत वेग दढरथ सुखकारो। विमलेश्वर वासुदेव जय वृष सिवसेन पद मानव विसुखेन सेव सूरम सुखकारो। सुन्दर दर्शन नरेशकुंभल श्री समंतेश विजयोजय। अश्वसेश पुण्यातम मारो।

भजरे मन अश्वसेन सिद्धारथ सिद्ध दैन ये जिन चौबीस तात एका भवतारी ॥२॥

अथ वृषभादि चौबीस जिन जगत चूडामणि देव हैं तिनकी मातानिके नाम गुण सहित वर्णनपूर्वक नमस्कार करनेका उपदेशरूप धुरपद प्रारम्भः।

सुनरे मन मेरी बात जाए जिन जगत तात देखो जिन मात ताहि बन्दन नित करनी ॥टेक॥

मरुदेवि विजयामतीय श्रीयुत षेणामतीय सिधअर्था मंगलीय सीमा सुख भरनी। प्रथवी शुभ लक्षणीय रामारु सुनंदनीय विमला जयदेवि रमा सूर्या दुख हरनी। सुभ व्रत धरणी सतिय एलाअरु श्रामनीय मित्राअरु रक्ताय श्यामा अघ तरनी। त्रिशिषा शिवदेवि माय वामा त्रिशलादि ध्याय बंदू सह कोष जगत चूड मणि धरनी ॥३॥

अथ—चतुर्विंशति वृषभादि जिन जन्म नगर इंद्रन करि पूज्य षोडशपुरी तीर्थस्थान हैं तिनके नाम और तिनकूं नमस्कार आज्ञा करनेका उपदेश रूप धुरपद प्रारम्भः।

कौशल सावतिय धाम शाशो कौशंबि ठाम। तीर्थंकर जन्म ग्राम तीरथकर प्यारे ॥टेक॥

चंपापुर चंद्रपूर भद्रलपूर सिंहपूर मिथुलापूर रत्नपूर गजपुर नित जारे। काकंदी कपिलादि सूरजपुर दाधि यार काकर कुश अग्रपूर मुनि सुव्रत ध्यारे। कुण्डलपुर चोर देव षोडश हैं नगर एव जन्मे भगवन्त जहां आशासुर आरे। घरवर भई रत्न वृष्टि धर्मातम भई सृष्टि सोभा बरनी न जाय नरभव फल पारे ॥४॥

अथ—चतुर्विंशति ऋषभादि जिनेंद्राणं चरण चिह्न लिख्यते।

॥ धुरु पद ॥

भापूं जिन चरण चिह्न प्रभुके तन तैं दमिल मुनि के चित्त हो मदन शंशय सब टारिये ॥टेक॥

वृष गजघोटक कपीश क्रौं चरु अंभोजधीश स्वस्तिक निशिईश मछ औ बरस विचारिये। खगपग महि आवरा इवाबर बज्रायुधादि मृग बाक धनुर्गिनादि कलशा वर धारिये। कछय वर कमल शंख सर्प रुके हरि निशंक लखि के जिन अंक नाम निश्चय चित्त धारिये। धरियें उर ध्यान देव करिये प्रभु चरण सेव जातैं भवसिंधु खेव शिव मैं ले तारिये। भावूं जिन चरण चिह्न ॥५॥

अथ—निर्ग्रंथ वीतराग गुरुनिकूं नमस्कार ॥ धुर पद ॥

वंदू निर्ग्रन्थ साधु त्यागी जिन जग उपाधि आतम अनुभव अराधि पर परण तिछारी ॥टेक॥

तजि तजि पद चक्रवति मन वचतन हो निरते पाय न प्रथिवी जिनतें जिन दिक्षा धारी। समदम संवर संभारि निर्जर करि कर्म टारि सटत न प्राणी उधार करुणा विस्तारी। जीते त्रयशल्य दुक्षुर गिर सम भये अचल रत्नत्रय धरण मल्ल कष्ट सहें भारी। जयजय महिमा निधान जंगम तीरथ समान मेरे उर सो आन वंदूं जग तारी ॥५॥

अथ—जिन सरस्वतीकूं नमस्कारका धुर ॥पद॥

निकसी गिर वर्द्धमानसेती गंगा समान गोतम मुख परी आन शारद जग माता ॥टेक॥

तोरत भ्रम गज सुदंत जडता तप करि प्रशांत-रत्नाकर ज्ञान अंत पहुंचो भवत्राता जा मैं सप्तांग भंग उठे निर्मल तरंग अमृतकी छोर-मोक्ष मारगको दाता। आदिरु मध्यान्त सान निर्मल किरपानिधान-धारा पर वाहवान त्रिभुवन विख्याता। वंदे हग सुखदास मेरे उर कर निवास गाऊं जिन गुण विलास कीजे सुखसाता ॥६॥

अथ—रत्नत्रय धर्मकूं नमस्कार धुरपद उपदेश रूप। जागरे

तू मोक्षमगा रत्नत्रय मांहिपगा मोरे मत नाहि डगा पहुँचै शिव धामरे ॥टेक॥

सम्यक मई दृष्टि ठान हित अरु अनहित पिछान शंसे भ्रम भान-ज्ञान चिंतामणि धामरे पूंजी परभौकी जान सम्यक् चारित्र आन टूटैं अघ जाके मुक्ति पावै बिन दामरे। तन धन आशा बिहाय कृषि करि काया कषाय-कोई न करि हैं सहाय अब के अघका मरे। नैनानंद कहत मीत शास्त्रो सतगुरुनें नीत बोवै बवूल तौन लागेंगे आम रे ॥७॥

अथ—दर्शनविशुद्धादि षोडशकारण भावनांकूं भावनेका उपदेश रूप धुर ॥पद॥

भारे दर्शन विशुद्ध-तजि करि परणति विरुद्ध प्रवचन वत्सल सुबुद्धि आदिक अब फुरि कै ॥टेक॥

तीर्थंकर प्रकृत सार-ताकी पद देनहार आराधन युत संभारि अपनी उर कुरिकै। जिन पद अरविंद सेव सतगुरुकी सरण लेय, आगमभोचत्तदेय, टूटैंअघचुरिकैं। भरम्यो चऊंगति संसार, नैनानंद सुनलेयार, ज्ञानधनकी देहटार, भागेमति उरकें। भागैंकु छसिद्धनांहि, देनूभव बिगरजांय, भरमेंगोफेरफेर, रोरोझुरिझुरिकै ॥८॥

अथ—पंच परम इष्ट नवकार मंत्रकूं निरंतर ध्यावनेका उपदेश और पंच पद गर्भित धुर पद।

चेतरे अचेत मीत, खोनों चिरकाल बीत, तजिकैं परनाद रीति, अब तो तू जागरे ॥टेक॥

भजले परब्रह्म रूप, अर्हंनू सर्वज्ञ भूप, सिद्धनके गुण अनूप चितवनमें लागरे। आचारज उवझाय साधुन पदवीस न्याय, वेको छुड़वाय, उष्ट विषयन सूं भागरे। हिंसा अरझूंठनापि, मत कर चोरी मिलाप, मैथुन विरकारिषाप, तृष्णा अग त्यागरे।

पांचों पद ध्याय, पंच पापतैं पलाय, अबपूरी करि नींद, नांहि आवैंगे कागरे ॥९॥

अथ—उपदेश निमित्त संसारिक स्वांग व्यवस्थाका निरूपण। धुर ॥पद॥

देखरे अज्ञान मौन, तेरो जगमांहि कौन, कीने सब स्वांग तौन, तोमन अपनायो ॥टेक॥

देय कैनि गोद जाय, प्रभिकी अप तेजकाय, तर वर थिर थिर भ्रमाय, चऊं गति भरिआयो। सुर नर पशु नर्क थान, कद ऊद लिषाये बिमान, कब ऊका नरपति प्रधान, कट क्रम कहलायो। कब ऊ स्वंयधि थंभ ठाठ, तनको उपराय खाठ, कब ऊठ पंखाठ, पसल भक्षणकूं पायो अब ता नर चेति चेति, विषयन बिरदारि रेत, पीठर परकाश, तूहै धिहूनीको आयो ॥१०॥

अथ—सम्यक दृष्टि पुरुषनिकी निर्द्वंद अवस्था रूप निर्विकल्प महिमाकूं नमस्कारका धुर पद ॥प्रारंभ॥

वंदूं समकित निधान, जिनपतिके नंद जान, नंदन वनकी समान, सबकूं सुखकारी ॥टेक॥

जिनके घटमांहि राज, समकयोवन ज्ञान गाज, समर समई वृष्टि तृपा नव टारी। अनुभव अंकूर फूटि, शांसे गुणकी प्रटूटि, चारित रुपि ब्रह्मभाव, शाखा विस्तारी। सुव्रत पुष्पोन्माव, करिकैं जिन नप प्रतीत, शिव फलमें धारिनीत, पर परणति छारी। करुणा छायापसार, भोगी जोगी अपार, ठाडे भव वन मंझार, निर्भय अधिकारी ॥११॥

पुनःसम्यग्दृष्टिनके निर्विकल्प विचारका वर्णन धुरपद ॥

वंदो नम क्षोठ गोठ, दर्शनके हैं झकोठ, मेरी महिमां अडोठ, चेतन अविनाशी ॥टेक॥

लघु गुरु मम रूप नांहि, मृदु कठिन सरूप नांहि, हिम उष्ण सरूप नांहि, रूक्षनचिक नांही। खट रस अन मिष्ट खार,

चर्चेतन कषायसार, कटुकन दुर्गंधगंध, श्यामन पीताखी। हरितन आरक्त खेत, धूपन तम ज्योति देत, शब्दन सुर नर परेत, नर्क नभ नवासी। जल थल बिल नभ चरीन, त्रिय पुंसन-पुंसकीन, सम्यक्दृष्टि भाखी ॥१२॥ पुनः

सम्यग्दृष्टिनके निरवीकल्प सम्यक्तको नमस्कारका धुर पद। ताका आशय ऐसा है जो मैं पंच जड द्रव्यनितैं भिन्न एक अखण्ड स्वरूप चैतन्य चिद्रूपस्वरूप न्यारा जीव द्रव्य हू इन पंच द्रव्यनिका भेषी हूं ये मेरेतैं भिन्न हैं ॥पद॥

धर्मीन अधर्मपाल, जनमें आकाश काल, पुद्गलसें भिन्न एक चेतन चिद्धारी ॥टेक॥

पर जय गति थिति धरंत, त्रिभुवन नभ मैंभ्रमंत, त्रिपणी खोहि सब वहंत, क्रय धाव पधारी मूजल जन तम वाय, दो विध तर वरन काय, जिनके त्रय रूप नांहि, इन्द्रिय सब न्यारी। सबहैं सान मेल खेल, जैसे तिल मांहि तेल, पावक पाषाण, जेम हमरो विधि सारी। ऐसे विज्ञान भानु, दग सुख महिमा निधान, तिनकूं जुगजोरि पान, वंदन बिस्तारी ॥१३॥ अथ

अभव्य मिथ्यादृष्टीकी व्यवस्था राग चहरंग खम्मा चका ॥पद॥

षट दर्शनकी बात बनावै, बानी ग्यारह अंग सुनावै, गाढो समकित कब ऊन आवै। षट दर्शनकी बात ॥टेक॥

जीवके सरूप मद्धि दौर धूप होय, तातैं गिर गिर, गिर गिर, गिर गिर नव ग्रीवतैं आवैं॥ षट दर्शनकी बात बनावै। बानी ग्यारह अंग सुनावै, गाढो समकित कब ऊन आवै, षट दर्शनकी ॥१॥

शंसय बिमोह बिपरीत तान जाय। नैनानंद आगम विभावमें, श्रद्धावाना श्रद्धावाना। श्रद्धावाहीन पावै। षट

दर्शनको । बानी ग्यारह अंगसु० गाढो समकित, पट दर्शनको० ॥१४॥ पुनः

चतरंग खम्माचरागका जीवनकुं पंच पापके त्यागका उपदेश है । जिनोने नहीं त्यागे तिनकी कथा है ॥ और इस रागमें कट पटे बोल होते हैं सो जैसा यह राग है तैसैंही शब्द रखे गये हैं । इसमें ताळकी बारीकी गंधर्वोने रुडो मरोडसे रखी है सोजानोगे खम्माचरे मन जैन धरम ना बिसारे, पंच पाप तजि देरे प्यारे, पापिनके सुन चरित असारे, रेमन जैन धरम ना बिसारे ॥टेक॥

झूंठा तन झूंठी माया च्यारूं गतिमें तू फिर आया । उरध मध्य पताळ-गतागत-नट नाटक किये स्वांग अपारे । अरे मन जैन धरम; पंचपाप त०; पापिनके सुनिच० ॥१॥ जीवनकी हिंसा करि, ब्रह्मदत्त आदि, मरिमरि, मरिमरि, मरिमरि, मरि मरि नरक सिधारे । रे मन जैन धरम; पंचपाप; पापिनके ॥२॥ वसु झूंठ सेती फाटी नरक हग भूमि; टूट्यो आसन तत्काळ, गयो सातवीं पताळ, वेदन पाई हैं कमाळ, कर मुष भये कारे । अरे मन; पंच पापत; पापिनके ॥३॥ चोरी करी लंकपति गये नर्क घोर, धिग धिग धिग धिग धिग धिग धिग धिग जगत उचारे । अरे मन; पंचपाप; पापिनके ॥४॥ कीचकसे पर नारी कारन, भीमसेनने सांग खेळके, रेळ पेळके, धुमत काळ दे मारे । अरे मन; पंचपाप; पापिनके ॥५॥ तृष्णा करि बहुत नर्क सिधारे, कौन कहै तिनके दुःख सारे, छिन छिन पळ पळ तन धन बिनसै हगसुख अब उरझो सुरझारे । अरे मन; पंचपाप; पापिनके ॥६॥ ॥१५॥

अथ अर्हंतदेवोंकी स्तुतिमें राग बरवेका तर्जना प्रारम्भः ।

हे दादाजी जगजनतारण, शरणा तेरी आये । पकरकर

तारो मोहि भगतजनजी। हे दाताजी भगजनतारन, शरण तेरी आये ॥टेक०॥

तारोजी तारोजी तारोभवदधि अपार। अन्तरजामी काटो मोरी फन्द, मैं बहु दुख पाये। हे दाताजी पकरकर तारो मोहि। १॥

धिगतकर्म, धुवबिट बिषयन बिकार। शिवपथ गामी, कीज्यो दीनबन्धु, रहे॰र जीत्याजये। हे दाताजी, पकर-कर तारो ॥२॥

अटक तोरि, मोहि झटपट निकार, भरल्यों हामी। निरखग अदंबमा मन भावे। हे दाताजी, पकरकर तारो मोहि ॥ ३ ॥

अनघ अघ घ घ घ धुनि सुनि तुमार। भग परणामी, भाषे दग सुख तेरी सेव सुहावे। हे दाताजी, पकरकर तारो ॥४॥ ॥इति॥

पुनः अर्हंतदेवोंके सर्वोत्कृष्ट ज्ञानकी महिमा रूप स्तुतिमें अरु चेतन्यका भिनत्व निरूपन रूप करवे रागका तर्राना दूजा प्ररंभः।

परजीवऽजीव नाना बिधि बिगत बिरुधा। गोत्तमादीन निरूपैं निशदिन सुन्दर भारी बानी ॥ टेक॥

अपनू रूप चेतन निशदिन चितारना अकजाई। भापैं जैन वैन वरद ज्ञानी। परजी बाजा बनाना गौत्तमा दीननि रूपैं। गत गत गत प्यार भये जगमें अनादि, ना सुरकाई, राधी उरझेर, नाकी पमानी। जबा जीव। गोत्तमादीन ॥२॥

अपनी बिद्धि, आपापर बिचार कीया। और न कोईया-मैंने न सुख न तेरी हानी। परजीवा जीव नाना बिधि बिगत बिरुधा। गोत्तमादीन निरूपैं निशदिन सुन्दर भारी बानी ॥३॥

अथ शूल नामा तालमें शुद्धात्माका निर्देश निरूपण पद लिख्यते । यह बडी कठिन ताल है बड़े गांधर्व इसके भेद कूं जाने हैं । गोप्य विद्या है । साक्षात स्वरूप कागदपर लिखा नहीं जाता । कण्ठ स्वर और हृदयका सपायसैं श्रवण गोचर जात है ॥शूलताल॥

आतम दरबको भेद न पायो पर परणतिकर, ये नर जन्म गंवायो आतमदरबको ॥टेक॥ भरम भगलमय पंच दरबफंधि, नटवत् नवरस रूमें रचायो । आतम दरबको पर परणति कर ॥१॥

सपरस रस अर गंधवरण स्वर इनतैं पर निज क्यों न लखायो । आतम दरबको पर परणति० ॥२॥

वंश अगनि ज्योंदधिमें घृतत्यों, किन तिल तेल जतन बिन पायो । आतम दरबको-पर परणति० ॥३॥

तजि परपंचन माटी कंचन ढूंढि निरंजन सतगुरु गायो । आतम दरबको-पर परणति० ॥४॥

दृग सुख चिंघ न दाह निकन्दन अताल करि ज्ञान सुनायो । आतम दरबको पर परणति ॥५॥

लख दपाय करि अनेक मुनि नर्क गये तिनका दृष्टांत देकर भाव प्रभृत ग्रन्थानुसार शुद्ध आतमाका अनुभव करनेका उपदेश रूप राग भरमा धनाश्रीमें तिलवाड़ेकी आडीतालका वर्णन यद्यपि यह ताल भी श्रवण गोचर रहै । तथापि बहुधा गांधर्व लोग जाने हैं ।

पद-हे अनारी नरचेतनकूं सुधध्याय ॥ टेक० ॥

विपय भोग विडम्बनासैं क्षेमित मीत हटाय । हाड चावत गाल फटत स्वान समनव गाय । हे अनारी० ॥१॥ बाहु मुनिसे नर्क पहुँचे धारि तैजस काय । फूंकि दण्डक भूपकूं रहे जगतमें अटकाय । हे अनारी० ॥२॥

भ्रष्ट होय वशिष्टसे मधु कपिलसे मुनिराय। अंग्येदरि कुछ खगर बोव्यो रहे आप डूबाय। हे अनारी० ॥३॥

ऋगय जुर साम अथ वर्णाहिक भगल वेद बनाय। दिये स्वर्ग बात दिखाय जीव अनन्त दिये भरमार॥ हे अनारी ॥४॥

डूबे दिया शागसे परायण द्वारिका भरमाय। सो विरट वचन अतीत गौतम नर्कमें परे जाय। हे अनारी ॥५॥

विठलुस परिग्रह तजि तपोधन छिन स्वरूप पहिगाय। हा कष्ट तिनकी यह दशा कहां शरण है न सहाय। हे अनारी ॥६॥

मुनि कुन्दकुन्द स्वभाव प्रभृत कही सीख सुनाय। दग सुख तुख अरु माळखि शिवमूति खम सुरझाय। हे अनारी नर चेत कू बुध धाय।७॥ इति ॥१९॥

पर्वेत्रोनसे विषयभोगनकी आशातैं निराश होनेकूं शरीरका ममत्त छुड़ायनेका निर्देशकर रागधानीमें तालतें लिगको लिखया है।

अरे नर तनको मोह न कर रे तू चेतन यह जर रे।
अरे नर तनको मोह न कर रे।।टेक॥
अपर अपोषि विषैकूं चाहै सो मोरी रही पर रे।
अरे नर तनको मोह न कर रे॥ तू चेतन यह जर रे॥१॥
रसना बयान भव्यो या जगमें सब पुद्गल किये परे।
अरे नरतन०॥ तू चेतन०॥२॥
नाक फांक मत फूल धुसेरै, रही बिनक सूंभर रे।
अरे मनन रतनको मोह न कर रे॥ तू चेतन०॥३॥
जिन आंखन पर गौरी निरखै, खोडो ढौर ही हर रे॥
अरे मन०॥ तू चेतन०॥४॥
धर्मकथा सुनि मोखन चाहै, तो एवानक तर रे।
अरे मन नरतनको मोह न कर रे॥ तू चेतन०॥५॥

तू निरंजन है भय भंजन, वनको टनको धार रे।

अरे मन नर० ॥ तू चेतन० ॥६॥

दर्पिवत् मणि पटमाव निराली, भापव हैं सतगुरु रे।

अरे मन० ॥ तू चेतन० ॥७॥

दृग सुख होय चिदातम दरशन, भवसागरसूं तर रे।

अरे मन तन० ॥ तू चेतन० ॥८॥

दादरेकी तालमें राग दादरेमें पद जिनवानीका।

अरे जीवका कल्याण सदा जैन वानी रे।

जैन बानी जैन बानी जैन बानी रे ॥ अरे जीवका कल्याण। टेक॥

शंसयादि दोष हरे मोहकूं निर्मूल करे। सो पदार्थ नंदनं मनं समानी रे। अरे जीवका कल्यान सदा जैन बानी रे।

अरे जीव० ॥ जैनबानी जैन० ॥१॥

कर्मजाल भेदनी है भर्मकी उच्छेदनी। वस्तुके स्वरूपकी है लाभ दानी रे। अरे जीवका कल्याण जैन बानी रे।

जैनबानी जैन० ॥२॥

वस्तुकूं विचार जीव पार होत हैं सदेव। केवलादि ज्ञानकी कला निधानी रे। अरे जीवका कल्याण सदा जैनवानी रे।

जैनबानी० ॥३॥

नैन सुख अन्तकालमें करैं सबै निहाल। नाग नाग स्वान किये स्वर्ग बानी रे। अरे जीवका कल्याण सदा जैन बानी रे।

जैनबानी जैन० ॥४॥

इतिश्री नयनानंद यति कृत विलास संग्रह मंगलाचरण चौवीस तथा तेरह धुरपद दोय चतरंग दोय तराने और तीन प्रकार ताल तथा दादरताल प्रमुख वर्णनो नाम द्वितीयोऽध्यायः सम्पूर्णम् ॥२॥

तीसरा अध्याय

ॐ नमः सिद्धेभ्यः। अथ चौबीसी पचासा नाम तृतियोऽध्याय प्रारम्भः।

तत्रादौ श्री ऋषभावतारके वर्णनमें भजन हजूरी रागका लंगडा प्रभात ढाई घड़ी दिन चढे तक गाया जायगा।

अब तो सखी दिननीके आए आदीश्वर लीनो अवतार ॥टेक॥
सर्वारथ सिद्ध तैं चय आये मरुदेवी माता उर धार।
नाभि नृपति घर बटत बधाई आज अजुध्या नगर मझार॥
अब तो० ॥१॥

सुखम दुखममें तीन बरष अरु शेष रहे वसु मास पखार।
अब तो जाग जाग मोरी आली हिलमिल गावैं मंगलचार॥
अब तो० ॥२॥

पुन्य उदयतैं नरभव पायो अरु पायो उत्तम कुल सार।
धर्मतीर्थ करता गुरु पाये अब कटि हैं सब कर्म विकार॥
अब तो० ॥३॥

स्वयं बुद्ध पूरण परमेश्वर मोक्ष पन्थ दरसावन हार।
नैन सुख मन वचन काय कर नमूं नमूं वसु अंगप धार॥
अब तो० ॥४॥

इति भजन श्री अजितनाथ अवतारका है हजूरी रागनी भैरवोकी ढाई घड़ी दिन चढ़ेसे पांच घड़ी दिन चढ़े तक गाते हैं।

अजित कथा सुनि हरष भयोरी ॥टेक॥

विजय विमाण त्यागके प्रभुजी चजे अमावस मा निरधी।
माघ सुदी दशमी नवमीकूं जनम तथा जग त्याग कियोरी॥
अजित० ॥१॥

जित रिपु तात मात विजयादेनगर अजुध्या दरश दिया।

जाके चरणचिह्न गाज पतिको ढौंच शतक तन तुंग भयोरी ॥
अजित० ॥२॥

लाख बहत्तर पूरब आयू इन्द्रन पांच कल्याण कियो ।
पोष शुक्ल एकादशि अब सरब ज्ञचराचर बोध भयोरी ॥
अजित दशा० ॥३॥

मधु शित पांचैं कूं शिव पाई भवि अनंत उद्धार कियो ।
नैन सुख दीन ध्याउ तिऊं जगमें भो जिनवर जयवन्त भयोरी ॥
अजित० ॥४॥

इति सम्भवनाथ अवतारके वर्णनमें पद हजूरी है राग बिलावल पांच घड़ी दिन चढ़ेसे ७॥ साढ़ेसात घड़ी दिन चढ़े तक गाते हैं ।

सम्भवनाथ हरो मम आरत आप कहे प्रभु चरण तुम्हारे ॥टेक॥
तुम बिन कौन हरे मम पातिग तुम बिन कौन सहायक हमारे ।
धनुष च्यार शत मूरत तुमरी निरखत उपजत हरष अपारे ॥
सम्भवनाथ० ॥१॥

सुनियत जन्मपुरी सावत्थो सुनियत घोटक चिह्न तुम्हारे ।
पिता जितारथ सेना माता साठ लाख पूरब थित धारे ॥
नैन सुख देख दिगम्बर तुमकों और लगैं सब देव उगारे ।
सम्भवनाथ० ॥२॥

इति अभिनन्दननाथ अवतारके वर्णनमें भजन हजूरी रागनी झोठो साढ़ेसात घड़ी दिन चढ़े तक गाते है ।

जै जै जै संवर नृपनन्दन अभिनन्दन जिन जगत अधार ॥टेक॥
विजै विमाण त्याग तुम आये, सिद्ध अर्थाके गर्भ मंझार ।
जन्मे माघसुदी द्वादशी कूं, नगर अजुध्या सुखदातार ॥ जै जै०॥१
जिस दिन जन्म उसी दिन दीक्षा, ज्ञान पोष बदी चौथ अपार ।
भये सिद्ध वैशाख सुदी छट, पूरब लाखपचास उमार ॥जै जै०॥२
धनुष तीनसे साढ़े काया स्वर्ण वर्ण कपि चिन्ह तुमार ।

तुम इक्ष्वाकुवंशके भूषण सुरनर गावत, सुजस अपार ॥जै जै०॥३
नयनानंद भया अब मेरे देख दिगम्बर मुद्रा सार।
सुन सुन वचन विगत मळ तुमरे होने कुगुरु कुदेव निवार ॥
जै जै जै० ॥ ४ ॥

इति सुमतिनाथ अवतारके वर्णनमें भजन हजूरी है, रागनी जोगिया असावरी है दश घडो दिन चढ़ेसे साढ़े बारा घडो दिन चढे तक गाते हैं।

तुम कुमति विनाशन हारे, सुमति जिन कुमति विनाशन हारे ॥ टेक ॥

तात सुमेघ मंगला माता, खग पग कौंच तुम्हारे।
लीन्यो जनम अजुध्या नगरी, इक्ष्वाक मझारे ॥
सुमति जिन कुमति विनाशन हारे ॥ तुम कुमति० ॥१॥
धनुष तीनसै तुंग प्रभु तुम सब भव भोग विसारे।
कर्म घातिया तोड़ि छिनकमें, लोकालोक निहारे ॥
सुमति जिन कुमति विनाशन हारे। तुम कुमति० ॥२॥
विश्व तत्व ज्ञायक जगनायक जीव अनन्त उधारे।
तिन कारण भ्राता जगत्राता, हम सुख शरण तिहारे ॥
सुमति जिन कुमति विनाशन हारे। तुम कुमति० ॥३॥

इति पद्म प्रभु अवतारके वर्णनमें भजन हजूरी है, राग भैरुंवर साढे बारा घडी दिन चढेसे १५ घडी दिन घडी दिन चढ़े तक गाया जायगा।

चन्दनकूं प्रभु वन्दनकूं, हम आये पद्मप्रभ वन्दनकूं ॥टेक॥

जन्म लियो कौशांबी नगरी, भविजन पाप निकन्दनकूं। हम आये हैं पद्मप्रभ वन्दनकूं ॥१॥ मातसु सोमा गोद खिलाये, पूजूं धारण चन्दनकूं। हम आये हैं ॥२॥ वंश इक्ष्वाक कृतार्थ कीनो, दूर किये दुःख खण्डनकूं। हम आये हैं० ॥३॥ मैना नंदन है सुन स्वामी, काट मेरे भव फन्दनकूं। हम आये हैं

पद्मप्रभ वंदनकूं, प्रभो वंदनकूं पूजनकूं । हम आये हैं पद्मप्रभ० ॥४॥

इति श्री सुपार्श्वनाथ अवतारका भजन हजूरी है, राग सारंग ठीक मध्याह्नसे लेकर साढ़े ग्यारा घडी दिन चढ़े तक गाते हैं ।

देव सुपारस ध्याइये, अरे मन देव सुपारस ध्याइये ॥ टेक ॥
भव आताप निवारण कारण, घसि घनसार चढाइये । अरे०॥१॥
अक्षत ले प्रभु चरण चढाओ, तुरत अषयपद पाइये । अरे०॥२॥
भरि पुष्पांजलि पूजन कीजे, मदकंदर्प नशाइये ॥ अरे मन०॥३॥
अपनी क्षुधा हरनके कारण, उत्तम चरु धर ध्याइये । अरे०॥४॥
नाशे मोह महातम भागे, दीपग ज्योति जगाइये । अरे०॥५॥
करमबंध विध्वंस करनकूं, धूप दशांग जराइये । अरे मन०॥६॥
फलतैं फल शिवपदको पावैं, नेनानन्द गुण गाइये अरे मन०। ७॥

इति चन्द्रप्रभ अवतारका भजन हजूरी है, राग पीलू पंजाबी ठुमरी है साढ़े ग्यारा घडी दिन चढ़ेसैं २० घडी तक गाते हैं ।

दिल लागा मेंडावे, भला दिल लागा मेंडावे ।
श्री चन्दा प्रभु दे नाले, दिल लागा मेंडावे ।।टेक॥
भवि अनन्त उद्धार कियो तुम, ऐसे दीन दयाले ।
दिल लागा मेंडावे, श्री चन्दा० ॥१॥
जाके वचन सुनत भय भागैं, टूट पड़ैं अघजाले ।
दिल लागा० श्री चन्दा० ॥२॥
दरस देख मोरे नैन सुफल भये, चरण परसकै भाले ।
दिल लागा० श्री चन्दा० ॥४॥
गुण समरत भयो जनम सफल अरु पुन्य कलपतरु हाले ।
दिल लागा० श्री चन्दा० ॥४॥

कहत नैनसुख भवसागरसैं, हे प्रभु वेग निकाले।
दिल लागा मैंडावे, भला दिल लागा मैंडावे ॥ श्री० ॥५॥

इति श्री पुष्पदन्त अवतारके वर्णनमें हजूरी है, बीस घड़ी दिन चढ़ेसे २२॥ घड़ी दिन चढे तक गाया जायगा, राग खमाच चरचा है।

गावोरी अनंद बधाई मेरी आली पुष्पदन्त जिन जनम लियो है ॥टेक॥

काकन्दीपुर रामादे उर वैजयंतसेती आ तिष्ठयो है। गावोरी०॥१॥
वंश इक्ष्वाक सुफल कियो आने, कुल सुग्रीव कृतार्थ भयो है।
गावोरी० ॥२॥
सकल सुरासुर पूजन आये, सुरगिरपै अभिषेक कियो है।
गावोरी० ॥३॥
नैनानन्द धन धनवे प्राणो, जिन प्रभु भक्ति सुधांबु पियो है।
गावोरी अनन्द बधाई मेरी आली पुष्पदन्त० ॥४॥

इति श्री शीतलनाथ अवतारके वर्णनमें भजन हजूरी है, २२॥ घड़ी दिन चढ़ेसे २५ घड़ी दिन चढे तक गाया जाय है। झंझोटी है जिला है।

हे परखिके मूरति शीतलकी। मेरा शीतल ऊवा शरीर।
परखिके० ॥टेक॥
परमानन्द घटा उर छाई। बरसे आनन्द नीर ॥परखिके० ॥१॥
भागोजन मनन नमकी मेरी भवतृष्णाकी पीर।
परखिके० ॥हे मेरा० ॥२॥
मुद्रा शांति निरखि भय भागे, ज्यों घन लगत समीर। पर० ॥
हे मेरा शीतल हुवा शरीर। परखिके ॥३॥
दास नैनसुख यह वर मांगे हरो नाथ भवपीर। परखिके मूरति शीतलकी। मेरा शीतल ॥४॥

इति श्रेयांसनाथ अवतारका भजन हजूरी है रागनी झंझो-टीकी है पच्चीस घड़ी दिन चढ़ेसे साढ़े सताईस घड़ी दिन चढ़े तक गाते हैं।

श्री श्रेयांस जिनेश्वरने अग्नि सकल करमदल दरेदरे।

सजि संजम संजाहमहाभट घोर घरा पग धरे धरे। छिमा ढाल समभाव पहनले आठकरम संग अरे अरे। श्री श्रेयांस० ॥ १ ॥

देख अनन्तपदकी जगनायक च्यारों घायक टरे टरे। च्यार अघायक शक्ति बिना बिन मारे आपहि मरे मरे श्री श्रेयांस० ॥ २ ॥

निज अनुभूति परी पर साधन ता कारन अग्नि बरे बरे। सब भाई अपने करमें तब सकल मनोरथ सरे सरे श्री श्रेयांस० ॥ ३ ॥

जे जेकार भयो त्रिभुवनमें इन्द्रादिक पग परे परे। नैनानंद मन वचन काय सूं दिवकर वन्दन करे करे। श्री श्रेयांस० ॥ ४ ॥

श्री वासुपूज्यावतारका भजन हजूरी है राग जंगलेका ठुमरी है साढ़े सत्ताईस घड़ी दिन चढ़े तैंतीस घड़ी दिन चढ़े तक गाया जाता है हर वक्तका।

पूजत क्यों नहिरे मतिमन्द। वासुपूज्य जिन पद अरविन्द। पूजत क्यों ॥ टेक० ॥

बालब्रह्मचारी अविकारी परम दिगम्बर मुद्राधारी। दुविध परिग्रह संगत ज्योजित। गुण अनन्त सुख सम्पति सिंधु। पूजत क्यों ॥ १ ॥

ध्याता ध्येयं ध्यान विभासी। ज्ञाता ज्ञेयं ज्ञान प्रकाशी। पापा तिक्त विमुक्त महोधं। तारण तरण सहज निर्द्वन्द। पूजत क्यों ॥ २ ॥

महिमा वर्णत गणधर हारे। वचन अगोचर हैं गुण सारे।
र छत्र खात अनम ढग दरसें। भामण्डल अतिसे चमलंत।
पूजत क्यों ॥ ३ ॥

प्रातिहार्य व सुमंगल दर्व। सेवत सुरनर मुनिगण सर्व।
पांच बार जाहि पूजन आये। चंपापुर सुर इन्द्र फनेन्द्र।
पूजत क्यों ॥ ४ ॥

वासुदेव कुलचन्द्र उजागर। जयो जयावति सुत गुननागर।
हग सुख वीतराग लखि तुमकूं। आये शरण काटिभव फन्द।
पूजत क्यों नहिरे मतिमन्द। वासुपूज्य जिनपद अरविंद।
पूजत क्यों नहिरे मतिमन्द ॥ ५ ॥

बिमलनाथ अवतारका भजन हजूरी है, राग नोधनाखरी
चाल है। तीस घडी दिन चढेसे लेकर साढे बतीस घडी दिन
चढे तक गाते हैं।

अब मोहि बिमल करो। हे विमल जिन अब मोहि
विमल करो ॥ टेक० ॥

परम सुधा रस प्याय जगतगुरु विषय कलंक हरो।
वीतरागता भाव प्रकाशो शिवमग मांहि धरो। हे विमल जिन
अब मोहि विमल करो ॥ १ ॥

तुम सेवाको यह फल चाहूं क्रोध कषाय टरो, माया मान
लोभकी परणतिये जग जाल जरा। हे विमल जिन० ॥ २ ॥

जबलग जगत भ्रमण नहि छूटे ऐसो टेव परो, जबै देव
परम गुरु सेऊ नयनानंद भरो, हे विमल० ॥ ३ ॥

श्री अनंतनाथ अवतारका भजन हजुरी है, रागनाधानी गौरीके
जिलेमें गजलके तौर है। ३२ घडी दिन चढ़े पीछे ३५ घडी
दिन चढ़े तक सूर्यअस्त होने पहिले अरू पाछै भी गाते हैं।

स्वामी अनंतनाथ चरनोंके तेरे चेरे हैं ॥ टेक०

येता करोन तेरी तक मोर है ए मेरीजी, तुमको नहीं है चाह पापोंने हमको घेरे हैं। स्वामी० ॥१॥

बिभ्रम मुझे जो आया संगेने फिर भ्रमायाजी, पकड़ी कर मने बांह देशाखेंसे गेरे हैं। स्वामी० ॥२॥

करता हूँ तेरी आशा, मेटो जगतका बासाजी, तुम हो त्रलोक सहाय, संजमके माव मेरे हैं। स्वामी० ॥३॥

चरनोंमें रख लीजे आनंद नैनदीजेजी, अब तो बतादो राह, जैसे हैं तैसे तेरे हैं, स्वामी अनन्तनाथ चरनोंके तेरे चेरे हैं स्वामी अनन्तनाथ ॥ ४ ॥

इतो श्री धर्मनाथ अवतारका भजन हजूरी है, राम स्याम कल्याण दिन छिपे पीछे गाया जायगा गोधुल समयसै।

तारधनी अब मोहि जगतसे, तारधनी। टेक०॥

भटकत भटकत भवसागरमें, भोगी त्रिविध बिपताधनी
अब मोहि० ॥१॥

लख चौरासी जो दुःख देखे सो बिपता नहि आयगिनी।
अब मोहि० ॥२॥

धर्मनाथ प्रभु नाम तिहारो, धरम दरो मोपै आनिबनी।
अब मोहि० ॥३॥

कर उद्धारनिकार जगतसें, दग सुलभक्ति बिधान भनी।
अब मोहि० ॥ ४ ॥

इति शांतिनाथ अवतारका भजन हजूरी है, राग जीयम्माचको ठुमरी है। घंटाभर रात गये पीछें पांच घड़ी रात गये तक गाते हैं।

पद–हमारी प्रभु शांतसैं लगन लागीरे, हो बिघन गये भजिके। प्रभुके पद जजिके, हमारी प्रभु शांतसैं लगन लागीरे ॥ टेक० ॥

जीव अजीव सकल दरसन कीनो, बखानी गुण परजै ।
अनघ धुनि गरजै । हमारो प्रभु शांत० ॥ १ ॥

सब भाषमय बचन प्रभुकेजी, सबोंके मन भावैं, भरम
मिटावै । हमारो० हो बिचन गये० ॥ २ ॥

बिन कारन जगजन्तु उबारे जो, नयन सुखदाता, सबोंके
जग त्राताजी । हमारो० बिचन० ॥ ३ ॥

कुन्थनाथ अवतारका भजन हजूरी है, राग पुनः खम्माचकी
ठुमरी ५ घडी रात गयेसे ७॥ घ० ।

आज आली श्रीमती जननि सुत जायोरी, आज आली
श्रीमती० ॥टेक॥

सोम बंश हथनापुर नगरी, सूरज नृप सुख पायोरी ।
आज आली० ॥१॥

लख ओसन गज सजिके सुरपति, उत्सवकूं उमगायोरी ।
आज आली० ॥२॥

पांडुक बन सिंहासन ऊपर, क्षीरोदधि जल न्हायोरी ।
आज आली० ॥३॥

कुन्थु कुन्थु कहि संस्तुति कीनो, तांडव निरत करायोरी ।
आज आली० ॥४॥

सखियन मिल जिन मंगल गाये, मोतियन चौक पुरायोरी ।
आज आली० ॥५॥

सौंप पिता जननि गयो सुरपति, नैनानंद गुण गायोरी ।
आज आली श्रीमती० ॥६॥

इति श्री अरहनाथ अवतारका भजन हजूरी है साढ़े सात
घडी रात गयेसैं दश घडी रात गये तक गाते हैं ।

राग देशखाम है ठोई प्रारम्भः ।

तुम सुनोरी सुहागन चतुर नार, अरहनाथ प्रभु भये वैरागी ॥टेक॥
सखि लख चौरासी गयंद तजे, जो कंचन मणियन माल सजे ।

तजि घोटक ठारा कोड़ पखो, अठ ग्रानवें पदम त्रिया त्यागी ॥
तुम सुनोरी० ॥१॥

मणि चौदह रतन विचार दिये, अरु पंचमहाव्रत धारि लिये ।
तजि वस्त्राभूषण जोग लियो, भये परम धरममें अनुरागी ॥
तुम सुनोरी० ॥२॥

सखि निरख निरख पग गमन कियो, ममता घर धरम बिपाक दह्यो । चलो परम पुरुषके वन्दनकूं, अब केवलज्ञान कला जगी ॥ तुम सुनोरी० ॥३॥

हथनापुर तीरथ प्रगट करयो, जहांपर भजन मत पखान करयो । नयनानंद पावन ध्यान परयो, बाहीके चरनसूं लौ लागी ॥ तुम सुनोरी ॥४॥

इति श्री मल्लिनाथ तथपारका भजन हजूरी है; रागनी सोरठ खास अर्द्धरात्रि मध्यमें गाते हैं।

थे देखो लाठोरी मल्लिनाथ कुमार, हे थे देखो० ॥टेक॥

माता जाकी प्रभावतीदेवी, हैजी तात कुम्भ भूपाल । त्यागो सब परिवार ॥ थे देखो० ॥१॥

तजि मिथलापुर जोग लियो, हैरी वंश इक्ष्वाक दिसार । कीनो भुवन बिहार । थे देखो० । २ ।

भोग्यो राज न ब्याह न कीनोरी, बाल ब्रह्म पद धार । कीनो कर्म उजार । थे देखो० ॥३॥

कहत नैनसुख जोग जुगतिसें, रोप ऊंचे मुक्ति मंझार । नाचो मंगलाचार । थे देखो० ॥

इति श्री मुनिसुव्रतनाथजीका राग विहाग अर्ध रात्रिके पाछी पर आधा घण्टा बजे तक गाते हैं।

अब सुध लेऊ हमारी मुनि सुव्रतस्वामी । अब० ॥टेक॥

तुमसो देव न जगमें, दूजो मैं दुखिया संसारी ।
मुनिसुव्रतस्वामी, अब सुध लेऊ हमारी ॥ १ ॥

तुम ही वैद्य धनन्तर कहियो, तुम ही मूल पसारी।
मुनिसुव्रत० अब० ॥२॥

घट घटकी सब तुम ही जानो कहा दिखाऊं नारी।
मुनिसुव्रत० अब ॥३॥

करम भरम मम रोग नसाओ, इन मोहि दुख दियो भारी।
मुनिसुव्रत० अब० ॥४॥

तुम जगजीव अनन्त उधारे, अबके पार हमारी।
मुनिसुव्रत० अद० ॥५॥

रग सुख तारन तरन निरखके, आयो शरण तिहारी।
मुनिसुव्रतस्वामी, अब सुध लेऊ हमारी। मुनिसुव्र० ॥६॥

इति नमिनाथ अवतारका भजन हजूरी है, रागनी जैजैवंती है, आधी रात पर एक बजे पीछे दो बजे तक तथा एक घण्टा गाते हैं। पद।

कर बडभागन आकुल त्यागन नमि जिनपति तेरे पुत्र भयो है ॥टेक॥

तू सुख नींद मगन भई सोवत, हम प्रभु भक्ति सुधांबु पियो है। कर बडभागन० ॥१॥

जागऊ तात विजय रथ राजा, तुम कुल चन्द्र उद्योत कियो है।
कर बडभागन० ॥२॥

बरसत रतन सुवारस घर घर, मिथुला नगर दरिद्र गयो है।
कर बडभागन० ॥३॥

बिप्रा मात उठो सुन संस्तुति, फिर प्रभु गोद पसार लियो है।
कर बड० ॥४॥

नील कमल पगमांहि बिराजत, वंश इक्ष्वाक कृतार्थ कियो है।
कर बड० ॥५॥

दृग सुखदास आस भई पूरन, सब दुःख दन्द्वटार दियो है।
कर बढ० ॥६॥

इति नेमीनाथ भगवानका भजन हजूरी है, राग जंगला की मांडकी ठुमरी है, इसकूं जिला रजवाड़ा कहते हैं आधी रात पर दो बजेसे तीन बजे तक गाते हैं।

नेमी पियाके ढिग मोहि जान दे,
मैं वारी नेमी पियाके ढिग मोहि जान दे॥ टेक॥

झूठी काया झूठी माया झूठा सब संसार, झूठी जगकी ममता। मोहि करमोंके खेल मिटान दे, मैं वारी नेमी पियाके ढिग मोहि ढिग जान दे॥१॥

भजन करूँगी जोग धरूँगी, भजन जगतमें सार।
भजन बिना मैं बहु दुख पाये, मेरी भवबाधा मिट जान दे।
मैं वारी नेमी पियाके० ॥२॥

सब जग स्वारथका सगारी, अपना सगा न कोय।
अपना साथी धरम हैरी, भवसागरसे तिर जान दे॥
मैं वारी नेमी पियाके० ॥३॥

भोग बिना निरधन दुखीरी, तृष्णावश धनवान।
नेम बिना सब जग दुखी प्यारी, नेमीसे नेम ग्रहण दे॥
मैं वारी नेमी पियाके० ॥४॥

नेम छिपे नहुं तेजन सुरझे, मेरे नेम अधार।
दृग सुख राजल कहत सखी सुन, अब मोहि नेम ग्रहण दे॥
मैं वारी नेमी० ॥५॥

इति श्री पार्श्वनाथ भगवानका भजन हजूरी है, राग परज घण्टा भर रात बाकी रहेपर गाते हैं। पद हजूरी।

भजि भजिरे मन परम सुधारस। तजि भारसंपारक भगवान। भजि भजिरे मन० ॥टेक॥

होय कुधातुक गत जिम कंचन वचन सुनत मिट जाय अज्ञान। पूजत पद व सुद्दमें विनासे होय त्रिविध संकट अवसान। भजि भजिरे० ॥१॥
मंगल होय उदंगल विघटैं प्रगटैं ऋद्धि समृद्ध असमान। नाग भये धरणेंद्र छिनकमें बहुते जीव गये निर्वाण॥
भजि भजिरे० ॥२॥

अश्वसेन वामाकुल नंदन जग वंदन वचन विघटाना। प्राणत स्वर्ग थकी चय आये बानारसिपुर जन्मे ध्यान। भजि भजिरे ॥३॥

नव कर उच्च अजल वन तन पग पन्नग वंश इक्ष्वाक प्रमान। अवधि शताब्द धरण दुखदारुग। हरण कमठ शठ विघन वितान। भजि भजिरे० ॥४॥
विषम रूप भवकूप विषैं हम पावत हैं प्रभु दुःख महान। नयनानंद विरद सुनि तुमरो गावत भजन करो कल्यान॥
भजि भजिरे० ॥५॥

इति श्रीमान वर्द्धमान अंतम तीर्थंकरके निर्वाण समयका भजन हजूरी राग परज, घड़ीभरके तड़के गाते हैं दिन निक-लेसैं पहले॥

जय श्री वीर जयति महावीरं सन्मति दातार ॥टेक॥

वर्द्धमान तुमरो जस जगमें तुम अंतम तीर्थंकर सार। पंचम काल विषैं तुम शासन करत जग जीवन उद्धार॥
जय श्री वीर० ॥१॥
षोडश स्वर्गथकी चयआए षष्ठ सुक्ल कट गर्भ मंझार। चैत्र शुक्ल त्रयोदशिके अवसर कुण्डलपुर तुमरो अवतार॥
जय श्री वीर० ॥२॥
सिद्धारथ नृप बाप तुम्हारे त्रिशलादेवी मात तिहार। जात नाथ कनतुंग तुमारो नाथ वंशके तुम सिरदार॥
जय श्री वीर० ॥३॥

सिद्ध सिद्ध तुमरे पदको हैं माघ अमित द्वादशि जग छार।
स्वामी अमित वैभाव भये तुम पकड़ दरश दरसी इकबार॥
जय श्री वीर० ॥४॥

पावापुर सरवरपै प्रभु तुम ध्यान धरयो संजोग विचार।
कातिक कृष्णा चौदशकी निशा वश प्रावरी शिवनार॥
जय श्री वीर० ॥५॥

दुःखम सुखमके तीन वरष अरु शेष रहे वसुमा सजवार।
ता दिन तुम्हें रतन दीपकने पूजे सुरनर करि त्यौहार॥
जय श्री वीर० ॥६॥

छसै पांच वरष जब बीते तब विक्रम संवत् विस्तार।
जबलग रहै धरा नम मंडलनैनानंद जपो नवकार। जै श्री वीर जयति महावीरं सन्मति दातार॥७॥

इति श्री नयनानंद यति कृत विलास संग्रह चतुर्विंशति प्रस्तावा नाम तृतियोऽध्याय समाप्तम्॥३॥

चौथा अध्याय

ॐ नमः सिद्धेभ्यः। अथ गुरु भजनाष्टकका चतुर्थ अध्याय प्रारम्भः। पद गुरु स्तुतिका है। राग धरवा है।

कबधों मिलैं गुरुदेव हमारे, भरजोबन बनोवास विचारे ॥टेक॥

आतम लीन अनाकुल देखा, जाके सुमति बदे स्वयमेवा जी। कबधो० ॥१॥

परहित हेत वचन विस्तारैं, सो गुरु भव भय घरन हमारेजी। कबधौं० ॥२॥

प्रगट करैं शिव मारगनीका, बरस रह्यो मनुष मेघ अमीका। छमघौं० ॥३॥

वैरी मीत बराबर जाकै, कंचन कांच उपल समता कैसी।
छमघौं० ॥४॥

महल मसान दयाल सरीखे, जीवन मरन बराबर वीखे।
छमघौं० ॥५॥

करुणा अंगर तन अघधारी, नैयानंद वांछै धोक हमारी।
छमघो० ॥६॥

पद रौ गुरुदेवका राग भैरूं नर, चरनन मैंकी म्हारी लागी लगन। टेक।

धन्य घमंडल घरमें पीछो, मिले गुरु निरतारन तरन।
चरनन० ॥१॥

धर्में अर्थ काम इंद्रकूं, धारैं करुणा रूप लगन।
चरनन० ॥२॥

हितमित वचन धर्म उपदेशे, मानो बरसत मेघ भरन।
चरनन० ॥३॥

नैन नंदन मत है तिनकूं, जो नित आतम ध्यान मगन।
चरनन० ॥४॥

पद गुरु स्तुतिका रागनी जंगलाऊं कोठी सम्माद का किला ठुमरी पूर्वी।

हे बहनियां मेरो अंगना पावन भयोरी, हे दयाल गुरु आप कृपाल गुरु आपरी बहनिया मेरो। टेक।

मुक्तिपंथ दरसाव नहारेरी, हे रतनत्रय चार्में मयूर पिछ हाथैरी, गुन पतरर मंडल पावन भयोरी। हे बहन० ॥१।

गमन ईरजा करत पधारेरी, हे बिसारें मान माया, टारैं अटका यारी, चरन म्हारे आगम भवन भयोरी। बहन० ॥२॥

पांच प्रकार रतनकी धारारी बिबुध वृंदगेरैं, ये जै जै जै धुनि टेरैरी, सघनद्रग आनंद छावन भयोरी। महन० ॥३॥

इति पद गुरु उपगारका निर्देश रागनी बिरागारा खम्माचका जिला ठुमरी लखनऊ वालोंकी चलेकी ॥

हे भैय्या गुरुदेवन पैजा मांगियो, अजी वे तो परम दयाल, दुखित देख देंगे धरम सार, गुरु० ।टेक।

नगन भेष बनवास रहत हैं जी, देख मिटेंगे तेरे मन विकार। गुरुदेवन० ॥१॥

कंचन कांच बराबर जाके, मित्र बिरोधी जानें एक प्रकार, गुरुदेवन० ॥२॥

महल मसान समान गुरन केजो, जाप जपे हैं वे तो ॐकार। गुरुदेवन ॥३।

निगम निधान नैनसुख सागरजी क्यों न हरेंगे तेरो करम भार, गुरुदेवन पैजा मांगियो, हे भैय्या गुरुदेवन पैजा मांगियो, अजि वे तो दुखित देख देंगे धर्मसार। गुरुदेव० ॥४॥

पदगुरु कृत्य अर्थात् कर्मोंकूं कैसे जोतैं है रसोईका दृष्टांत है राग जंगला ठुमरी।

इक जोगी असन बनावे। तसु भषत असन अघन सन होत।
इकजोगी० ॥टेक॥

ज्ञान सुधारस जल भर ल्यावे, चूल्हा शील बनावे।
करम काष्टकूं चुग चुगवाले, ध्यान अगन प्रजलावेजी ॥
इकजोगी० ॥१॥

अनुभव भाजन निज गुण तंदुल, समता क्षीर मिलावे।
सोहं मिष्ट निशंकित व्यंजन, समकित छौंक लगावेजी ॥
इकजोगी० ॥ तसु भषत० ।२॥

स्याद्वाद सतभंग मसाले, गिणती पार न पावै।
निश्चयनयको चमचा फेरै, विरध भावना भावैगी॥
इकजोगी० ॥३॥
आप पकावै आप हि खावै, खावत नाहि अघावै।
तदपि मुकति पद पंकज सेवै, नयनानंद शिर न्यावैगी॥
इकजोगी० ॥४॥

इति पदगुरु स्तुतिका रागनी, धनाजरीमें अथवा देशमें अथवा सोरठमें गाया जाता है।

सतगुरु परम दयाल जगतमें सतगुरु परम दयाल ॥टेक॥
सब जीवनकी संशय मेटै देत कुमत सब टाल।
दुखसागरमें डूबत जनकूं छिनमें देत निकाल॥
जगतमें सतगुरु परम दयाल ॥१॥
सुरग मुकतिको पंथ बतावैं, मेट करम भ्रम जाल।
धरम सुधारस प्याय हरैं अघ छिनमें करत निहाल॥
जगतमें सतगुरु परम दयाल ॥२॥
स्वान सिंह सतगुरुने तारे, तारे गज बिकराल।
सुगुरु प्रताप भये तीर्थंकर अरु तारे गोपाल॥
जगतमें सतगुरु परम दयाल ॥३॥
पांच शतक मुनि कोल्हू पीड़े दंडक नृप चण्डाल।
होय जटायु सु गुरु पदसे ये पायो सुरग विशाल॥
जगतमें सतगुरु परम दयाल ॥४॥
पतसे दुष्ट सु पंथ लगाए सतगुरु दिसु दयाल।
नयनानंद सु गुरु जग जगमें कौन करै प्रतिपाल॥
जगतमें सतगुरु परम दयाल ॥५॥

इति समाप्तम् पदचाल।

मैंने भेटे जग तखे सतगुरु तखे जिन दर्शनधारी ।टेक॥
मैंने जान लई पांचों दर्शन में है गड़बड़ भारी

है शिव साधक जिन लिंग और सब सांग है संसारी ॥
मैंने भेटे० ॥१॥
है संसारी और मुक्त दशा दो जानत नरनारी ।
है जिनदर्शनसे मुक्ति पावै हैं उनके अधिकारी ॥ मैंने० ॥२॥
है उनमें दर्शन पांच अमृत भव तरुवरकी डारी ।
कोई हटके भटके चढ़े गिरे कोई भरे है दुख भारी ॥ मैंने० ॥३॥
हैं पांचों वासत अनाम स्वपरके घातक दुखहारी ।
सो सत पुरुषोंने तजेमें जाऊं उनके बलहारी ॥ मैंने० ॥४॥
नहिं दर्शन पांचों पूज पूज्य हैं जिन मूरति प्यारी ।
जो त्रिभुवन मेंस द्वीजमूत हैं अकृत अविकारी ॥ मैंने० ॥५॥
शिव साधक हल सो पद धारैं सतगुर हितकारी ।
है उनहीसें मर्याद अनादी कृत्रिम उपगारी ॥ मैंने० ॥६॥
जिनदर्शन रख मुनिवर वंदूं अरु प्रतिमाधारी ।
और नमूं परजका सबी चलें जो जिनमत अनुसारी ॥ मैंने० ॥७॥
जो रतनत्रय व्रत धरैं दिगम्बर परम ब्रह्मचारी ।
सो जिनदर्शी मुनि जानने न मुखनमें दारचारी ॥
मैंने भेटे अबसें सतगुरु सबै जिन० ॥८॥

सतगुरु स्तुतिका उपदेशी महावीरजीके भीलभवमें उसकी भद्रकालिका भीलनी उस भीलकूं उपदेश करै हैं कि तू दिगंबर गुरुकूं बाणसैं मत मारै । रागनी जंगलाऊ छोटी पीलूका जिला ।

मत मारे रे वेदर्शी मत मार, ए कोई त्यागी पुरुष ॥टेक॥
मत नाहतै मिरगके घोपे, मत बांधे शिकार ।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१॥
निश्चल निर्भूषण निरदूषण, ध्यानी अरु अणगार ।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥२॥
इनके शत्रुमित्रपै समता, राव रंक इक सार ।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥३॥

कंचन कांचन पल्ले बांधे, करें स्वपर उपगार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥४॥
त्यागे महल समान करें तप, खेल खिलान बिचार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥५॥
डूबत बंश नरकमें जिनके, छिनमें देत निकार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥६॥
मंगल दान सुकृतको इनपै, सुरनर मुक्ता पसार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥७॥
तू अब इन परताण उठावत, धिग धिग जनम तुमार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥८॥
धिग यह भूख प्यास धिग यह भव, धिग तुम धिग हम नार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥९॥
जो सतगुरुकी घात करैगो, मर हों उदर बिदार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१०॥
कंप्यो भील पड्यो धरणी पर, नारि कियो उपगार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥११॥
धनुष तोरि सिर पाय झुकायो, सतगुरु चरनन मझार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१२॥
पिहिताश्रव उपदेश दियो तब, धरे अणुव्रत भार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१३॥
पुष्कल देश विदेह क्षेत्रमें, पुण्डरीकपुर सार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१४॥
भील पुरुषकुं समझायो, भद्र काळिका नार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१५॥
अवसर पाय भयो तीर्थंकर, महावीर अवतार।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१६॥

केवल पाय बताय मोक्ष मग, कर गये जग उद्धार ।
ए कोई० ॥ मत मारेरे०॥१७॥
इन्द्रचन्द्र वंदित पद पंकज, दग सुख शरण तुमार ।
ए कोई० ॥ मत मारेरे० ॥१८॥

इति गुरु भजनाष्टक नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

पांचवां अध्याय

अथ—जिन धर्म स्तुति नाम जैनवाणी के भजनोंका पांचवां अध्याय प्रारंभः ॥

अब मुजे सुख आई जेनवानी सुन पाई । काल अनादि निगोद वेदना, मुगातो कहिय न जाई । जैनवानी सुनपाई । अब मुझे सुघ पाई । जैनवाणी सुनपाई ॥१॥

पड्यो नरक चिरकाल पिलाप्यो । कोई न शरण सहाई । जैनवानी० । अब मुजे ॥२॥

कब ऊख कंठ कुठार न चीर्यो बांव कटकाई । जैनवानी० ॥३॥
कबऊक चीर डार कोल्हूमें । तिल वत देह पिलाई ।
जैनवाणो० ॥४॥
ताते तेल भाडमें मुलस्यो, कभ ऊक शूल दिखाई ।
जैनवाणो० ॥५॥
आंख ननू न कानमें ठढे । ना खापो रघगाई । जैनवाणो ॥६॥
वैतरणी में गेर घसींड्या । गाठिकु घाव पिलाई । जैनवाणो०॥७॥
तांबा प्याय लोहको पूतली, ताती उर लिपटाई ।
जैनवानी० ॥८॥
मात पिता युवती सु बांधव, संपत काम न आई ।
जैनवानी० ॥९॥

कबऊक पशु पर जाय मरी तहां, बध बंधन अधिकाई।
जैनबानी० ॥१०॥
खन नत पन दाहन अरु धौंकन छेदन वेदन पाई।
जैन० ॥११॥
गमन अमन दोऊ भांत भरे दुःख बहुविध मरण कराई।
जैन बानी० ॥१२॥
कब ऊक मानुष देह विहंग्यो विषयनमें लपटाई। जैन० ॥१३॥
अंध पंगु अरु राव रंक भयो। रोग सोग दुख दाई।
जैनबानी० ॥१४॥
कुष्ट जलोदर और कठोदर, इष्ट वियोग बुराई। जैनबानी ॥१५॥
देव भयो पर संपति निरखत, झुर झुर देह कराई।
जैनबानी० ॥१६॥
वाहन जाति तथा भव पूरन, निरख रह्यो पछताई।
जिनबानी० ॥१७॥
यह विधि काल अनंत भज्यो हम, मिथ्या भाव कषाई।
जैनबानी० ॥१८॥
कुव्रत जोग फिरा भटकत ही, सम्यक दृष्टि न आई।
जैनबानी० ॥१९॥
अब जिन धर्म परम रस बरसे, भय तृष्णा नरहाई।
जिनबाणी० ॥२०॥
दग सुखदाय आय भई पूरण, धन जिन वैन सहाई।
जैनबानी० ॥२१॥

इति जिनबाणीका पद राग धनाश्री ॥

जिन मत परम निधान जगतमें जिनमत० ॥टेक॥

जिन मारग तैं उरझी सुरझै छूटै पाप महान, करु जिया कूं अनुभव सुधि आवे। भागै भरम वितान, जगतमें जिन मत परम निधान ॥१॥

वस्तु स्वरूप यथावत दरसे धरसे भेद विज्ञान, सब जीवन पर करुणा उपजै । जानै आप समान जगतमें० ॥२॥

शूकर सिंह नवल मर्कटको वर्णण आदि पुराण, भील भुजंग मतंग गज सुरके करयाको बरधान । जगतमें० ॥३॥

अंजन जादिग्रधम घऊ उतरे पायो सुरग बिमान, नर भव पाय मुकति पुनि पाई नयनानंद निधान । जगतमें जिन मत परम निधान ॥४॥

इति पद जिनवाणीका राग हिंडोलमें मलहार ॥

सुनोजी सुनोजी सम भावसूं, श्री जिन वचन रसाल । सुनोजी सुनोजी सम भावसूं ॥टेक॥

द्रव्य कामने तुम ठगे, भाव करम हिये डार । नो कर्मनसूं बांधियो, दीनों चऊगति डार । सुनोजी सुनोजी० ॥१॥

कब ऊठ नर्क दिखाईया, कब ऊठ पशु पर जाय । नव ग्रीवक लौं ले चढ़े, पटक्यो भाव दिगाय । सुनोजी० ॥२॥

जिनने जिन वचन हि सुने, विकथा सुनोधरट । नर भव चिंतामणी रतन, दियो सिंधुमें डार । सुनोजी० ॥३॥

पंच महा व्रत ना लिये, श्रावक व्रत दिये छार । तिनकूं नरक निगोदमें, मारया चाम उतार । सुनो० ॥४॥

मति थोडी विरता घना, कहै कहां लौं चीन । थोडोमें सऊ सीखयो, होय सुधर नर जीन । सुनोजी० ॥५॥

पायो धरम जिहाज अब, पायो नर भव सार । नैन सुख भव सिंधुमें, उतर उतर भेया पार । सुनोजी सुनोजी० । ६॥

इति पद जिनवाणीका राग काफी चाल होलोकोमें है !

जिनवानीको सार न जानी ।।टेक।।

नरक उघारण शिव सुख कारण जनम जरा मृत हानी, उदर जलोदर हरण सुधा रस काटन करम निदानी पहुच तेरे हाथ न आनी । जिनवानी० ॥१॥

कल्पवृक्ष चिंतामणि अमृत, एक जनम सुखदानी । दूजे जनम फिर होय भिखारी, वह भव भ्रमण मिटानी । तज्यो दुर-व्यसन कहानी । जिनवानी० । २॥

व्याह सुता सुत मांटलूं भाखी, हरिलूं नार बिरानी । ऐसैं सोचत जात चले दिन, होत बराबर हानो । समझ मन मूरख प्रानी । जिन० ।३॥

भव वारिध दुस्तरके तरनकूं, कारन नाव बखानी । खोल नयन आनंद रूपमैं, धर सम्यक् श्रद्धानी । मोक्ष पद मूल निशानी । जिनवानीकी सार न जानी ॥४॥

पद जिनवाणीका राग येमन कल्याण ।

जड़ता जिन राज बिना कौन हरे मेरी ।।टेक।

सुनत ही जिनेंद्र बैन, भयो मोह अतुल चैन । सम्यकके अभाव मैंने कीनी भव फेरी । जड़ता० ॥१॥

अतुल सुख अतुल ज्ञान, अतुल वीर्यको निधान । कायामें विराजमान मुक्ति मेरी चेरी । जड़ता० ॥२॥

द्रव्य कर्म विनिर्मुक्त, भाव कर्म असंयुक्त. निश्चय नय लोक मात्र परजय वपु घेरी । जड़ता० ॥३॥

जैसे दधि मांहि घीव, तैसे जड़मांहि जीव । देखो हम अपने नैन आनंदकी ढेरी । जड़ता० ॥४।

पद जिनवाणीका राग खम्माचकी ठुमरी पूर्वी कव्वाल दर्जे पर ।

रसीली जैन सारदा जियामें बसी, जो कोई ध्यावे सोई फल पावैरे ॥ जगमैं सुगम तिरै ॥टेक॥

अनघ जैन भरती संसारमें निकारती, द्विभाव बंधन टारती । जियामें बसी रसीली जैन सारदा ॥जियामें बसी ॥१॥

जो कोई ध्यावे सोई फल पावैरे, जगमें सुगम तिरै ।

कुज्ञान दैत्य काटिका सुज्ञान दीपमालिका जिनेश जाव बालिका ॥ जियामें बसी ॥रसीली० ॥२॥

जो कोई ध्यावैं सोई फल पावेरे, जगवें सुगम तिरे।
प्रथम जो जोग धनी, करण जोग बोधनी, चरण जोग सो धनी॥
जियामें बसी॥रसीली०॥३॥
जो कोई ध्यावैं सोई फल पावेरे, जगवैं सुगम तिरे।
दरब जोग रंगिका, सपत भेद भंगिका, नयन सुख संगिका॥
जियामें बसी॥रसीली०॥४॥

पद जिनवाणीका राग बानी मुलतानीकी गजल।

तेरी बानीकी भनक जो मैंने, सुन पाई दाता मैं तो शरसाद हुवा॥टेक॥
कुगुरुनकूं मैं गुरु कर माने, व देव कुदेवनमें पहचाने।
दया धरममें दूषण लाने, सो मैं ख्वार हुवा॥तेरी बानी०॥१॥
मिथ्या चक्षव जोग दवाई, मेरी बुधि च्यारों भरमाई।
चारों कु विसनमें लोठाई, सोना बिकार हुवा॥तेरी बानी०॥२॥
घटट पुरट च्यारों गति भटका, नरकोंमें घहटा लटका।
अब लागेका मुझकूं खटका, सोना दरकार हुवा॥तेरी बानी०॥३॥
अब मैं फिरता फिरता हारा, आप दया जिन चरन तुम्हारा।
करो नैनसुखका निस्तारा, हाजिर दरबार हुवा॥तेरी बानी०॥४॥

पद जिनवाणीका—राग दादरा पूरबी।

करै जीवका कल्याण सदा जैन बानीरे॥टेक॥
संशयादि दोष हरैं, मोहको निर्मूल करैं।
दोष दाय नदनं दनं समानीरे॥ करै०॥१॥
सप्तभंग भेदनी है भर्मकी उच्छेदनी।
वस्तुके स्वरूपको है लाभ दानीरे॥ करै०॥२॥
वस्तुको विचार कीय पार होत हैं कदीम।
केवलादि ज्ञानकी कला निशानीरे॥ करै०॥३॥
नैनसुख अन्तकालसैं करै सबै निहाल।
नाग, काग, स्वान, किए स्वर्ग बानीरे॥ करै जीव०॥४॥

पद जिनवानीका राग भैरू।

संसै मिटै मेरी संसै मिटै, जिनवानीके सुनै मेरी संसै मिटै ॥टेक॥
पाप पुन्यको मारग सूझै, भव भवकी मेरी व्याधि कटै।
॥ जिन०॥१॥
और ठौर मोहि विकल्प उपजै, ह्यां याके आनंद रटै।
॥ जिन० ॥२॥
निज पर भेदविज्ञान प्रकासै, विषयनकी मेरी चाह घटै।
॥ जिन० ॥३॥
वानी सुन नैनानंद उपजै, मोह तिमरको दोष हटै।
जिनवानीके सुनै मेरी संसै मिटै ॥संसै० ॥४॥

पद जिनवानीका रागनी खम्माचकी ठुमरी मल्हारकी चालपर।

जिया तैने तजा परम हितकारी, ऐसो जग जनतारक कलमलहारक अधम उधारक रतन चार, तेने तजा परम हितकारी ॥टेक॥
तेरे कर्मबंध तोरि डारे, तीनों दुखतैं उबारै।
भवतैं निकारै, अघहारी ॥ जिया तैनें० ॥१॥
नरकतैं निकारि लेय, तीर्थराज पद देय।
परमसो न कोऊ उपगारी ॥ जिया तैनें० ॥२॥
नैनसुख धर्म सेयो, आतम स्वरूप वेदो।
लागे पार खेवो ततकारी। जिया० ॥३॥

पद जिनवानीका राग धनासरी।

जिनवानी रस पी, हे जियरा जिनवानी रस पी ॥टेक॥
तुम हो अजर अमर लायक ज्ञान सुधा सरसी।
तेरो हरनहार नहि कोई क्यों मानत डरसी॥
हे जियरा जिनवानी० ॥१॥

करम छिपतकर मनतैं न्यारो केवलमैं दरसी।
ज्यों तिल तेल मैल सुवरणमैं क्यों पुद्गल परसी ॥
हे जियरा जिनवानी० ॥२॥

जबलग परकूं निज पर मानत, तब लग दुख भरसी।
छूटै नांहि कालके करसैं, मर मर फिर मरसी ॥
हे जियरा० ॥३॥

पूजा दान शील तप धारो, सब पाति गहरसी।
नयनानंद सु गुरु पद सेवो, भवसागर तरसी ॥
हे जियरा० ॥४॥

पद जिनवाणीका रागनी जंगला।

सुगुरुकी बानीजी सुगुरुकी बानीजी, तेरे दिलमें क्यों न समानी सुगुरुकी बानी। अरे अभिमानी, सुगुरुकी बानी ॥टेक॥
वीतराग हिमगिरतैं निकसी यह गंगा सुखदानी।
सप्त विभंगा अमल तरंगा भव आताप मिटानी सुगुरुकी बानी ॥
तेरे मनमें क्यों न समानी ॥ सुगुरु० ॥
अरे अभिमानी सुगुरुकी० ॥१॥

जग जननी परमारथ करनी भाषै देवदज्ञानी।
सत्य सरूप यथारथ निर्णय सो तनै विसरानी ॥ सुगुरुकी बानी ॥
तेरे दिल० ॥२॥

जामैं बंध मोक्षकी कथनी सु, निसुरके बहु प्राणी।
पशु पंछीसे पाय मनुष पद, होय रहे शिवथानी ॥ सुगुरु० ॥
तेरे मनमैं० ॥३॥

तैं मिथ्यातग देव धरम भजि, पियौ मूढ मद पानी।
कीनी मूढ उनकी सेवा, मिली न कौडी कानी ॥सुगुरु०॥
तेरे मनमैं० ॥४॥

मर्म अविद्या वस या जगमें, जा वसु तेरी छानी।
अब जिन वैन गंग तट सेवो दृग, सुख शिव सुखदानी ॥सुगुरु०॥
तेरे मन० ॥५॥

पद जिनबानीका छन्द त्रोटक व्रत सरस्वती अष्टक।

मुनि भाव तरंग विशुद्धतरे रज पाप अताप विभाव हरे।
मद मोह महादल भेद जवे, जय वीर हिमाचल चाल्हवे ॥१॥
षटनन्द तपाखरकी नगरी, लखि तोहि मिटैं भवके मयरी।
अब जीव चिन्तावन रूप नवे, जय वीर हिमाचल० ॥२॥
भव कानन कांगन भीर माथ, दऊवारकु जन्म कुयनि परथो।
अगशूल निमूल निवस्त्र दवें, जय वीर हिमा० ॥३॥
मम क्लेश करांकुर जोरि धरैं, लख कोटि सुमेरु बिलाय परैं।
दृग पात पिता जननी सुपवे। जय वीर हिमा० ॥४॥
लख सिन्धु समायन अश्रु ममं, मम सर्व हितू जन एक समं।
अति खेद भरे कर्मोद्भवे। जय वीर० ॥५॥
अब ज्ञान परथे तुमरे दरपै, अपवर्ग धरो हमरे करपै।
जग जाल विमोचन भाव नवे। जय० ॥ ६ ॥
तुम नाम हरे भव खेद घना, जिम तीव्र पोह तरांश अनाना।
पद्माधर आखर बात भवे। जय० ॥ ७ ॥
अब देव यजे मनतोष भयौ, लखि रूप कृतारथ जन्म भयौ।
लखि अमृत वारिधि मीन पीवे। जय वीर हिमा० ॥८॥

गीता छन्द

कुज्ञान छैनी मोक्ष दैनी, आतमा दरसावनी।
घट घट प्रकाशन जैन शासन संतजन मन भावनी॥
रवि नंद जुग जुग सदा बिक्रम वादतिथ तेरस शसी।
सरदाव दृग सुखदायकी सुनि नाशि भव बंधन फंसी ॥९॥

पद जिनवाणीका चाल गीत मारवाड़का राग ।

जिवरा सांचेको सांचा कर जानिये, जिवरा झूठेका झूठ पिछान । जो तू चाहै निज कल्याणकूं, जिवरा तजि हठ होय सुजान । क्यूं भटकाई नेया जानके ॥टेक॥

जिवरा जाके भई है रुचि ज्ञानकी, जिवरा ताहीकी मिटी है कुपाय । ताहीकूं जुगपत ज्ञानमें, जिवरा लोकालोक लखाय ॥
क्यों भटकाई नेया जानके० ॥१॥

जिवरा लागे हैं करम अनादिके, जिवरा ज्यों तिल तेल संजोग । ऐसैं सुनी है केवलज्ञानमें, जिवरा बन्ध बढ़ावैं भोग ॥
क्यों भटकाई० ॥२॥

जिवरा राग न कीजे इष्ट जानिके, जिवरा द्वेष अनिष्ट मंझार । परमें झूठो निजता तजो, जिवरा मैथुन भाव निवार ॥
क्यों भटकाई० ॥३॥

जिवरा काऊपै क्रोध न कीजिये, जिवरा निज परकूं दुखकार । काहूं मद बिसरायके, जिवरा तजिये मायाचार ॥ क्यों भट०॥४

जिवरा लोभ घटावै गुरुता आपनी, जिवरा हांसीसैं बंधन आय । भयसैं सम्यक ना रहै, जिवरा भारत बल विनशाय ॥
क्यों भटकाई० ॥५॥

जियरा कीजिये मन्द कषायकूं, जिवरा पार लगावन हार । नैनसुख मन रोकिये, जिवरा ज्यौं उतरै भव पार । क्यों० ॥६॥

जिवरा पर जुगुप्सा दाहै पुन्यकूं, जिवरा तजिये मूढ़ प्रमाद । यातैं चऊं गति हंडियो, जिवरा बीत्यो काल अनादि ॥
क्यों भटकाई० ॥६॥

पुनः जिन धुनिकी महिमा चाल सरवण फरीजन चाहबके तौर पर चतुर्गति दुख वर्णनम् । ताके चौक चार ।

सुन सुन जिन धुनि भयोरे अचम्भा सब संसार मार ।
जिया जाने रे सब सब संसार असार ॥टेक॥

इक संसार विषे रे होसु अनीडा, भ्रमतें पावे नहीं पार।
अब जाने रे भ्रमतें पावे नहीं पार ॥१॥
जनम मरण जरा रे हो सतावै रे, चहुँगति भ्रमण अपार।
अब जाने रे चऊ गति० ॥२॥
भयों सुरमर्में देव मिथ्यावी रे, राग उदय दुख धार।
अब जाने रे राग उदै० ॥३॥
देख पराई संपत झुरो रे, कीनो नरक तयार।
अब जाने रे कीनो नरक० ॥४॥
सुन सुन जिन धुनि भयोरे अचम्भा, सब संसार असार।
अब जाने रे सब० ॥५॥

अथ नर्क गति वेदना।

दुरगति आय खयो मुख उटक्योरे, बल सिर ऊपर पाय।
अब जाने रे बल सिर० ॥६॥
कर्मनके वश पड्यो पुकारे रे, दुखको कारन यार।
अब जाने रे दुखको० ॥७॥
कांटों पर जब पडे रे जानकर, रोवे हाहाकार।
अब जाने रे रोवे० ॥८॥
पकड नारकी चं.रें रे चले, जुदा देव घणोंके मार।
अब जाने रे देव घणोंको० ॥९॥
कोल्हूमें पीड़े ताते तेलमें बरावे रे, लोचन लेंय निकार।
अब जाने रे लोचन लेय० ॥१०॥
मदिरा पीनेवालेको सुन लीजोरे, प्यावें तांवा गाढ।
अब जाने रे प्यावें तांवो गाढ ॥११॥
ताती पुतली गलेमें लगावे रे, जिन सेई पर नार।
अब जाने रे जिन सेई प० ॥१२॥
सागर बन्ध उमर जहां पाई रे, मिलै न कण जलधार।
अब जाने रे मिले न० ॥१३॥

मात पिता सब होवेंगे बिगाने रे, तोहि नरकमें डार।
सब जाने रे तोहि नरक० ॥१४॥
जिनको तू अपने कर जाने रे, सब मतलबके यार।
सब जाने रे सब मत० ॥१५॥
सुन सुन जिन धुनि भयोरे अचम्भा, सब संसार असार।
सब जाने रे सब संसार असार॥

अथ मनुष्य गति दुख वर्णनम्।

मानुष गतिमें भयोरे विकल तन, अन्ध बधिर दुखकार।
सब जाने रे अँध बधिर दुखकार ॥१६॥
रोग सोग कर भयोरे कूबड़ो, उदर जलोदर भार।
सब जाने रे उदर ज० ॥१७॥
बात कुवात भई रे तन पायो रे, इष्ट वियोग अपार।
सब जाने रे इष्ट वियोग अपार॥१८॥
कै पाई कलहारीसी नारी रे, कै न चल्यो परिवार।
सब जाने रे ॥१९॥
कै रमरथ सुत मरोरे व्याहकर, रोवत छांड नार।
सब जाने रे रोवत छोडो नार ॥२०॥
कै जीयो तो जाति भयो रे कुबुद्धि, कुल कलंक विस्तार।
सब जाने रे कु० ॥२१॥
तीर्थंकर प्रभु बेरे दिगम्बर जिन भंडार, जिन भंडार।
सब जाने रे जिन० ॥२२॥
सुन सुन जिन धुनि भयो रे अचम्भा।

पशुगति दुख वर्णनम्।

शूकर कूकर भयोरे सपेरा, पशुगति दुःख अपार।
सब जानेरे पशुगति० ॥२३॥

महिषा बैल भयोरे, जु घोडारे दुःख पाये उद भार।
सब जानैरे दुख पाये० ॥२४॥

धर्म अधर्म नगिन्योरे अज्ञानीडा, देव कुदेवनवार।
सब जानैरे देव कुदेव ॥२५॥

दियो न उत्तम दानरे सु ज्ञानीडा, दियो नवयज्ञासार।
सब जानेरे दियोन ॥२६॥

ज्यों वधारी धनथो धरैं गांठका, बडा हाथ दे ऊ झार।
सब जानेरे ध० ॥२७॥

क्रोधमान छल लोभ इन्हींनेरे, छीनों तोहि दिगार।
सब जानैरे छीनो तोहि ॥२८॥

चेतन चिंतामणि नग तेरोरे, दियो धूरमें डार।
सब जानैरे दियो धूरमें ॥२९॥

गुरुकी ज्ञान छल अब पायोरे, चहुँ गति धूर बहार।
सब जानेरे चहुं गति धूर ॥३०॥

नैनानन्द अपनौरे नग निरमल, क्योंकि नहिं लेत निहार।
सब जानेरे क्या नहिं लेत निहार ॥३१॥

चन्दनकी आतम रस तामैं, रे क्यों नहि लेत उभार।
सब जानेरे क्यों नहि लेत उभार।
सब जानेरे क्यों नहि लेत उभार। सुनसुन ॥३२॥

दोहा—जिन शासन तेरो हितू, ताहि पूज अब सोह।
मेटै भव बाधा सकल, चहुं गति भ्रमण छोह ॥३३॥

इति उपदेश बत्तीसी समाप्तः। पंचमोऽध्याय समाप्तम्॥

छठा अध्याय

अथ षष्ठम अध्यायमें समुच्चय जिन स्तुतिका पद लिख्यते ।

पद समुच्चय जिन स्तुतिका हजूरी गजल ।

इस मन मधु व्रतका मेरे यत्र भाग जगाओ, तेरे भक्तिमें पद पंकजाश्रम मांहिय पगाओ ॥ टेक० ॥

अरविन्दसें भी सदार हैं पादारविन्द तेरे । विश्राम पाके श्रम सनातन मोरा भगाओ, इस मन० ॥ १ ॥

हे कर्म मर्म भेदने हे परम यो गिने, अब तो चरण शरणमें तेरे आ ठगाओ, इस मन० ॥ २ ॥

हे वाङ्मनसाऽगोचर चरित्र धारिने धनी । इस कर्मने भी भौंमें दा हमको दगाओ, इस मन० ॥ ३ ॥

हे भवक्षा दिभूतके भाभाव भासने । हमको कुगुरु कुदेवने बहुता ठगाओ ॥ इस मन० ४ ॥

हे सतमूलोन्मूलित अनादि क्लेश हारिणे । हग सुखका अब तेरे सिवाको है लगाओ ॥ इस मन० ५ ॥

पद हजूरी अर्हत स्तुति, राग दादरा ।

कौने करीओ थारी कौने करी समोशरणीकी रचना भारी कौन करी ॥ टेक० ॥

कौन पुन्य संपति याहि, लागो निरखत हो भव पोर टरी ।
समोसरणैकी रचना० ॥ १ ॥

तरु अशोक छवि शोक भगे, सब सकल जगतको जाने व्याधिहारी
समोसरणैकी० ॥ २ ॥

खिरे त्रिकाल दिव्य धुनि तुमरी, जाहि सुनत सारी सृष्टी तरी ।
समोसरणैकी० ॥ ३ ॥

सात जनम भामण्डल भासे, अति अचिंत्य महिमाए भरी ।
समोसरणैकी० ॥ ४ ॥

द्वादश अर्द्ध कोटि धुनि बाजै, बार तीन लागैं रतनै झरी।
समोसरणैली० ॥ ५ ॥
सिंह पीठपर अधर बिराजो, तीन छत्र मणि किरणैं खरी।
समोसरणैली० ॥ ६ ॥
त्रिभुवननाथ पाय तव सेवैं, इन्द्र नरेन्द्र गणेन्द्र हरी।
समोसरणैली० ॥ ७ ॥
अनिदक्ष बैन घनौघ अनक्ष रस, यन समरू उरमांहि धरी।
समोसरणैली० ॥ ८ ॥
जा निधिकूं जग सकल बिलस्वै, सो तुम पाय न जाय परी।
समोसरणैली० ॥ ९ ॥
धरम चक्र भगवन्त तुमारे, आधि व्याधि शत कोश टरी।
समोसरणैली० ॥ १० ॥
दृग सुख खुश भयो लखि तुमकूं, आज मनो शिवनार बरी।
समोसरणैली० ॥ ११ ॥

पद अर्हंत स्तुतिका हजूरी, राग जरवेको ठुमरी।
लगे नेनासमोसृत वारेसैं ॥लगे नेना०॥
हे वारेसैं जग प्यारेसैं ॥ लगे नेना० ॥ टेक० ॥
विश्वतत्व ग्याता जगत्राता, दरम भरम हर तारेसैं।
लगे नैना० ॥ १ ॥
तारण तरण सुभाव धर्या जिन, पार लेवा दन हारेसैं।
लगे नैना० ॥ २ ॥
बिन स्वारथ परमारथ कारण, डूबत काढन हारेसैं।
लगे नैना० ॥ ३ ॥
दृग सुख परम धरम हम पायो, स्याद्वाद मतवारेसे।
लगे नैन० ॥ ४ ॥

पद हजूरी अर्हंत स्तुतिका अति मनमोद है।
इसमें न मालूम सरस्वती कैसे समयमें दर्शक हुए थे, फिर

किसी फंदके वास्ते १०८ दफे पढ़ते हैं फांसी तकका हुकम मौकूफ हो जाता है और कुशलसे भक्तजन जीवंत होकर अपने घर जाते हैं। अवलमें यह है कि कविता लघु भ्राता पंडित भैरवानन्द पर उन्होंने मुकदमें में अति विराट वचनसे इत्याकात किया गया था, और कविता उनकी पैरवी जिले बरेलीकी अदालत फौजदारीमें करे था। जिस दिन उनकूं २ वर्षकी कैद कठिन बोली गई, और कारागारमें भेजा गया उस दिन कविताकूं अति चिताने सताया। फौरन अपील किया और पेशीसे पहले कचहरीमें ही बैठे बैठे भगवानके चरणारविंदके में अरजी गुजारी और यह पद वहां बैठे बनाया इतनेहीमें कविताकी बुलाय हुई और गुनहगारकूं कारागारसे बुलाया गया। चावन् साहिब डस्ट्रक्टूं इजलासपर नहर तहसीलदार मुद्दई हाजिर आया फौरन बंध तोडे गये और मुद्दईको हार हुई कविताका भ्राता पूर्व पदसे छुटकारा होदेपर स्थापन दिया गया, तबसे इस पदकी प्रतीत हुई तो अनेक कष्टोंमें इसने शांति करी, धर्मदास सिकंदराबादके राजबंधन टूटे इत्यादि अनेक साक्षी हैं। जो कोई जैनी श्रद्धा सहित पढेगा उसके महान कष्ट दूर हो जांयगे, कुछ संदेह नहीं है। वह पद यह है—

पद राग मांड देशकी ठुमरी।

प्रभु तारतार भवसिंधु पार, संकट मझार तुम ही अधार, दुख दे बहार, वेगी काढो मोरी नैय्या ॥टेक॥

परमाद चोर, कियो इनपे जोर, मग पोत तोर, दिये मझमें बोर। तुम सम न और, तारन तरवैय्या। प्रभु तार तार० ॥१॥

मोह दंड दंड, दियो दुख प्रचंड, कर खण्ड खण्ड, चहुं गतिमें हण्ड। तुम हो तरंड, तारो तारो मोरे सैंय्या। प्रभु तार तार० ॥२॥

दृग सुखदाय, तेरो है हिराय, मेरो काट फांस, दर भवको वास। हम परत जाय, तू है जग उब रैय्या। प्रभु तार तार० ॥३॥

पद हजूरी जिन स्तुति राग खम्माच।

सेवैं सब सुर नर मुनि तेरा द्वार, जोहै धरम अरथ काम मोक्षको दवैय्या। तोहि तजि अब जाऊं प्रभु किसके द्वार, सेवैं सब सुर नर मुनि तेरा द्वार ॥टेक॥

अतुल दरश धन, अतुल ज्ञान धन अतुल सुख धन कौन पार सेवैं। तोहि तजि० ॥१॥

खहड छतरपति कर नम नत अति, चरन परत मस्त गण धार। सेवैं। तू है०। तोहि० ॥२॥

तुमकूं नमाय माथ, कौन पैय आरूं हाथ। तुको दिवैय्या देत आखनागर, सेवैं०। तू है०। तोहि० ॥३॥

तुम बिन राग दोख, देत होम धन मोक्ष। लिये हैं पजो सुख यही प्रकार सेवैं०। तू है०। तोहि० ॥४॥

तुम सन्मुख रहै, तिन्है नैनसुख भये, तुमसे विमुख, रुले जग मंझार, सेवं० तू है०। तोहि० ॥५॥

पद हजूरी जिन स्तुति रागनो भैरवी।

भाग जग्योजी आज तो हमारो भाग जग्योजी ॥टेक॥

आज भयो मेरा जनम कृतारथ, आज भयो भवोदधि पार लग्योजी। आज हमारो० ॥१॥

मैं तुम ढिग कब हु नहिं आयो, कर्मनके वश ताप ठग्योजी। आज० ॥२॥

वैन तेय सम दर अति हारा, निरखत आज सुजंगभग्योजी। आज० ॥३॥

आज भई मेरी मनसा पूरण, आज हो नयनानंद पग्योजी। आज० ॥४॥

पद हजूरी राग जोगारा।

दर्शनके देखत भूख टरी। दर्शन० ॥टेक॥

समोसरण महावीर बिराजे, तीन छत्र सिर ऊपर छाजें।
भामण्डल सैरवि शशि लाजे, चंवर ढरत जैसें मेघ झरी।
दर्शन० ॥१॥

सुर नर मुनि जन बैठे सारे, द्वादश सभा सुगणधर ग्यारे।
सुनत धरम भये हरख अपारे, बानी प्रभुजी प्यारी प्रीत भरी।
दर्शन० ॥२॥

मुनिवर धरम और गृह वासो, दोनू रीति जिनेश्र प्रकाशी।
सुनत हटी ममता की फांसी, तृष्णा डायन आप मरी।
दर्शन० ॥३॥

तुम दाता तुम ब्रह्मा महेश, तुम ही धन तर वैद जिनेशा।
काटो नैन नंदके कलेश। तुम ईश्वर तुम राम हरी।
दर्शनके० ॥४॥

पद हजूरी, रागनी ठुमरी।

मिटाओ प्रभु दबथा हमारीजी, यजी हम आये हैं दर्शन काज। मिटाओ० ॥टेक॥

सेठ सुदर्शनको पण राख्यो सूली सेज समान। अगनसें सीता उबारीजी येजी हम आये हैं दर्शन काज। मिटाओ० ॥१॥

नाग नागनी जलत उबारे, दियो मंत्र नवकार। मरण गति उनकी सुधारीजी। येजी० ॥२॥

त्रिभुवन नाथ सुन्यो जस ऐसो, अब आयो तुम पास। करो ना प्रभु मेरी गुजारीजी, येजी हम० ॥३॥

भटकत भटकत दर्शन पायो, जनम सफल भयो आज। लखी जो मैंने मुद्रा तुमारीजी। येजी हम० ॥४॥

मैं चाहत तुम चरण शरण गत, मांगत हूं तजि काज। सुनोजी नैनानंदकी पुकारीजी। येजी० ॥५॥

पद हजूरी रागनी।

अब तेम तेरा वजानां तभीसैं आया छिहाना, जबसै तेरा० ॥टेक॥

निज पर भेद विज्ञान प्रकाश्यो, तत्व प्रकाशे नाना तभीसैं आया पिछाना। जबसैं ते राम तजाना, तभीसैं० ॥१॥

दर्शन ज्ञान चरित्र अराध्यो, धरयो जैन मतदाना। तभीसैं० ॥२॥

काल अनादि भव्यो मिथ्या मत, धरम मर्म अब जाना। तभीसैं० ॥३॥

अब टूटी ममताकी फांसी, समता डोल भाना। तभीसैं ॥४॥

अब ही मैं यह बान पिछानी, यह भव वंदीखाना। तभीसैं० ॥५॥

करम बंध जगमें दुख पाऊ, मैं त्रिभुवनको राना। तभीसैं ॥६॥

कहत नैनसुख तार वार प्रभु, तुम हो सत गुरु दाना। तभीसैं० ॥७॥

इति पद जिनरक्त लिखा हजूरी रागनी राग देश बरबा जंगला मिलकर तीनोंका लिखा है।

ठाडेजी गुसैंय्या तेडे दरबारे मैं, स्वामी म्हारावे। ठाडेजी गुसैंय्यां तेडे दरबार ॥टेक॥

करम हमारे बंध गये भारेजी, हो इनकूं दीजे निवार। ठाडेजी गुसैंय्या तेडे दरबार मैं। स्वामी म्हारावे, ठाडेजी गुसैंय्यां तेडे दरबार ॥१॥

विघन हरण तुम सब ही के दाता जी, हो अतिशी अगम अपार। ठढेजी गुसैंय्यां तेडे दरबारमें। स्वामी म्हारावे, ठाडेजी गुसैंय्यां तेडे दरबार मैं ॥२॥

निरखत रूप पुरंदर हारेजो, हो जय गावत गणधार । ठाढे सो गुसैंय्यां तेडे दरबारमें, स्वामी म्हारावे । ठढे हो गुसैंय्यां तेडे दरबार ॥३॥

मन मयूर नैनें नंद मान वसो, सुन सुन घनन विहार। ठढे भी गुसैंय्यां तेडे दरबारमें, स्वामी म्हारावे। ठढे भा गुसैंय्यां तेडे दरबार ॥४॥

पद हजूरी जिनस्तुति का दादरा रागनी पीलुकी पूरबी चालमें गाते हैं।

वारी वारी जाऊंरे, मैं वारी वारी जाऊं रे। भला मेरे स्वामी पे। मैं वारी वारी जाऊं रे॥टेक॥

अष्ट दरब ले पूजन आये, दर्शन कर सुख पाऊं रे। मैं वारी वारी जाऊं रे, भला मेरे० ॥१॥

नाच बजाय गाय गुण माला, मोतियन अरघ चढाऊं रे। मैं वारी वारी जाऊंरे। भला मेरे स्वामी पै, मैं वारी वारी जाऊं रे। वारी० ॥२॥

दृग सुख देव धरम गुरु सेवा, यह पूजा फल पाऊं रे। मैं वारी वारी जाऊंरे, भला मेरे स्वामी पे। मैं वारी वारी जाऊं रे। वारी० ॥३॥ इति।

अथ पद हजूरी जिन स्तुतिका राग खम्माचकी ठुमरी पूर्व लखनऊ वालोंकी तर्जकी।

हे देख्यामें तो पूजन जिन जूंदो लांहया भला मैं तो पूजने का चाव, मघवान आयो समोशरणसार। मैं तो पूजन।टेक।

सिरधर लाऊं छीरोदधिको गगरिया, नये ल्याऊं दरब:सार, मैं तो पूजनखिरी॥१॥

अष्ट दरबसें पूजन करिके, आरते थवाल्ं भर रतन सार, मैं तो पूजन० ॥२॥

गंधोदक ले सीस चढ़ाऊं, बढ़ेंगे अनंद घटें करम भार, मैं तो पूजन० ॥३॥

चौंसठ इंद्र चमर जहां ढारैं, पाऊं पाऊं पाऊं दृग सुख अपार, मैं तो पूजन सिरो जिन आंदियां ॥४॥

अथ पद हद हजूरी जिन स्तुतिका उगाहाओ लोर गणरत गणरते गणेश मनाया इसमें ठकी चजे पर है रागनी जंगला।

भगवान दर्शन दीजे, जी महाराज दर्शन दीजे। जि मैं तो दर्शन कारण आया, जी भगवान दर्शन दीजे। जी महाराज दर्शन दीजै॥ टेक॥

कोई तो मांगे प्रभु स्वर्ग सम्पदा, मैं आनैं पूजन आया। जी भगवान दर्शन दीजे, जी महाराज दर्शन दीजै, जी मैं तो दर्शन कारण आया, जी महाराज दर्शन दीजे ॥१॥

इन्द्र न्हुवावे तुम्हें क्षीरोदधिसैं, मैं प्रासुक जल लाया। जी भगवान० ॥२॥ इन्द्र चढावे प्रभु रतन अमोलक, मैं तन्दुल चुग लाया। जी भगवान० ॥३॥ इन्द्र करे है प्रभु तांडव नाटक, मैं जस गावन आया। जी भगवान० ॥४॥ कहै नैनसुख दरसन करिके, अब नरभौ फल पाया। जी भगवान दर्शन दीजे, जी मैं दरशन कारण आया ॥५॥

अथ पद हजूरी जिनस्तुतिका राग कालंगडा।

जो तुम हो प्रभु दीनदयाल, तो तुम निरखो मेरा हाल। जो तुम हो ॥टेक॥

नरक निगोद भरे दुःख भारी, फांसे निज भ्रमें जगजाल। जलथल पावक पवन हरोवर, घरघर जनम मरे बेहाल॥ जो तुम हो तो तुम० ॥१॥

कम विपीलिका भ्रमर भरा हम, विकलत्रयकी सीखो चाल। फिर हम भए असैनी सैनी, चढ़ि नभ प्राद गिरे तत्काल॥ जो तुम हो तो तुम० ॥२॥

कहै नैनसुख भवसागरसे, बाह पकर मोहि लेहि निकाल। असमरथ होय हमैं न उबारो, तो न कहूं फिर दीन दयाल॥ जो तुम हो तो तुम० ॥३॥

अथ पद हजूरी ठुमरी जंगला झंझोटी। इसमें कुदेवोंके अभक्षका जिकर है जिनको भेढ और बकोमें भैंसे बकरे मुरगे मांस मदिरा लोग चढाते हैं।

मैं दरशन बिना गया तरस तेरी महिमा ना जानी जो। मैं दरश० ॥टेक॥

मैं पूजे राग द्वेष गुरु सेये अभिमानीजी, हियामें माना धरम, सुनी मिथ्यामत बानीजी। मैं दरश० ॥१॥

मैं फिर पूजता भूत ऊत अरु खेढ मसानाजी, मैं जंत्र मंत्र बहु करे मनाये नाग भवानीजी। मैं दरश० ॥२॥

मैं भैंसे बकरे भेड हने बहु तेरे प्रानीजी, नहीं हुआ मनोरथ सिद्ध भए दुरगतिके दानीजी। मैं दरश० ॥३॥

मैं पढ़ लिये वेद पुराण जोग अरु भोग कहानीजी, नहीं आशा तृष्णा मरी, सुगुरुकी सीख न मानीजी। मैं दरश० ॥४॥

मैं फिरा रसायन हेत मिलो नहीं कोडी कानीजी, नहीं छूटा जनम अरु मरन खाक बहु तेरी छानीजी। मैं द० ॥५॥

कई युगत चुरासीलाख सुनी नहीं तेरी बानीजी, हुआ जनम जनममें खुवार धरमकी सार न जानीजी। मैं दरश० ॥६॥

तेरी वीतराग छवि देखि मेरे घटमांहि समानीजी, हो तुम ही तारणतरण तुमी हो मुक्ति निशानीजी। मैं दरश० ॥७॥

है दयामई उपदेश तेरा तुम हो गुरु ज्ञानीजी, हो षट मत में परधान नैनसुखदास बखानीजी। मैं दरश० ॥

अथ पद हजूरी चाल सेहरा बनेका गुन्दल्या मोरी मालना सेहरा राग खम्माचका।

जागा हमारा तोये ध्यान, दाता भवसे निकारो मैंकोजी। जागा हमारा तोसैं ध्यान ॥टेक॥

तुम सर्वज्ञ सकल जग नायकजी, केवलज्ञान निधान। हे दाता जागा० ॥१॥ जीवदयामई धरम तिहारोजी, सब मतमांहि प्रधान। हे दाता भवतें जागा० ॥२॥ तुम बिन कौन हरे भव बाधाजी, सब जगत देखा छान। हे दाता जागा० ॥३॥ दास नैनसुख कछु नहीं मांगतजी, दीजिये शिवपुर थान। हे दाता जागा० ॥४॥

अब पद हजूरी रागनी जंगला झंझौटी मारवा दादरामिलेझु हुलेकाजिका है।

किस बिध कीने करम चकचूर, थारी परम छिमापैजी अचम्भा मोहि आवे प्रभु। किसबिध कीने करम चकचूर ॥टेक॥

एक तो प्रभु तुम परम दिगम्बर, बस्त्र शस्त्र नहीं पास हजूर। दूजे जीव दयाके सागर, तीजे सन्तोषी भरपूर। थारी परम छिमापै, जी अचम्भा मोहि आवे प्रभु। किस बिध कीने करम चकचूर ॥१॥

चौथे प्रभु तुम हित उपदेशी, तारणतरण जगत मशहूर। कोमल सरल बचन सत बक्ता, निर्लोभी, संयम, तपसूर। थारी परम० ॥२॥

त्यागी, वैरागी, तुम साहिब, आकिंचन, वृतधारी सूर, कैसैं सहस अठारह दूषण, तजिके जीत्यौ काम करूर, थारी परम छिमापै० ॥३॥

कैसैं ज्ञानाबरण निवारचौ, कैसैं गेर्यौ, अदर्शन चूर, कैसैं मोह मल्ल तुम जीत्यौ, अन्तराय कैसैं कीयौ निर्मूर। थारी परम० ॥४॥

कैसैं केवलज्ञान उपायो, कैसैं किये चयारूं घातो दूर, सुरनर मुनि सेवैं चरण तुमारे, फिर भी नहि प्रभु तुमकूं गरूर, थारी परम० ॥५॥

करत जाच करदाय नयन सुख दोजे यह मोहि दान जरूर, जनम जनम पद पंकज सेऊं और न कुछ चित्त चाह जरूर, थारी परम० छिमापे ॥६॥

अथ पद हजूरी राग ज्याज देश है, राजरी मूरत प्यारो लागे छे, म्हांनें राजरी मूरत प्यारी छे ।टेक।

नाम मंत्र परताप राजरे, पाप भुजंग भागे छे। म्हानें राजरी० ॥१॥

मन नत तन मन सब दुखसे ग्यान कला उर जागे छे, म्हानें राजरी० ॥२॥

ज्यों शशि निरखि कमोदनि बिकसैं, चितचकोर पग पागे छे। म्हानें राजरी ॥३॥

द्रिग सुख ज्यों घन निरख मगन है, मन मयूर अनुरागे छे म्हानें राजरी० ॥४॥

छप्पय छन्द—अर्हंत परमेष्ठिकूं आशीर्वादका है, इसी छन्दका दूसरी पक्षमें अर्थ करिये है, तो उजागर मल श्री बख्त हजीदारकूं, आशीर्वाद निकले है, टोका सहित इस छन्दकूं लिखना, तत्रादौ उजागर मल तहसीलदार मेरठके आशीर्वादका ।

श्लोक छन्द छप्पय।

सत्य, रज, स्तम, गुणातीत केवलमय, मूरत, अविरल शब्द, धनोघ, असाधारण चिकुरध, निर्विकार, निश्चिदानन्द, गुणगनध परावण, परमारथ उपदेश। तरण तारुण्य, तारायण, भ्रम उन्मदगद, हरण गुरु त्रिजग, त्रिधार्य, व्यथा है। जिक्ष जगत उजागर नृपति कुंदगा नन्द जय उद्दरैं ॥१॥

अस्य अर्थ—प्रगट हो कि यहां हमनें दोनूं पक्षमें आशोर्वाद किया है ॥१॥

अर्हंत परमेष्ठीकूं तथा उजागरमल वहुपीवदारकूं, अहो भव्यजना: अर्हंत जगत उजागर राजा हैं। तिनकूं हम जयवंत होऊ ऐसा आशीर्वाद किया है। उसकी महिमा कैसी है। जगतमें उजागर है सो कैसे है ताहि दिखावैं हैं प्रथम तौ, सतोगुण रजोगुण तमोगुण रूपी त्रीगुणतैं व्यतिरिक्त है जुदा है। केवल-ज्ञानमय मूर्ति है ॥१॥

पुन: कैसा है जाकैं निरक्षरा कहियें वर्ण मात्राऊकी भिन्नता रहित, असाधारण कहिये स्वत: विना ही इच्छा घन समान दिव्य ध्वनिका प्रस्फुरण है ॥२॥

पुन: कैसा है जाके निर्विकार कहिये सर्वथा एकांत पक्षरूप विकारतैं रहित अनेकांतात्मक निश्चय व्यवहार नयकरि निश्चित जो वस्तु स्वभाव, ता करि प्राप्त भई जो ज्ञानी नररूप सुशीलताकूं परायण कहिये, परमार्थ निमित्त पर जानकूं बांटि दीनी है ॥३॥

भावार्थ—वस्तु स्वभावकूं विना इच्छा प्रगट कीया, अहो मोक्षमार्ग धर्म वा ताका उपदेश प्रगट करनेवाला, अर्हंत जगत उजागर राजा, जहाज तुल्य, तरणतारण देव है। अथवा दीव है, करुण शक्ति जाकी ऐसा है ॥४॥

पुन: कैसा है जैसें त्रिदोषके कोपतैं जीवन के, कपाल चेष्टाकी चैतन्य शक्तिमें विघ्न होने तैं, उन्माद रोग पैदा हो जाता है, और उसके होनेसें सुबुद्धि जाती रहती हैं। तवशद्वैद्य सुन्दर उपचार करि, वाकारोग दूर करै है।

सुगंध द्रव्य वैदाधा हरै है, तैसैं ही अर्हंत जगत उजागर वैद्य राजानैं। निश्चित, वृत जो वस्तु स्वभाव। ताके उपदेश रूप मकरंदकूं फैलाय, त्रिजग जाये कहिये। तीन लोकके भव्यात्मा जीव तिनका भ्रम रूप उन्मादकूं, दूर करि। जन्म जरा मृत्यु रूप त्रिदोषकी व्यथा दूर करी है, ऐसा जो कोई

जगतका परम गुरु जगतमें उजागर राजा है ताकूं हम जयवंत होहु। ऐसा शिष्य भाव करी आशीर्वाद करा है, सो प्रथम पक्षमें है॥२॥

पक्षांतर अर्थ, तथा पक्षांतरमें उजागरमल राजाकूं याही श्लोकमैंहैं दूसरा अर्थ करि, या भांति आशीर्वाद करैं है। कैसा है उजागरमल राजा जगत उजागर राजा है, सब जानैं हैं राज द्वीप पर आरूढ है। उक्त महाविरकूं भोगी है॥१॥

पुनः कैसा है यतन कहिये घन रज कहिये धूलता आरतम कहिये आवरण, तातैं अतीत कहिये अलग है।

भावार्थ अन्य अन्याय रूपकूं, धूलवत आनिताके कलंकके आवरण तेंदूर रहै है॥२॥

पुनः कैसा है केवल मय मूरति कहिये, केवल अपनी तनलबाहमें ही शरीरको पुष्टकरै है।

भावार्थ केवल अपने मय कहिये श्रम द्रव्यमें ही खुश है॥३॥

पुनः कैसा है असाधारण विरफुरति कहिये, ऐसा धारणा जाके फुरी है कि अविरत्न शब्द घनौवाः पदके। पद छेदका जो अर्थ है सो गुण स्वभाव ही तैं तामैं पाईये हैं॥ तातैं या पदके पद छेद करिये हैं, अविः अवगत कहिये। अवित अनुद्भावणा लागी है॥ यहां शब्दनामा शब्दके मध्यकार, पद पूर्णके अर्थ था। सो हमनें इस पक्ष मैं वकारकूं त्याग दिया, प्रयोजनके वशतैं सो जानना। पुनः अवित अनुद्भावणा लागै है यह धारना कैसैं हुई॥ यों हुई अघ ओवानः, पापूंका संचय नहीं है, तातैं भई अवधा, घनौवाः कहिये जैसैं घनके शब्द स्वभाव जन्म होता है। तैसैं स्वभाव ही रिसवत लेनेका त्याग भया है, यहा अकारका लोप जानौं जो घनसे पहली था॥६॥

पुनः कैसा है निर्विकार ताकूं निश्चै किया है।

भावार्थ—राजाकूं रिपुवत् जेता विकार है सो सब ताके त्यागसैं निर्विकार है ॥७॥

आनंद कहिये सन्तोषो है ॥८॥

गुण गन्ध परायण कहिये गुण रूप सुगन्ध जहां देखता है। तहां परायण कहिये परुंचाले भौंरेकी भांति जा लिपटे है ॥९॥

परमार्थ उपदेश तरण तारण पतराय रायण कहिये। पर जो प्रजा लोग तिनकूं मा कहिये ॥ लक्ष्मीकी पैदावारी अथवा अर्थशास्त्र कहियै। असि, मसि, कृषि, कर्मादि राजनीतिके उपदेशका देनेवाला है ॥ पुनः दुष्टकूं दंड सज्जनका पालन करनेवाला है। ऐसा तरणे जोग्य न्यायवंत राजा है ॥ महाजतुल्य है भरमोन्माद जो प्रजाको असावधानी। तिसका हरनेवाला है, जगतगुरु कहियै एको देशमैं, जगतके राजनीत धर्मका उपदेश देने तें जगतगुरु है ॥ भाजं कहिये भव्य जीव है। त्रिदोष कहिये आत्मस्तुतिः ॥ परनिंदा तथा निर्विवेकतारूप जो त्रिदोष। सोई भया रोग तिसकूं दूर किया है ॥ ऐसे गुण विशिष्ट जगतमैं। उज्जागरमल राजाकूं देखि। जगी नयनानंद, जयवान होहु अर्थात शत्रुगतिकूं विजय करो ऐसा आशीर्वाद करे है ॥ इत्यर्थ। अथ पदपंचपरमेष्टीकी स्तुतिका पूजाके वक्त पढनेका हजूरी रागनी झोझो।

जै जै जै जिन सिद्ध अचारज उवज्झाय साधव शिवकर ॥टेक॥

जै कल्याण धाम जग तीरथ पोषक सकल चराचर जंत। पूजत नित पदपंकज तुमरे नरनारायण करु सब सन्त। जै जै जै जिन० ॥१॥

शूकर सिंह नवल मर्कटको सुर्यौ सकल हमनैं विरतंत।

ऐसे अगम अपारे तुमनें अठ कीने तिनकूं अरहन्त॥ जै जै जै जिन०॥२॥

नागदघ दंडक स्थानादिक मीदभेदसे कीन अनंत। कर उद्धार पार दिए जगसैं जिन पूजे तुमकूं भगवंत॥ जै जै जै जिन०॥३॥

रावरंक सेवक अरु शत्रु निगुणगुणी निर्द्धन धनवंत। सबकों अभेदान तुम बांटो जो भवके भयसैं भयवंत॥ जै जै जै जिन०।४॥

है व्याकरण विषै तुम शास्त्रा अर्ह इति पूजायां अन्त। इत्यादि अखण्डित, पूजा मंडित पंडितजन मान्यो सब संत॥ जै जै जै जिन०॥५॥

वीतराग सर्वज्ञ भए तुम तारण सु भाव धरंत। तीरथ परम परम पुरुषोतम परम गुरु सब स्तुति कहंत॥ जै जै जै जिन०॥६॥

तातैं जल चन्दन दम अर्चें अक्षत पुष्प रुचरु दर्पंत। धूप महाफलसें तुम पूजा है, त्रिकाल त्रिभुवन जेवंत॥ जै जै जै जिन०॥७॥

सब पर दया अभीके साहिबदास नैनसुख एम भनंत। कर पुतदिष्ट भ्रष्ट मत राखो वेग हरो भव बाधा अन्त॥ जै जै जै जिन०॥८॥

अथ हजूरी रागनी खंम्माचकी।

क्यौं नाबचाते जिनराज हो मैं शरणैं आयाजी, क्यौं नाबचाते जिनराज॥टेक॥

भगनदर अकीलोजी, भस्म करै है मैंकोजी। वेग बुहुल्यो जिनराज॥ हो मैं शरनैं॥१॥ काल अहेडनें तो जी, जाल लगा दियाजी। आन फसयो मैं जिनराज॥ हो मैं०॥२॥ टूटीजी नैय्या मेरीजी, पार लगा दो जी। मझधारामें पडी आय॥ हो मैं०॥३॥

नैनानंद थारीजी हे बलिहारीजी। भवभवमें हुजियो सहाय॥ हो मैं ॥४॥

अथ पद हजूरी रागनी झ्योंझो

राजको सोच न, काजको सोच न। सोच नहीं प्रभु नर्कंगणको॥ राजको० ॥ ५ ॥टेक॥

सुरग छुटेको सोच नहीं है, सोच नहीं तिरजंच भयेको। जन्म मरणको सोच नहीं है, सोच नहीं कुल नीच गयेको॥ राजको० ॥१॥ ताडन तापनको, सोच नहीं है सोच नहीं तन अगनदहेको। सीस छितेको सोच नहीं है, सोच नहीं तृव भंग दियेको॥ राजको सोच न० ॥२॥ ज्ञान लुटेको सोच नहीं है, सोच नहीं ऊध्यांत भयेको। नयनानंद इक सोच भयो अब, जिनपद भक्ति विसार दियेको ॥राजको सोच न० ॥३॥ राजको सोच न काजको सोच न सोच नहीं प्रभु नरक गयेको। राजको सोच न० ॥४॥

अथ पद हजूरी रागनी खमाची ठुमरी।

हमें शिव दिखला दे मुक्तीके बसैयाजो ॥टेक॥

चारित तजैया, परिग्रह तजैयाजी हो मैं थारी निज-रसके रसैयाजो। हमें शिव० ॥१॥

आश्रव हरैया, निर्जरा करैयाजी। हो मैं थारो दुर्गतिके नशैयाजी ॥ हमें शिव० ॥२॥

तेरी नगरिया तेरी अटरियाजी, हो मैं थारो दुग सुखके करैयाजी। हमें शिव दिखलादे मुक्तिके बसैयाजी ॥३॥

अथ पद रागनी खाम भैरवी, तथा खास खम्माचमें यह ठुमरी हजूरी गाई जायगी।

डूबी पडो भवसागरमें मोरी नैयाकूं पार उतारो महाराज। डूबी पडो० ॥टेक॥

बीत्यो है अनन्तकाल, डूबो जन्मके जंबाल, देके अवलंबनिज तारो महाराज ॥डूबो पडो० ॥१॥

लोभ चकमांहि परो, क्रोध मान माया भरो। राग दोष मझसैं उबारो महाराज ।डूबा पडो० ॥२॥

तारे अधरमी अनेक, पापीऊ उबरो एक, वीतराग नाम है तिहारो महाराज ॥ डूबा पडो० ॥३॥

कहै दास नैनसुख, मेटो मेरा सब दुख, खैंचिकैकु घाटसैं निकारो महाराज । डूबो पडो भवसागरमैं मोरो ॥४॥

अथ पद हजूरी राग मारू। कर्मनकी गति टार हो स्वामी, कर्मनकी गति टार ॥टेक॥

दरपन तैं मैं संकट पाए, गयो नरक बहुबार। हो स्वामी· कर्मनको ॥१॥ कबहुक पशु परजाय धरी तहां, दुख पाए अरमार हो स्वामी । करमनको० ॥२॥ देव मनुष गति इष्ट वियोगी उपहो वारनपार। हो स्वामी कर्मनको० ॥३॥ आर वीतराग लखि तुमकूं राखो चरन मझार हो स्वामी । करमनको ॥४॥ नैनसुखकी अर्ज यही है, भवसागरसैं तार हो स्वामी ॥कर्मन०॥

इति समुच्चय जिनस्तुति षष्ठोऽध्याय संपूर्णम् ॥ ६ ॥

सप्तम अध्याय

ॐ नमः सिद्धेभ्यः। अथ सप्तम अध्यायमें प्रत्येक जिन के पद लिख्यते। तत्रादौ आदिनाथ जी के पदोंका संग्रह आदिनाथ-जीका पद हजूरी राग खम्माच जंगला गजल ॥

सुनरी सखी इक मेरी बात, आज नगरमें बरसैं रतन। ॥टेक॥ लीनो है आज ऋषभ अवतार, नाभिराय घर हरख अपार। रतन जु बरसैं पंच प्रकार, शीतल पवन सुधाकी

भरन। सुनरी सखी इक मेरी बात, आज नगरमें बरसें रतन ॥१॥ पुष्पवृष्टि दुन्दुभि जयकार, बट तब धाई घर घर बार। आज अजुध्या नगर मंझार, पूजत इन्द्र प्रभूके चरन, सुनरी सखी इक मेरी बात, आज नगरमें बरसें रतन ॥२॥ सब बहुबा जंगल गुलजार, बन उपबन फूले इक बार। कामिनी गावैं मंगलाचार, बोलत पिक द्विज चरय बचन। सुनरी सखी इक मेरी बात। आज नगरमें बरसैं रतन ॥३॥ चन्दनसें चर्चे घरबार, छटकाये सलि दन्दनधार। है जो दृग सुखको दातार। लीजै प्रभूका चलके चरन, सुनरी सखी इक मेरी बात। आज नगरमें बरसें रतन।४॥

अथ पद आदिनाथजीका हजूरी राग ड्योंडी।

आदि पुरुष तेरी शरण गही, अब टूटीसो नाव समुद्र बिच बेड़ा ॥टेक॥ नाभि पिता मरुदेवीके नन्दन, इस जगसर कोई नहीं मेरा। अगम उदधिसैं पार लगाबो, जान पहुंचाह्यां काल लुटेरा। आदि ॥१॥ आतम गुणकी खेपलुटी सब, लूट लियो अनुभव धन मेरा। दोन बंधु इस करम भंवरकी, कठिन बिपत्तिमें पड़ा है धाराचेरा। आदि ॥२॥ क्या तो नैया उलटी ही फेरो, क्या अब पार करो यह बेड़ा। नैनानन्दकी अरज यही है, नातर बिरद जावै तेरा। आदि ॥३॥

अथ पद हजूरी आदिनाथजीका राग जंगलेकी लावनी वा ठुमरी बत्तौर बधाई।

नाभि घरले चलरी आली; जहां जन्मे आदि जिनन्द किया वेमान बिजय खाली ॥टेक॥ ऐरापति गजराज सुरगर्षे सुर सेना चाली। फूलनके गजरा गुन्दलाये लानके थाली। नाभि घर ले चलरी आली ॥१॥ नन्द हद जरत्य टेरें मोर मुकटवाली। ऊन नऊन नद्रि गद्रि गन करत सुरदे देवर

थारी। नाभि घर ले चकरी चाको ॥२॥ गंधोदककी दृष्टि रतनकी धारा सु' डाको। शीतल मन्द सुगन्ध पवन बह च्यारों दिश चाको। नाभि घर ले चकरी चाको ॥३॥ जल चन्दन अक्षत सुर ल्याये फूलनको ढाको, चरु दीपक शुभ धूप फलादिक भर भर थाको नाभि घरले चल भरी चाको० ॥४॥

सुफल भयो अब जन्म हमारो, चऊं गति दुख टाको। नैनानंद भयो भविजनकूं लखि यह खुशयाली, नाभि घरले चल री चाको। जहां जन्मे आदि जिनंद हुयो यशोर्थ विद्यालो ॥५॥

अथ पद आदिनाथजीका हजूरी ठुमरी जगला झंझोटीका भिला। नाभि कंवरका देख दरस अब दूर हुआ दिलका खटका ॥टेक॥

इन्द्र वधू जिन मंगल गावैं, भेष कियें नागर नटका। मेरु शिखर पर जनम इन्द्रका जिन उःछवकूं मन भटका। नाभिक० ॥१॥

पांडुक वन सिंहासन ऊपर रतन माल मण्डप लटका, सुर गण ढालत छीर उदधिके सहस्र अठोतर भर ,मटका नाभिक० ॥२॥

तांडव नृत्य कियो सुर राईस कल अंग मटका, सुर किनर जहां बीन बजावे कर कंगण झटका झटका। नाभि कवर का० ॥३॥

कुगुरु कुदेव कुलिंगी दुर्जन देखन कूंभो नहीं फटका, धर्म सार पायो दुखदाई देश त्यागका बैंबटका। नाभि ॥४॥

पुन्य भंडार भरे भवि जीवन सरनवल्यो प्रभु पद तटका, सरधावंत भये मिथ्यातो पाप भार सिर पटका। नाभि ॥५॥

आज दिवसकूं दास नेनसुख फिरताथा भटका भटका, कौन वधू अब यही दिवस है देऊ पुन्य हमरे अटका। नाभि कवरक देख दरस अब दूर हुआ दिलका खटका।

अथ पद आदिनाथजीका हजूरी ठुमरी जंगला, लिया आज प्रभूजीनैं। जनमपुरी चलो अवधिपुरी गुन गावनकूं ॥टेक॥

तुम सुनोरी सुहागन भाग भरी, चलो मोतियन चौक पुरावनकौं। लिया आज० ॥१॥

सुबरण कलश धरो सिर ऊपर जल ल्यावैं प्रभु न्हावनकौं, लिया आज० ॥२॥

भर भरथाल दरबके लेकर चलोरी अरघ चढावनकौं, लिया आज० ॥३॥

नैनानंद कहै सुन सजनी फेर न अवसर आवनको, लिया आज प्रभूजीनै० ॥४॥

अथ अजितनाथजीका पद राग भैरवी हजूरी ठुमरी जंगला।

तुम हमें उतारो पार अजित जिन भवि दधि मांहि पडरि कैजी ॥टेक॥

हमकूं अष्ट करम वैरीनैं, लीने बांधजकरिकै जी। हमन चलेंगे उनके संग, रहैं तेरे द्वार पसरिकैजी। तुम हमें उतारो पार अजित० ॥१॥

अष्ट दरबले पूजन आयें, लेंगे दान ऊगरिकैजी। भावैं दया निमित शिव दीज्यो, भावैं दीज्यों पकरिकैजी। तुमहमैं उतारोपार० ॥२॥

जिन जिन तुमकों पूजे ध्याये, भक्ति गये वर्स सुधरिकैजी। छिन सुखके भव बन्धन तोडो, खरिहै नाहि मुकरिकैजी। तुमहमैं० ॥३॥

अथ पद पद्मप्रभुजीका रागधनासरीदादरा।

हमकूं पद्मप्रभु शरण तिहारीजी ॥टेक॥

पद्म जिनेश्वर पदमा दायक, घायक दु भवके दुख भारीजी। हमकूं पद्म० ॥१॥

तुमसो देव न जगमें दूजो, अब हमसे दुखिया संसारीजी। हमकूं पद्मप्रभु शरण० ॥२॥

अपने भाव सकल मोहि दीजे, यह तुमसे अरदास हमारीजी। हमकूं पद्म० ॥३॥

नैनसुख प्रभु तुमरी, भव दधि पार उतार न हारीजी। हमकूं पद्म० ॥४॥

अथ पद्मप्रभुजीका पद शाहपुरके मन्दिरके मूल नायक रागनी भैरवी।

जानि बिराजे जिन पद्म जिनेशा ॥टेक॥

शाननगरीमें दुखम सुखमकूं, गनिये सुखम प्रमेशा। जानि बिराजे० ॥१॥

सबवादिक आवनको तरसैं, तातैं हमरे भागबलेशा। जानि बिराजे० ॥२॥

दोहा–मनवच धनवन अंगबल, नृपबल नृपबल हीन।

जानि बिराजे शाहपुर, जानि धराबग दान जिनेशा ॥३॥

श्वेत संगमय बिंब बिहारी, ज्यों अकलङ्क निशेशा।

पाप ताप निरखत ही भागत, ज्यों अहि निरखि खगेशा। जनि० ॥४॥ ज कुमारपर करुणा उरजो, विष्टेश सुबरेशा। पंचन मिलि मंदिर चिनवायो; जै जे जै नम तेशा। जानि बिराजे जिन पदम जिनेशा ॥५॥ अबकौं नाथ तरूं भवसागर, सुगतूं करम कलेशा। भव भवमें प्रभु तुमरी सेवा; चाहत नैन सुखेशा। जानि बिराजे जिन पदम जिनेशा ॥६॥

अथ पार्श्वनाथजीका पद रागनी झ्योटी।

हमकूं आप करो अपनी सम पारस कलि अरदास करी है। हमकूं आप ॥टेक॥

नाम प्रभाव कुधातक नवहो महिमा अगम अनन्त भरी है। सकल सृष्टि उतकिष्ट सम्पदा, तुम पद पंकज आय परी है॥

हमकू० ॥१॥ जो तुम पद पद्माकर सेवें तिनतें भव आताप टरी है, जनम मरण दुःख शोक विनाशन, ऐसो तुमपे परम जरी है। हमकूं ॥२॥ कहत नैनसुख हमरी नैय्या, इस भव भंवर मंझार अड़ी है। परम असाता मेरी मेटो जगत्राता, ह्यां सुख साता नहीं एक घडी है॥ हमकूं आप करो० ॥३॥

इति सप्तमोध्याय सम्पूर्णम्।

अष्टम अध्याय

अथ श्रीमान् राजराजेश्वरी उग्रसेन राजदुलारी श्रीराजेमती सतीके नेमिनाथ अवतारके वियोग योग और वैराग्य भावके पदोंका संग्रह रूप अष्टम अध्याय बालबोधार्थ लिख्यते।

इसमें तीन तुक्क हैं। इस भांति भुजन तुक्क ॥१॥ होलीतुंग ॥२॥ चन्दन काठ नामांकित भजन तुंग ॥३॥ पद बचन राजमती ठाकुर की स्त्रियोंसे राग ठुमरी जंगला।

वंशकी पतिव्रता नारी, तुम सुनो शुद्ध अवतंश वंशकी पतिव्रता नारी ॥टेक॥

सूर्य चन्द्र हरवंशयहू, अरु नाथवंश धारी। तुम भरथ नागनोंकी आपी हो सब उत्तम डारी, तुम सुनी शुद्ध अवतंश वंशकी पतिव्रता नारी ॥१॥

सब हो रही हिलमिल एक, यदपि हो सब न्यारी न्यारी। ज्यौं एक खेतके भेद, खेतकी हों बीधों क्यारी ॥ तुम० ॥२॥

इन क्यारिनमें सतियोंने जाये तीर्थंकर प्यारी, जिन उपादेय अरु हेय बताके शुद्ध दशाधारी ॥तुम० ॥३॥

मनमें धर सन्तोष उन्होंने तृष्णा निर्वारी, अरु केवलज्ञान उपाय किया फिर मोक्ष पंथ जारी। तुम० ॥४॥

जिनको सुरनर मुनि मन्तनें आज्ञा शिर धारी । जिन संकी उनकी आन हुवा अनंत संसारी । तुम० ॥५॥

हम उनके कुलकी बनी धन्य शिवदेवी मातारी, जिन जाया मेरा कंत नेम है उसो बेना तारी । तुम सुनों० ॥६॥

मैं गूंदा उसपर सीस उसीकी चुनियां आचारी, सो तज दई उसके संग और अब न रहैं आवारी । तुम० ॥७॥

मैं हौंके वंश विभूषण दूषण फैसें ज्यूं प्यारी, ज्यों लंकपतिकूं देख कलंकी हुवा दुराचारी । तुम० ॥८॥

उन छोटे कीने भाव अवलको फांसी गलडारी, वह कुलका कर गया नाश हुव गया अठला गया गारी । तुम० ॥९॥

है जनक सुता जैवंतसु जस है अब लोंभी जारी, मैं क्यों कर गूंदूं सीस, और पै अपजस है भारी । तुम० ॥१०॥

यों करि पति बुद्ध सुबुद्ध राजमति गई बो गिरनारी, लिया नेम नवल सोहा नन सुख जावे बलिहारी । तुम० ॥११॥

राग धनासरी वचन राजमतीका सखियोंसें, येरी भैना बावरी कौन हमारा नातो, कौन हमारा नातो कौन हमारा नातो, येरी भैना बावरी कौन हमारा नातो ॥टेक॥

मोह विकल तुम, हमहिं न रोको. जियाको मोह न रातो, पूरब भव अनंत सखियन संग, खेलत रही विलछातो । येरी भैना० ॥१॥

मेघोदधि, धन, तन, करि वेळ्यं, यह भव और अघातो, पट दरशन भरपूर सदा ही, कोई न दिसू को साथी । येरी भैना० ॥२॥

मूढो पन्थ फिरूं, भव कानन, शिवपुर डगर न पातो, चऊं-गति द्रुमतल बैठि बैठिकै, रो रो नैन सुजातो । येरी भैना० ॥३॥

ऊंच नीच कुल नाम धरायो, करि करि ठारा नातो, अंतराय वश तप नहिं कीनो, दुःख सहे दिन रातो, येरी मैना बावरी कौन हमारा नातो ॥४॥

अब हमने प्रपिया ढिग सजनी, आतम हित बन आतो, नैनसुख अब मन राजुलकूं लिनरो क्यों मन हाथो, येरी मैना बावरी० ॥५॥

अथ—राग जंगला झंझोटी बरवा देश च्यारोंका बधीर ठुमरी रांजेकी, बचन राजमतीका पितासें।

मैं अब जैन जोग ल्यूंगी, हे चाचा मोहि पठा गिरनार, मैं अब जैन जोग ल्यूंगी ॥टेक॥

शोरीपुरसें व्याहन आये, नेमिनाथ भरतार, जूनागढ़में बरन लगे जब, पशु बन करी है पुकार, मैं अब जैन जोग ल्यूंगी ॥१॥

तीर्थंकरसे व्याहन आवे होत मंगला चार देखो हमकूं उग्रसेननें, दिये वंधमें डार। मैं अब० ॥२॥

इतनी सुन बैराग भये, प्रभु धिग धिग या संसार। प्रभु छुड़ाय आभूषण तारे, दिये भूमिमें डार। मैं अब० ॥३॥

नव भव राखो सरण आपने, दुशवें दई बिसार। नैनानंद जो मैं बिसरूंगी, कब उतरूंगी पार। मैं अब० ॥५॥

अथ—पद उर राजमतीका अपनी माताके राग बरवा ठुमरी॥

मेरे करमसें जोग लिखारी, मत सोग करै मेरी माय। करि एरी मत सोग करै मेरी माय, मेरे करमसें जोग लिखारी। मत सोग करै मेरी माय ॥टेक॥

भोग लगनमें करम कथा मेरी, मुनिवर दई थी बताय री। मेरे करमसे जो० ॥१॥ तेरो पिया नव भवको संगाता, दशवें जनम शिव जायरी। मेरे करमसे जो० ॥२॥ अब मैं धीर धरूं कैसे सजनी, पीव भए मुनि राख दावरी ॥मेरे०॥३॥ जाय

तपोवन भई अरबिक्षा, नैनानंद गुण गायरी। मेरे करमके भोग हिसारी, मत भोग करे मेरी माय ॥४॥

बचन राजुलजीका सखियोंसे राग पीलू दरबां जंगला मिश्रित ठुमरी ॥

बदल गए नैनारी, बदल गए नैना नेमिज पीछे बदल गए नैना। नेमिज पीछे बदल गए नैना ॥टेक॥

जिनका जनम उपगार हमने किये, नरक परतरासे भैना। बदल गए नैना, नेमिज पीछे बदल० ॥१॥ सुनरी बहनियां मैं हूं वाकी मिलनियां, हनत गुनि नयनु छैना। बदल गए नेमिज० ॥२॥ भोग दिखलाई सत गुरसे छिमाए अब तब सीखे वृत लेना, बदल गए नेमिज० ॥३॥ नव भव पहरे वाके नव कर चुरला, काईके गुदाए हिरी वैना। बदल गए। नेमिज० ॥४॥ याद दिलाय पूर चली बतियां, सुन पशुवनकी सैना। बदल गए०। नेमिज० ॥५॥ मोतियन मांडा कहा अब करनो, कहा करनो मोहि गहना। बदल० नेमिज० ॥६॥ ढैय्यां पहि मोरी वैय्यां, गहेंगे और दिसूलेनि भैना। बदल नेमिज० ॥७॥ रत्न मत कहत कहन सुन हमरे, देख छिमा कर देना। बदल० नेमिज० ॥८॥ अब हम नेम शरण बन बसि हैं, हमरे ठिख ये ही कहना। बदल०। नेमिज० ॥९॥ नैनानन्द धन धन वे प्राणी जिन सब भोग गहेना। बदल०। नेमिज० ॥

छन्द—यह वचना राजुलजीका नेमिनाथजीसे राग जंगला खास ॥

देके दरस क्यों फिर गएजी प्रभु देके दरस क्यों०। टेक॥

क्यों जूनागढ ब्याहन आये, क्यों बलिभद्र हरी संग ल्याये। क्यों सिरमें सेहरा बन्धवाये, क्यों गिरनार शिखर गयेजी ॥ प्रभु देके दरस ॥१॥ नव भवकी मैं चेरी थारी, तुम मेरे नाथ मैं हूं थारी नारी। इस भव में किस हेत बिसारी, हो कौनके

वनमें पड़ गयेजी ॥ प्रभु देखे० ॥२॥ नगन दिगम्बर मुद्रा धारी, अब चाहत हो मुक्ति पियारी। ऐसो लोभ न चहिये भारी, करुणा भाव बिसर गएजी ॥ प्रभु देखे० ॥३॥ प्रभु बनको तुम बन्ध छुटाई, राजुल चरन तुम्हारी आई। नैनानन्द यह बिनती गाई, चरन आये यो सिर गएजी ॥ प्रभु० ॥४॥

अथ बचन राजुलजीका समस्त परिवारसे।

मुक्ति रमणिसैं अटको हमारे पिया, मुक्ति रमणिसे अटक्यों रे ॥ टेक ॥

व्याह समैत पशुनको शोर सुनत अटक्यों रे, हरि बलभद्रको कह्यो न मानै। अपनी हठसैं हटक्यों रे ॥ मुक्ति रमणि० ॥१॥ नासा द्रिष्टी खड़ो गिरवर पर भेद न खोले घटको रे। समुद्रबिजै सेय पग पहारे, डाल उराबिर पटको रे ॥मु० ॥२॥

कर कंगण गल हार बिसारे, कियो न लोभ मुकटको रे। नैनानन्द उस नेम नवलके, दर्शनकूं मन भटक्यों रे ॥ मुक्ति रमणिसैं अटक्यों रे, हमारे पिया० ॥३॥

अथ बचन राजमतीजीका रागनी झँझोटी ठुमरी।

गिरनारीकी डगर बतादो रे, गिरनारीको डगर बतादो रे ॥टेक॥

जब संवत् १९३६ सौ पांच महीनेकी उमरमें दया सागर था तब कविताकूं ४३ वर्षकी उमरमें उसका काम हुवा बडे ऋद्धै पाला संवत् १९२६ में बीमार हुआ, तब कविता परदेशमें था। रस्तेमें ये दंनूं भजन बनाए जिस वख्त कहे, उसी वख्त घरपे संकट सब दूर हुवा । चंगा पाया, फिर यही मन्त्र हर संकटमें सहाय करता रहा । राग कलिंगड़ा तथा परज पद अर्हत स्तुति ॥

विपत पडे कोई बन्धु न आई तुम ही नाथ सहाई, विपत पड़े ॥टेक॥

संपतिके सब बने संगाती संकटमें दुःख दाई, वे दुश्मन् तुम अति हितकारी या में शंक न राई । विपत पड़े ॥१॥ सुनि लई आन परजि लिए नैन न लिए दोनूं पति याई, बैपारन तुम मोहन चाहिये शिर दग सारथ जाही । विपत पड़े ॥२॥ पुत्र जुगल पर कोप विचारे करम उदय गति आई, फिर कर्मन यह नाच नचायो दो घर भीख मंगाई । विपत पड़े ॥३॥ मिल गए रतन जतन बहु कीने, गाय गीत बधाई । तिनहू दनूं दाय पछारे कछु नहि पार बसाई, विपत पडे ॥४॥ फिर कछु काल कलेश उठाए, विरह अवस्था आई । तुमरी भक्ति किये चित्त दंनूं कर लई तुरत सुनाई, विपत पडे ॥५॥

पांच मासको बालक लेके घर बैठे ईदमाई, बखत गई मोहि परम दया कर किंचित बार न लाई । विपत पडे ॥६॥ तब तैं

दया बिनु तुम जाने कर जाने सुख दाई, तातैं नाम दयासागर धरिके पाल्यो जिन राई। बिपत पड़े ॥७॥ अब साहिब इक खबर जहानमें ऐसी सुनि पाई, दास तुमारो संकट पावै कोई न शरण सहाई। बिपत पड़े ॥८॥ मैं परदेशी दास तुमरो घर पारसनाथ दुहाई, तुम ही मन्त्र जन्त्र तुम औषधि तुम्ही वैद्य तुम भाई। बिपत पड़े ॥९॥ तुम ही दियौ तुम ही अब पालो तुम ही करो सहाई, नातरदास नयनसुख भाखे होगी जगत् हंसाई बिपत पड़े ॥१०॥

इति संकट हरण अध्याय पन्द्रशम् संपूर्णम्।

अध्याय सोलहवाँ

अथ दिल्लीकी मन्दिर मंजरीका अध्याय षोडशवां लिख्यते छप्पय ॥

मगल श्री अरहंत जिन मगल सुखसागर, मंगल गुरु निर्ग्रन्थ पंथ सर्वज्ञ उजागर। वन्दनादि मन मान सुख नगर उच्चारूं शिष्टाचार विचार इष्ट हिरदै धर धारूं, श्री नदिल्ली नगरकी। यहूं प्रतिष्ठा मंजरी, जिन धार निरट संबार करु। सेवो जिन पद कजरी ॥१॥

जपनिका फूलोंके हारकी तरह हर एक तरेंके फूल गूंथूंगा और हर बातको गूंथ कर एक एक दिन गंडा डालता चला जाऊंगा जिसकू टेक और निशान कहते हैं जो यह है जिसे गंडा या नौहारका लिया। कंठालंकृत छन्द, जिसकी ६४ मात्रा और ४ लघु अन्तमें पड़ा होती हैं॥

बोलो जैन धर्म जैकारा, जिससे कट जा संकट सारा बाजै मुक्तिमें नकारा। भैया जन मन बारंबारा ॥१॥

अब ढालमें जिनमतकी प्रशंसा, और अनादि अनन्त धर्म ऐसा कहूं हूं फूलोंकी गूंथ। छन्द कंठालंकृत॥

सुनियो उत्तम जन बड़ भागी, जिनने परमारथ अनुरागी। ग्यानी ध्यानी अरु बैरागी जिनके भक्ति प्रभुकी लागी, उनके अपने दोष छिपाऊं। तुमकूं मिसर आनि सुनाऊं, श्री जिन बिंब प्रतिष्टा गाऊं। मंगल मेला तुमैं सुनाऊं॥२॥ अब तो उमगो आनन्द सागर, हो गई सुलतों बात उजागर। तुम हो पंचायतकी चादर, कहियो जिन मंगलका आदर॥३॥ ये है धर्म अनाहदि अनन्त, जिसकूं माने संत महंत। जिसमें जीव दया बिरतंत, भैय्या सब मतका है संत॥४॥ पूजें ब्रह्मा बिष्णु महेश, ध्यावे इन्द्र और गणेश। सेवा करते हैं चक्रेश, जिसमें लोप नहीं लव लेश॥५॥

बिसेषंक—बोलो जैन धर्म जैकारा, जिससे कटजा संकट सारा। बाजै मुक्तिमें नक्कारा, भैय्या जन्म न बारंबारा॥६॥ इति॥

दूसरी ढाल में देश नगर बतलाके हर मजहब के लोगूंको मेला देखनेके लिए सन्मुख करता हूं, फूलोंकी गूंथ। छन्द कंठालंकृत॥

ए तो जम्बू द्वीप है भाई, जिसको खार समुद्र खाई। इक लाख जोजनकी चौड़ाई, गावे संत महत बड़ाई॥१॥ या में सुदर्शन जान, दुख्यन भरत क्षेत्र पहचान। जिसमें आरज खण्ड महान, यही पुन्य भूमि सरधान॥२॥ यो ही कुरुजांगल है देश, जिसमें जैनी बसे हमेश। जन्म तीर्थंकर चक्रेश, कर गए जीव दया उपदेश॥३॥ तीरथ हस्तनापुर है भारी, जिससे जैन धरम है जारी। तिसकी दक्षिण दिशा मझारी॥ दिल्ली है केसरकी क्यारी॥४॥ ये तो रही युधिष्ठिर राजा, बजता रहा है मारू बाजा। इसका कहा है वे अन्दाजा, प्यारे सुनैंते अबही आजा॥५॥

बोलो जैन धरम जैकारा, जिसमें कट जा संकट सारा। बाजे मुक्तिमें नक्कारा॥ भैय्या जनम न बारंबारा।६॥

पहली दूसरी तीसरी बातमें शहरके कोट किले और रेल पुल और तीर्थके मार्ग बतलाए जाते हैं।

फूलौंको गूंथ छन्दके ठाले कृत।

अब मैं लिखूं शहरका हाल, सुनियों सब हो खुशहाल। जिसकी खंदक है पाताल, जिसमें नहर दई है डाल॥१॥ जिसके बारा हैं दरवज्जे, पक्का कोट बने हैं छज्जे। जिस पर सदाद बाजे बज्जे, उड गए दुश्मनके ह्यां धज्जे॥२॥ बुर्जें बुर्जों तोप धडकैं, जैसी बिजली टूट तडकैं। सुनके दुश्मन लोग धडकैं, बन रहे घूघस और छडकैं॥३॥ तीरथ कालिंदी के तीर, बन रहा लाल किला गम्भीर। बहता शांतल शीतल नीर, करते सैर अमीर वजीर॥४॥ आगे बना सलेमगढ़ बांका, ये है जंगल दलका नाका। जिसने बुरी नजरसे झांका, तांपे देख कलेजा कांपा॥५॥ पुल है कालंदीका प्यारा, मिलिल रांका बारंबारा। वो तो लोहेका है सारा, जिसकूं लागा दरब अपारा॥६॥ नीचे बहता जल धूधारा, ऊपर चलता है बजारा। उसपर छत लोहेकी डार, उसपर दोनी सडक निहार॥७॥ वो तो दई लोहेकी तान, जारी कर दिये अग्नि विमान। फिरते सारी हिन्दुस्तान, चाले वो पोवन अनुमान।८॥ भावे भावे श्री गिरनार, भावै वन्दो शिखर पहार। जावो काशी और बिहार। दरस्यो तीरथ सब संसार॥९॥ बोलो जैन धरम जैकारा, जिससे कटता संकट सारा। बाजे मुक्तिमें नक्कारा, भैय्या जन्म न बारंबारा॥१०॥

अब इन्द्र प्रस्थको आबादी और, और नगर निवा० सीबोगूंधा हाल। फूलौंको गूंथा। छन्द काठालंकृत॥

दिल्ली बस रही ऐसी ठौर। सारी पृथ्वी पर नहि और।

हो गए मूरत यहां शहजोर, कर गए आपना अपना जोर ॥१॥ जिसकी पूरब कानी राजे, दक्षिण में कृषभूमि बिराजे। पश्चिम में इसलाही गाजै ॥ उत्तर गंगा जमना छाजे ॥२॥ इसके यह अठारा भेद, जाते औषध मेटैं खेद। पंडित बांचे जहां जिन वेद ॥ काटे पापाम्बर निर्वेद ॥३॥ आते मुल्कोंके सौदागर, हैं सब हरदके धनसे उजागर। यहांके नरनारी सब नागर ॥ सबके रूपवन्त गुण आगर ॥४॥ रहते पंडित पंच प्रधान, करते गुणवन्तोंका मान। होते आए यहां सुलतान ॥ जाने सारी हिन्दुस्तान ॥५॥

ऐसी पंच भलेटो प्यार, जिसमें पटमतमके सरदार। चुन चुन आये हैं सरकार, जाते नीच कमीन ओवार ॥६॥ आगों इस शहरमें आए, राजा परजाके मन भाए। ए हैं दया धरमके पाए, उनके जस हमने यां गाए ॥७॥ है यहां एक साहु घर प्यारे, मानुष ठहै ठाम उघारे। आद सुन जैनी जिन मत धारे, हो रहे जिनके जो जे प्यारे ॥८॥ है सब चार इसी घर माव, दिग पट श्वेत पट सर्वे समोव। रहते आपसमें सब प्रीत, ये है रतन जनकी रीत ॥९॥ ये है धर्म दिगंबर मेला, ऐसा उत्सव परम दुहेला। खुल गया परमारथका गेला, हो गया दोनों लोक सुहेला ॥१०॥ बाजो जैन धरम जंकारा, जिसके कटजा संकट सारा। बज गया दिल्लीमें नक्कारा, भैय्या जन्म न बारंबार ॥११॥

दिल्ली खास शहरके अन्दर जोग २० मन्दिर चैत्यालय तो पहले प्रतिष्ठित हैं और एक मन्दिर लाला ईश्वरीप्रसादजीका नया बना है जिसकी जिन मन्दिर प्रतिष्ठा और जिन बिंब प्रतिष्ठाका मेला है सब मन्दिरोंका खोला और पता बयान किया जाता है यानी २१ शहरके अन्दर दिगंबर मन्दिर हैं। वजारी जुगादि देवके पंचायती मन्दिर

बादशाहीका बयान और श्रीमान राजेन्द्रकीर्तिजी भट्टारक दिगंबर होके महन्त जिनकी गद्दी का वर्णन जो अपार की प्रतिष्ठा करावेंगे पूजोंकी गूंज छन्द कन्ठाल कुत्र।

भैय्या इन्द्रप्रस्थके अन्दर, हैंगे बीस तिरी जिन मन्दिर। तिनका पता बताऊं सुन्दर, जिनमें तिष्टे देव दिगम्बर ॥१॥ कन्हों धरम परे संसार, मन्दर पंचायतका बार। होवें धेतक पूछ पुकार, खजूरकी महल्ल आगे यार ॥२॥ यह तें मंदिर आदि विराजे, श्री जिन ऋषभदेवका पाजे। जिसमें दुन्दुभ घण्टा बाजे, जिसकूं देख सुरग भी लाजे ॥३॥ जिसमें चौबीसों जगदीश, तिष्टैं पंचायतके बीस। जिनकी करैं नरेश रीस, करते मुक्तकूं बकसीस ॥४॥ करते भट्टारककी सेवा, पदकी जहां मणीं हो मेवा। जो कोई पूजैं श्री जिन देवा, उनका पार लगावें खेवा ॥५॥

उनकी पट्टावली है भारी, मैंने च्यार ही पुश्त उचारी। जिनकी प्रतिमाऊँ में सारी, खुरद ही लाख प्रतिष्ठा कारी ॥६॥ भैय्या वर्द्धमान भगवान, जबसे पहुंचे पद निर्वाण। छहसै और तिरासी मान, बीते वर्षोंके दरम्यान ॥७॥ श्रीमत् लोहाचार्ज विशाल, दोनों अक्ल्यकू मरण दिखाल। तबसे लगा गांव जंजाल, पाई शुभ गति परम दयाल ॥८॥ तिनकी अन्वयमें स्वामी, भट्टारक भए नामी। मानों लाहा वर्द्धक हामी, पा गए कौरल शुभ गति गामी ॥९॥ भैया पंचम काल मझारा, इनके जिन मंदर उदधारा। जहां तहां करवाते नकारा, तामें कुछ भी भेद न धारा ॥१०॥

यद्यपि हैं कुछ परिग्रह धारी, तदपि हैं अब ही मलहारी। जो कुछ लेते भेट हमारी, देते परउपकारमें सारी ॥११॥ जिनका बाह्य अंबर सुन्दर, भैय्या पाले संजम दुद्धर। वे भी करें ध्यानमें धुरन्धर, बैठे पांचों इन्द्री सुरकर ॥१२॥ रखते नित

कमण्डल पोथी, करते कुंकुम रंगको थोथो। जिनकी मांवर शुद्ध रथोतो, सब ही पंथोंके घर होतो ॥१३॥ रखते नम्र चरण अरु सीस, करते विद्याकूं बकसीस। सेते जैन धरम आदेश, देते पंथोंकूं आसीस ॥१४॥ ऐसे देवेन्द्रकीर्ति कहाए, जिनकूं सब पंथोंने ध्याए। पीछे जगतकीर्तिजी गाए, उनको गद्दी पर बिठलाए ॥१५॥

पीछे ललितकीर्ति देखाय, होने गद्दी पर बैठाय। तिनके राज इन्द्रध्वज थाय, सब ही रहा धर्म जगाय ॥१६॥ जिनको गद्दीके हकदार, पंडित है मुनि कर्मिधार। जिनको विद्याका नहीं पार, अरु हैं अति गम्भीर विचार ॥१७॥ वे तो शब्द कोश सब जानें, जिनको पटमत पंडित मानें। ज्योतिष वैद्यक मरम पिछानें, सारे सूत्र सिद्धांत बखानें ॥१८॥ प्यारे इस गद्दीका मान, होते आए सब सुलतान। ये हैं पचायत अस्थान, बढ़ता ज्यादों जिसका दान ॥१९॥ बोलो जैन धर्म जैकारा, जिससे कट जा संकट सारा। बज गया दिल्लीमें नक्कारा, भैय्या जनम न बारम्बारा ॥२०॥

अथ हरसुखरायजीके नये मंदिरजीका बयान और पण्डितोंको शैलीका जिकर यह मंदिर तेरहपन्थको शुद्ध आमनायका धर्म-पूरेमें है।

प्यारे धर्मपुरेमें आके, पूछो दूजो मंदर जाके। तुमको गहरा ध्यान लगाके, वन्दो अजितनाथ गुन गाके ॥१॥ लाला हरसुखराय बनाया, जिसमें संगमरमर बिछवाया। सोना भीतों पर लिपवाया, जहां तहां रत्नोंसे जड़वाया ॥२॥ वेदी समोशरण मण्डान, जिसमें तिष्टे श्री भगवान। आवे देखनकूं सुलतान, जिसकी पड रही धूम जहांन ॥३॥ लग रहा हुकम द्वारपे तेज, दीना है मलकेने भेज। टोपी तारैं सब अंगरेज, बिछती नहीं किसीकी सेज ॥४॥ तारैं दरवाजेपे बूंट, जो भा पग देखें

चौखूंट। बाटैं सम्पत भरभर मूठ, इसमें नहीं है भैया झूठ ॥५॥

जिसमें सब साधर्मी लोग, सुनते जिन सिद्धांत मनोग। करल्यो दरशन पुण्य संजोग, छूट जाय जनम जनमके रोग ॥६॥ जिसमें च्यार विराजैं पंडित, च्यारों अति ही गुण मंडित। जिनकी बुद्धि प्रबल प्रचण्डित, करते मिथ्या मतकूं खण्डित ॥७॥ पंडित गोपालराय सहामी, दोनूं मथुरादास हैं नामी। बनारसीदास बडे गुण धामी, च्यारों कहिये भद्र प्रणामी ॥८॥ लाला श्री बलदेवसहाय, लाला पारसदास बताय। तिष्ठे लाला दिलसुखराय, तिष्ठे धरमदास प्रमुखाय ॥९॥ तिष्ठे लाला सन्मनलाल, तिष्ठे लाला चिम्मनलाल। तिष्ठे राय किशोरीलाल, तिष्ठे जहां पिशोरीलाल ॥१०॥

लाला रंगीलाल विशिष्ट, श्रोता हैं सब ही सदिष्ट। स्वत मन्दिरजीसे इष्ट। जिनकूं मानों बारी शिष्ट ॥११॥ सुनते सूत्र सिद्धांत हमेश, जिनके राग द्वेष नहिं लेश। जाकर सुनल्यो सब उपदेश, जिससे कट जांय कर्म कलेश ॥१२॥ बोलो जैन धरम जैकारा, जिससैं छूट जा संकट सारा ॥

पाथरीवाले सोदागरमल प्यारेलालजीके चैत्यालेका वर्णन जो धर्मपुरेमें है—

भैया मन्दिर है इकविजा, रचना है कुछ सही नवीजा। जिसनैं दरस किया कोई जीवा, मैं ता नाम सुनत होरीवा ॥१॥ जल्दी ऐसे पता लगावो, सूधे धरमपुरेमें जावो। पाथरीवालोंका घर पावो, प्यारेलालके जा रहावो ॥२॥ सुनकूं करो तैने दर्शन, शम्भवनाथ होंयगे परसन। करियो मंगलका आकर्षन, दिन दिन लगेगी संपत वर्षन ॥३॥ जल्दी लगजागी लगतार, जल्दी भरजांगो भण्डार। सब ही राजा करें सादार, तेरो करेंगे सब मनु हार ॥४॥ होंगे दुःख दरिद्र दूर, होंगे पार

सभी अघचूर। होंगे दुखपूर भरपूर, ऐसा मंदर है मशहूर ॥५॥ बोलो जैन धरम जैकार।

श्रीदूमलके चैत्यालेका जिकर जो धरमपुरेमें है। भैया चौथा मन्दर जाना।

इधर। ऐसे पता बताना, श्रीदूमलके घरपे जाना, उनकूं सूते जाय जगाना ॥१॥ उसमें रहते हैं दुखुर लाला, साथै तिष्टै हैं चैत्याला। लिख रहा उसमें जो गुरु लाला, भाषै कूंज लाल जौहरा ॥२॥ करियो अभिनन्दनका ध्यान, होंगे भी वीमें कल्याण। तजियो मत जेवा अभिमान, भजियो मनमें श्रीभगवान ॥३॥ बोलो जैन धर्म जैकार॥

सनेहीलाल रामप्रशादजीके चैत्यालेका जिकर जो अनारकी गलीमें है।

भैया जाना गली अनार, भाई सनेही लालके द्वार। लीज्यो रामप्रशाद पुकार, करियो भाईलाल जुहार ॥१॥ तुमसे दोनूं आप मिलेंगे, पंचम मन्दिर लेय चलेंगे। तेरे पुन्य प्रताप फलेंगे, भैया कर्म कलेश टलेंगे ॥२॥ करियो सुमतिनाथकी जाय, जिससे कट जांय सारे पाप। भैया दर्शनके परताप, सो भी सुख पावोगे आप ॥३॥ बोलो जैन धर्म जैकार॥

सदधरेमें इकका लालाजीके चैत्यालेका जिकर अनारकी गलीमें।

अब मैं भाषूं मन्दिर छठा, जा है मुक्ति महलका अट्टा। करियो पूजा करके ठट्टा, हो जाय मुक्तिसें घट्टाबट्टा ॥१॥ प्यारे सब घरे संसार, जाना मन्दर गली अनार। लाला इकलालके द्वार, लेना मंदर पूछ पुकार ॥२॥ वहां है पद्मप्रभ सरकार, जिनका परगट है दरबार। जानें जिनकूं सब संसार, करते सबका बेड़ा पार ॥३॥ जपियो ॐकार अर्हंत, जपियो सिद्ध सदा जैवन्त। जपियो आचारज गुणवन्त ॥४॥ ये ही मन्त्र मुनिश्वर ध्यावैं, जिसके गुणगण घरघे गावैं। जिससे जनममरण

छुट जावैं, भैय्या फेर न जगमें आवैं ॥५॥ बोलो जैन धरम जैकारा।

सेठके कूंचेका पंचायती मन्दर तथा इद्राम्लोके मन्दरका शिखर।

भैय्या सेठ केकूंचे जावो, वारे पंचेंमें बतलावो। उनके ऐसे कह जिन बाबा, सप्तम मन्दिर हमें दिखावो ॥१॥ देगो देव सु पारस दिखाय, लेंगे अपने पास बिठाय। लाला ज्ञानचन्द हरखाय देंगे तुमकूं शास्त्र सुनाय ॥२॥ झांकी देखी है अलबेली, करतो पूजा नित नवेली। पढ़ते फल दल फूल चमेली, बांटे रुपये भर भर थेली ॥३॥ ये है मन्दिर स्वर्ग समान, लागे रुपये लक्ष अनुमान। लिख रहा संगमर्मर पाषान, दिप रहे कंचनसे अस्थान ॥४॥ वेदा समोसरण है गोल, तिष्टे श्रीभगवान अडोल। भविजन रहे हैं जै जै बोल, करते चर्चाकी कल्लोल ॥५॥ लाला रुम्मनलाल चढाई, वेदो दूजी वहीं लगाई। करतो सब संसार बड़ाई, पूजा उत्सवसे करवाई ॥६॥ होते नित ही नृत्य अखाड़े, होते नित ही जै जैकार। बजते नौबत झांझ नगार, घंटा द्वारेपे टकारे। ॥७॥ द्वारे जगमोहन गजावे, जिसके देखनकूं जग आवे। जिस पर धर्म धूजा फहरावे, मानों लाला देव बुलावे ॥८॥ आवो आवो भविजन प्यारे, छूटूं पाप ताप तुमारे। पूजो श्री जिनदेव हमारे, जिससे कट जाय संकट सारे ॥९॥ बोलो जैन धर्म जैकारा।

इन्द्रराजजीजीके चैत्यालेका शिखर।

भैय्या अष्टममन्दिर और, इसके धौंही है या ठौर। जिसकी रचना है चौकोर, दरशन करना तुम बागौर ॥१॥ ये है इन्द्रराजजीवाला, जाके चकोंका चैत्याला। दरगिज नव ना करियो टाला, जपियो चन्दा प्रभुकी माला ॥२॥ इनकी पूजा जो करवावे, फौरन कुष्ट जलोदर जावे। डायन जायन पास न आवे, कैदी तुरत रिहाई पावे ॥३॥ जिनके होता

था भोग वियोग, हो गया इष्ट अनिष्ट संयोग। हो गए रोहीमें सब रोग फौरन होवैं सबै निरोग ॥४॥ पावैं अन्योंकी सुख आवैं, बंझा पुत्र सपूत खिलावैं। जगमें चक्रवर्त कहावैं, इम भी पर भोमें जय पावैं ॥५॥ बोलो जैन धर्म जैकारा, जिससे कट जा संकट सारा। बज गया दिल्लीमें नकारा, मैया जनम न बारंबारा ॥ ६ ॥

बुलाकी बेगमके कूंचेका मन्दर लाल किलेके नीचे उर्दू बाजारमें।

भैया लाल किलेके पार, लश्कर पड़ता है सरकार। बजता है उर्दू बाजार। जिसकूं जानैं सब संसार ॥१॥ वहांपर नौमा मन्दर जानौं, जिसको देख बना पहचान। जो तुम बात हमारी मानों, इसकी महिमा कमीबसी बखानूं ॥२॥ गदरवानकी है याद, फौजां हो गईं वे मर्याद। उसके एक सरपकेबाद, उठा ऐसा एक फसाद ॥३॥ हाकिमनैं ए हुक्म सुनाया, मन्दर उस नौजीमें आया। सारे पंचोंने भेजाया ॥४॥ पहुंचा लाल किलेके अन्दर, रोणी चढ़के देखा मन्दर। उच लंगा जो अति ही सुन्दर, दूंगा हुमक लड़िगा धुरन्धर ॥ ५ ॥

जब यो वहांसे बाहर आया, सब ही पंचोंने गुन गाया। तब ही उसनैं हुक्म सुनाया। इसने मन्दर जैन बचाया, वहां था भैया एक शिवाला। उसपर बचने लगा कुदाला, उसकूं कहा जैन मतवाला। ऐसैं रद हाकिमकूं टाला ॥६॥ लाला जोरावर सिंह आये, लाला सालीराम बुलावे। लाला ग्यानचन्दजी आए, उसे हुक्म ए लिखवा लाए ॥८॥ मन्दर जैन रहे आबाद है, ए गवर्मेंट इरशाद। जो कोई तोड़ेगा मर्याद, मलके कर देगी बर्बाद ॥९॥ तबसे झण्डा जैन खड़ा है, जो तौ लाल किलेके सड़ा है। मन्दर अतिशैवा नम डाहै, जिसपर साहिबकी उपडा है ॥१०॥ लाला नानकचन्द सराफ, करते दोनूं वक्तों

आप। लाला बांकेरायजी आप, करते पूजा पुन्य अपार ॥११॥ तिष्ठैं पद्मावती व धरणेंद्र, दीये मस्तक पार्श्वजिनेंद्र। जिनकूं ध्यावे स्वर्ग सुरेन्द्र, पूजें नरपति और गणेन्द्र ॥१२॥ इतियो पुष्पदन्तकी सेवा, कर दें पार दुःख की खेवा। मंदिरों बड़ा जिनेश्वर देवा, भैय्या करें सुपावे मेवा। बोलो जैन धर्म जैकारा, जिससे कट जा संकट सारा।

दरीबा मोहल्लाके पास सुखानन्दके कूंचेमें तीन चैत्याले हैं तिनका वर्णन। तिनमें सालीग्राम मथुरादासजी सुखानन्दियोंके चैत्यालेका जिकर।

अब मैं बीच दरीबे जाऊं, मन्दिर तीन तुमें दरसाऊं। आज्ञा पंचोंकी जो पाऊं, न्यारे न्यारे कर जितलाऊं ॥१॥ लाला मथुरादास विशिष्ट, लाला सालगराम कनिष्ट। दोनू भाई थे धर्मिष्ट, जिनकूं सेठ कहैं सब सृष्ट ॥२॥ जिनकूं मदनसेठने यार, कीना अपना सब भण्डार। जिनके उपजे पुत्र च्यार, मानों धरम थंभकू निहार ॥३॥ च्यारूं भाई बड़े उदार, दाता भुक्ता अरु गम्भीर। लाला धरमदासके वीर, रहते भगवनदास अधीर ॥४॥ तीजे अजुध्यादिपरशाद। चौथे हैं ईश्वर परशाद, इनके साथे करदि अनादि तिष्ठैं मन्दिर देव अराध ॥५॥

ये तो मन्दिर है चंग, अरु है अति ही अभिनंदन्न। जो कोई सेवै सम्यक्त्व सन्त, कर दे तिनमें कोटानन्त ॥६॥ जो कोई वंयाके मूं फेरे, उनकूं नरकादि धर्मीने गेरे। उनकूं दुःखर फिदर घेरे, उनकौ कोई न आवैनेरे ॥७॥ कर त्यौं जप तप संयम दान, जाको पूजो श्री भगवान। धर त्यौं श्रावक जिनका ध्यान, जिससे हो जावै कल्याण ॥८॥ बोलो जैनधर्म जैकारा।

लाला हरदास द्वारकादासजीवाला चैत्याला दरीबे सुखानन्दके कूंचेमें।

भाई मानिकरामजीवाला, द्वारिकादासका है चैत्याला । वन्दो उसकूं जाके लाला । हरगिज मत ना करियो टाला ॥१॥ वन्दो देव जिनेंद्र महेश, वन्दो गुरु निर्ग्रंथ महेश । वन्दो दयावर उपदेश, जिनसे कट जाय कर्म कलेश ॥२॥ बोलो जैन धर्म जैकारा ।

मीमामलजीका चैत्याला सुखानन्दजीके कूंचेमें ।

भाई मीमामलजीवाला, यहां हो है परम चैत्याला । जपियो परमेष्टीकी माला, हरगिज मत ना करियो टाला ॥१॥ जो कोई पूजै धरको भेदी, फौरन छुट जांय ग्रनी फैदो । जो कोई हो गए गुणके भेदी, वो तो हो गए पाप निखेदी ॥२॥ बोलो जैन धरम जैकारा ।

दिल्ली दरवाजेका मन्दरजी ।

भैय्या कहु दिल्ली दरवाजे, मन्दिर अति प्राचीन विराजे । श्रीमत ज्ञानदजी राजे, स्वामी पार्श्वनाथ विराजे ॥१॥ यहै तो मंदर है विख्यात, करु है सब पंचोंके माथ । पड़ती देहवारकूं जात । होवे पूजा नित्य प्रभात ॥२॥ भैय्या रोप ओनमद्वार, पड़ते जल मरूोंपर भार । चढ़ते छत्र चमर जहद्दार, होते पुरत फुल बहार ॥३॥ है यह चमत्कार परधान, महीमा जाने सर्व जहान । सारी दिल्ली परधान । ये है तीरथ जग महान् ॥४॥ बोलो जैनधर्म जयकारा ॥ भैय्या चौदहमें मन्दर, है कुतुबवाली घाटी अन्दर । जहां बहाँ फवारा सुन्दर, पर है भीतर चैत्य धुरन्धर ॥५॥ तिष्टै ऋषभदेव भगवान, तिष्टै बाहुबली धर ध्यान । जपियो अनन्तनाथ भगवान, जिससे हो अनन्त कल्याण ॥६॥ ये है प्रतिमा अधिक मनोग, जिनका पड़े ध्यान है लोग । महिमा जानत है सब लोग, हरते कुष्ट जलंदर रोग ॥७॥ ये तो रचना श्री जिन थान, आतमराम अनन्दीराम । तिनके भए सनेहीराम, तिनके सीस करें विश्राम ॥८॥ बोलो जैन० ॥

सैयद फिरोजके बंगले शहादत खांकी नहर पर मन्दिरजीका शिखर ।

भैया बंगले सैयद फिरोज, करना मन्दरजीकी खोज । भाई सन्तलालजी रोज, करते पूजा देखो मौज ॥१॥ नहर शहादत खांकी भाई, जहांपर महलत सी बन छाई । देखा पड़ता पेड़ दिखाई, जाना घाटी अन्दर भाई ॥२॥ वहां है मन्दिर मुक्ति समान, उज्जल मुक्ताफल अनुमान । लागा संगमर्मर पाषान, कीया कंचन सम रखान ॥३॥ लाते पानीपर मूल्याल, करते जंगली मठपर छाल । चुगते चांवल मुनीलाल, केशर घसैं चिरंजीलाल ॥४॥ भाई जगन्नाथ प्रभुनाथ, दे तो भामणो लजवाय । लेते थारों बांध बनावय, अर्चें संतलालकी काम ॥५॥ करते पूजा नित प्रभात, उनका जस है जग विख्यात । रखा धरमन्यायका साथ, सवैं जैन धरम दिन रात ॥६॥ बोलो जैन धरम० ॥

खुशहालरायके कटलेमें लाला श्यामलाल चिरंजीलाल भगवानदास ईश्वरीप्रसादकी हवेलीमें पुस्तैन चैत्यालय ।

भैया शांतनाथकूं रट ले, सब दे सब दुनियांके खटके । चल दे खुशहालरायके कटले, जो हो जिन दर्शनका चट ले ॥१॥ वहां है अति अद्भुत चैत्याला, लाला श्यामलालजी वाला । उनका वर्णूं वंश विशाला, जिनने सदा धरमकूं पाला ॥२॥ ये हैं सुनपतवाले सेठ, रहै ते दिल्लीमें ठेठ । बन गई धरम ध्यानकी बेट, रख दिया पापाचार लपेट ॥३॥ उपजे तीन पुत्र बड़ भागी, तीनों परमारथ अनुरागी । ज्ञानी ध्यानी अरु वैरागी, जिनकी सुकृत सूं लव लागी ॥४॥ जेठे पुत्र चिरंजीलाल, छोटे भगवानदास रिसाल । बिचले ईश्वरप्रसाद विशाल, घर गए मन्दर रतन पताल ॥५॥ उनके उपजे सिंह समान, लाला मिहरचन्द गुणवान । आवो तुम उनके दरम्यान, करलयो दर्शन

श्री भगवान ॥६॥ ए तो मन्दिर है पुर तेनी, जिसकूं जानें सब ही जैनी। वर्षों दूजे की है पैनी, मुझकूं बहुत पड़ेगी कहनी ॥७॥ उसका वर्णन फेर करूँगा, हरगिज टाला नहीं करूँगा। पदके प्रभुके पाप धरूँगा, सारे जिन मन्दिर उचरूँगा ॥८॥ उसका वर्णन मैंने छोडा, वे देख होके मूं नहीं मोड़ा। फिर गया अब तो दिल का घोड़ा, माछो वाड़ेमें था दौड़ा ॥९॥ धाछो जैन धर्म उपकार१० ॥

भीरजकी पहाड़ीका शिखरचन्द मन्दिर जिन और धर्मशालाका बयान सदर बाजारमें।

भैय्या माछो वाड़े जाना, जण्डेलवालोंसे जा पतलाना। ऐसा मौका फेर न पाना, दर्शन करना कर गुण गाना ॥१॥ करियो कुन्थनाथकी पूजा, ऐसा देखने जगमें दूजा। तू तो फल अनादि अरुझा, सब फिर तब तो सूझा सूझा ॥२॥ वहां तो शिखरचन्द है दहरा, लग रहा ड्योढीपर पहरा। तू तो ध्यान लगाके गहरा, कर पीवन मोहनका सेहरा ॥३॥ भैय्या ड्योढ़ीपे पग धोके, जाना छिने वंत जहां होके। तू तो चाउँ दरब सजोके, करियो पूजन चोखे चोखे ॥४॥ बांधो धोती दैय कमरके, ओढ़ो दुपटा द्रिष्ट न मरिके। तू तो श्री जिननाम सुमरिके, दीजो अर्घ रकाबी भरके ॥५॥ ये हैं पंचायतके सीज, मन्दिर शिखरबन्द जगदीश। जिसकी कौन करेगा रीस, ए है सुरपुर बीस बाबीस ।६॥ वहांके भाई पण्डित सारे, है परि पूरण भक्ति धारे। करते पूजा कर जयकारे, रहते नित ही नृत्य उचारे ॥७॥ पंडित लाला प्यारेलाल, पंडित लाला मिठनलाल, पंडित लाला मोहनलाल, पंडित सब ही पच विशाल ॥८॥ गाती सब ही वहना माई, गाती मंगल और बधाई। पहने तप आभूषण भाई, जिनके दूषण एक न राई ॥९॥ भजते देव सदा अरहन्त, जपती सिद्ध सदा

जयवंत। नमति सतगुरु मुनि निर्ग्रन्थ, सुनतो केवल जिन सिद्धांत ॥१०॥ जिनकी कूंख उपन्ने लाल, है वे भागवंत गुण शाल, कादर जप ते श्री जिन माला। हो जाय तू भी तुरन्त निहाल ॥११॥ लोहा जैन धर्म जयकारा ॥

धीरजकी पहाडीका शिखरबन्द सुन्दर जिन मन्दिर और धर्मशालाका बयान बदरबाजारमें।

जाना धीज पहाडी प्यारे, मन्दिर शीखर बन्द गु'जारे। शिख पर बाजे हैं नक्कारा, कर रहे जैनी जै जै कारे ॥१॥ वेदी संग मर्मरकी प्यारी, जिसकूं लगी संपदा भारी। वे ती लगे हैं ऐसी प्यारी। जैसी हो केशरकी क्यारी ॥२॥ करियों मल्लिनाथकूं वन्दन, पूजा करियो ले जल चंदन। हैं वे पर गट पाप निकंदन, टूटे जनम जनमके बन्धन ॥३॥ लग रहे संग-मर्मर जड प्यारे, पीते सुवरण सेती सारे। जिनमें ऐसे फूल निहारे, मानो खिल रहे नभमें तारे ॥४॥ भैया निज निज पुन्य सजोग, सेवे सभी सहरके लोग पपना तजि तजिके उद्योग। साधैं लाहू' दार निरोग ॥५॥

सेवैं पुरुष नगरके सारे, सेवौं सभी दिवाली बारे। सेवौं नफागढके प्यारे, सेवौं मढी बहादर दारे ॥६॥ सेवौं झाडू पहाडीवाली, सेवौं सब ही देश निहाली। सेवौं बाल बिरध बल पूली, सोहैं सब ही जगकी फांसी ॥७॥ ले रहे अपना मनते शरणा, सेवौं लालाजी सब वर्ण। सेवौं रतनलालजी वर्ण, जिनकूं आनैं प्यारूं बर्ण ॥८॥ पूजा करे लोक उमराव, पूजैं दूल बलाव कर चाव। भाई दयारसैन धर भाव, करते नित्य मद उछाव ॥९॥ हो गए रायजरण अनुरागी, सेवौं हरीसिंह बड भागी। भक्ति हरदेवदासकूं लागी, बलसोमचन्दके मनमें रागी। सेवैं राय धमन्डीलाल, सेवैं लाला नन्हूलाल। सेवैं राय किशोरी-लाल, सेवैं बल्लूमल गोपाल ॥१०॥

सेवें चौधरी शिवबाराम, सेवें भाई गोविन्दराम। सेवे भाई कासीराम, सेवे राम मनसीराम सेवैं अमीचन्द गुण धाम ॥११॥ ऐसे सब दहोलके लाला, हर दम जिनका रहै गुलाला। जिसने दिया धरमसे टाला, उसका घर देवैं मू काला ॥१२॥ उसकूं पापी पापी फूंकैं, जिन जिन कहनेसे नहि चूकें। उसके लोगोंकूं सब दूंदैं, सूरत देख जनमसे थूकें ॥१३॥ ये हैं कहरकी बदनामीकी, जगी पलटन है लरनेकी। जो कोई मिल जाय इनैं हमेशी, समझा है दाता की बेटी ॥१४॥ भैया जाना इनके पास, करना शुभ सेवे तरदास। बार जिन दर्शनकूं जाव, तब ही बैठा इनके पास ॥१५॥ तुमकूं करना देवे दर्शन, तेरा जो हो आपना परशन। करियो मत मिथ्या मत पोषन, नाहर लगेगा जूता दर्शन ॥१६॥ बोलो जैन धर्म०

जैसिंहपुरेका मन्दिर हरसुखरायजीवाला ॥

गुजरे जैपुरके सुलतान, जैसिंहराजा सिंह समान। जिनका सूरज वंश महान, माने सब ही हिंदुस्तान ॥१॥ प्यारे दिल्ले इक मोल, होगी जैसिंहपुर तहसील। उनका रहता एक वकील, सुनलो मन्दिर बात फजील ॥ यहां है दोनूं धाम दिगम्बर, आकूं पहले बदल लंबर। जिसका कलश लगाओ अंबर, करते आठ पूजा संवर ॥३॥ कर गए हरसुखराय निहाल, रच गए श्री जिनेन्द्रकी शाल। उनके भाई मोहनलाल, होना श्री जिन पद संभाल ॥४॥ भैया गहरा ध्यान लगाना, स्वामी मुनि सुव्रतकूं ध्याना। अंधा नर भी फेर न जाना, इसकूं विद्यामति गहाना ॥५॥ बोलो जैन धरम जैकारा।

खण्डेलवालोंका पंचायती दूजा मन्दिर जो जैसिंहपुरेमें है ॥

दूजा भाग खण्डेलवाला सेवैं सब बाबरमीवाला, उनका यश अंसे बढ वाला जैसो बढ़त वृक्षका डाला ॥१॥ यहां यो चैत्य लगे चमत्कारे, निश्चय रच हैं जे जै कारे। नाहीं सब

नाना पद धारे, होते जिन मंगल बहा भारे ॥२॥ भैया सुनले कान लगाके, प्रातःकाल ही सुने लगाके। ले फल यहां पर थाल लगाके, पूजे नेमनाथ गुन गावे ॥३॥ यहांका है ऐसा परभाव, हो जाय रंक छिनकमें राव। जो कोई पूजे धरके भाव, उनके होवे नित्य उछाव ॥४॥ बोलो जैन धर्म जैकारा

इसके यहां मन्दिर प्रतिष्ठा मंजरीमें वर्णन कर चुके हैं। पड़ पड़गंजका दिगम्बर मन्दर जमना पार दिल्लीके उत्तर ॥

चलिये पड़ पड़ गंज मझार, दिग पट मन्दर रहै गुलजार। यहां है जैनी घर दो चार, पर है जमनाजीके पार ॥१॥ याही सुग नाम रुपे जाना, सुन्दरलालके जा बतलाना। इनकूं मन्दर जरा बतलाना, स्वामि नेमिपार्श्वकूं ध्याना ॥२॥ तब तौ संग चलेगे तेरे, लेकिन लाना बहुत सबेरे। करके दर्शन भैया मेरे, जाना जल्दी अपने डेरे ॥३॥ भैया मन्दरका उपगारा, करियो कुछ जीरण उद्धारा। ये तौ है संसार असारा, तन धन है सब धुंध पसारा ॥४॥ बोलो जैन धरम०

शाहदरेका मन्दरजी जमनापार ॥

प्यारे तज दे सब अफसोस, मत लाइयो वे मनमें जोस। है शाहदरा दो कोस, वहां भी मन्दर है दिग पोश ॥१॥ यहां दस घर हैं जैनी साठ रहते नित मन्दिरमें ठाठ, करते सब ही पूजा पाठ। बन रहो शिखर अनूठी ठाट ॥२॥ यहां पंडित साहबलाल, मोतीरामजी तथा लाल। कीना है सब पाप संभाल, होवा शास्त्र सभाव चाल ॥३॥ लाला सुमेरचन्द बड़भागी, लाला कल्लूमल अनुरागी। लाला लालचन्द त्यागी, सीतल सबकूं भक्ति लागी ॥४॥ लाला पाखीराम उदार, लाला कल्लूमल जितलाए। लाला गुलजारीमल गाए, लाला मंगलाल भी आए ॥५॥

काका हैं परमेश्वरदास, काका हैं शंकर परकाश। काना सब पंचोंके पास, जाकर कर नायों अरदाश॥६॥ इसकूं दर्शन करना होजे, इतना सब दुनियामें कीजे भैया ज्यों कंचकी भोजं। त्यों त्यों भारी हो कनकीजे ॥७॥ तुमरे संग चलेंगे यार। स्वामी सङ्गा विरद् बलिकरियो पूजा अष्ट प्रकार, जिससे हो सबे उद्धार। बोलो जैन धरम जैकारा॥

इति दिल्लीकी जैन मन्दिर मंजरी समाप्त॥

अथ जैन स्तंभ मंजरी लिख्यते। तिन मन्दिर दिल्लीमें श्वेतांबर जैन धर्मके हैं। तिनका बयान॥

भैया सुनल्यों खातर जाम, जिन मत है जगमें सरनाम। जो हैं और तान जिन धाम, करते श्वेतांबर परणाम॥१॥ वे तो जैन हैं सब भाई, माने श्री जिनराज दुहाई। जिनकी भक्ति और बडाई, भैया सब गुरुओंने गाई॥२॥ हैं तो वीतराग निर्भूषण, जिनका भूषणमें है दूषण। पर व पहराके आभूषण, करते संवछरी पजूषण॥३॥ भैया माने जन्म कल्याण, पूजे चौवीसों भगवान। रखले निस्त्र भोजनको आण, पीवे पाणी सब छाण॥४॥ जपते मन्तर श्री नवकार, रखते जीव दयासे प्यार, करते रत्नोंके व्यापार। जिनकूं जाने सब संसार॥५॥

जिनकी ओसवाल है जात, अरु है जौहरी जग विख्यात। करते सामायक परभात, जाते पोषालोंमें प्रात॥६॥ जिनके मन्दर स्वर्ग समान, लग रहे संगमरमर पाषान। लिख रहे कंचनके बखान, लग रहो जिनमें सर्व निशान॥७॥ जिनके द्वारे नौबत बाजे, अन्दर घनघन घंटा बाजे। ऊपर कलश मनोहर छाजे, शिरपर ध्वजा जैनको साजे॥८॥ बन रहा दादाजीका पहरा, बन रहा ठाठबाठ सब गहरा। करना वहां भी सब

कैशोरा ॥९॥ वो तो माळी वाडे पाय। है नौवरेके अंदर काय, यहां पर जाके भेद निकाय, है इक शिखरबन्द कादाय ॥१०॥

दुजा चेळपुरीके अन्दर, हैगा एक शिवाला सुन्दर। उसकी गळीमें न पैन धुरंधुर, हैगा वहां श्वेतम्बर मन्दर ॥११॥ तीजा वच्छराजकीवाला, हैगा अति सुन्दर चैत्याला। खिल रहा जैन धरमका लाला, चौरे खानेमें गुलाला ॥१२॥ देवें इक भाई श्रमाळ, सेवें वळक पंच रळवाळ। जिनकी कटहै राय पुराळ, बन रही धर्मध्यान पोशाल ॥१३॥ बोलो जैन धरम०।

अथ बौद्धमती और श्री जिन हर्षसूरि कुशलसूरिनामा श्वेतांबर जती चरामती जैनीका जैन स्तम्भ लिख्यते।

भैया इन्द्रप्रस्थ जो दिल्ली, कर गई स्वर्गलोककी विल्ली। गड रही बुद्धोंकी जहां किल्ली, जिसकी अट्टहासकी खिल्ली ॥१॥ वो तो दश गजकी है प्यारे, इतनी है पत्तल मंझरे। उसके नीचे देखो आरे, लिख रही चौंकी चाक पकारे ॥२॥ वो तो ढको है उसके संग, हो रही मिलके एक ही अंग। है यह चौंकीका यह ढंग, खुद रही बौद्ध मूर्ति सरंग ॥३॥ खुद रही गाथा एक महान, मैं हूं चन्द्र वंश सुलतान। पूजूं महत बधु भगवान, तज दई हिंसा पाप विहान ॥४॥ जाय ज्यां जीव हतेम कोई, सो नर होगा राजद्रोही। जिसने जीव दयाको खोई, होगा राज मान्य नर सोई ॥५॥

मैंने तो भर अपना गाडा, जिसने इसकूं सारे ताडा। उसका उखडा जायगा मांढा, दिगडगा सब डेरा डण्डा ॥६॥ तिसतैं हमने ऐसा भाखा। ये है जैनाभासका साखा, जिसके दिलमें हो अभिलाषा। पढ़लो आर खडरवाला ॥७॥ इसके पास खम गढ़े है उत्ना, वहां है दादाजीके चरना। जिनकूं जैन धरमका झरना, उनपर धरते है वे कठना ॥८॥ पड़ गया हरख सूरका हेला उनका कुशलसूर था चेला, जिसका सोमवारको मेला।

होता मोठाको मदद्मत मेला ॥९॥ पहले गुजरी है इक बुड्ढी, मसजी टूट गई थी टुट्ट', सो तो पाया भरगी टूट्टो। छाल्हत हाके जैसो गुट्टो ॥१०॥

उसकूं मिल गई मोठ जुगक, उसकूं यो भी भयो अनेक। दोई पाव व पाव अनेक, कर लिए काम करचे एक ॥११॥ उसने मदरसा एक बनाई, मोठकी मदद्मतको कराई। वहां पर एक बागमें भाई, छत्रा कुगक तुरकी गाई ॥१२॥ भैया पूजा देव दिगंबर बधा विलकुल जती सितम्बर। तिर्यां पश्चामें पैगम्बर, एक बा जैसो होय मकम्बर ॥१३॥ चेटक नाटकमें चटकीला, अटका उसकूं दे पटकीला। अपनी हटका था हठीला, पर था फक्कर एहा रंगीला ॥१४॥ इसके अटका बादशाहगीर, परमा मांगे वेत फकीर। उसने पेले बादल भोर, कुरबान छपे अठ तकदीर ॥१५॥

दे दे सिंहासनसे पटका, उसकूं दिखला दीना झटका। फिर तो जैनोंसे नहीं अटका, मिट गया सब मजहब का खटका ॥१६॥ त्योंही अबका नाटक यार, मेटा गवर्नमेंट सरकार। था जा ईश्वरके दरबार, मत कर मजहबका तकरार ॥१७॥ ए हैं अहुतोंका पूजा, ऐसा जगमें देव न दूजा। मत ना फिरे तू सूजा सूजा, आ जा शरण प्रभुके छूजा ॥१९॥ ये हैं धरम अनादि अनन्त, जिसकूं मानें सन्त महन्त। इसमें ओदइया दिरहन्त, नैया सब मतका है अन्त ॥२०॥ दोको जैन० ॥

अब जैनोपकार संबंधी तीसरी जैन कुरवा वर्णन और उपगार उनका साधु नागोदास पर। था इक साधू नागोदास, रहता।

निगम दोजके पास, था वहां रहता अपना खास। करता सब हीसे परकाश ॥१॥ मेरा कुवा एक बना दो, मुझकूं कोठा एक चिना दो, थोड़े दरखत यहां लगाओ। मेरे पंजे जरा जमादो ॥२॥ ए हैं विष्णु परमका धाम, होगा सब हीकूं

आराम। पंछी करेंगे यहां विश्राम, होगा दुनियामें सरनाम ॥३॥ थे यहां साहूकार घनेरे, मुखकूं देखे मेरे तेरे, आवें सब ही श्याम सवेरे। उठ जांय अपने अपने डेरे ॥४॥ उसने कीना एक शहूर, देखे जैनी नामक दूर। चढ़िये हरसुखराय हजूर ॥५॥

वो तो चलके उनपे आया, अपना दुःख सब आह दिखाया, सुनके फौरन हुक्म चढ़ाया। उसका कुवा यहां बनाना, उसे करली नाह करार, पानी लेंगे वे तकरार। मेरे मन्दिरजीमें यार, पूजा होवेगी हर बार ॥६॥ पानी रांगड़ खेता लेंगे, कौड़ी एक कभी ना देंगे। हम तो मेला खूब करेंगे, चाहे जब ही आय भरेंगे ॥७॥ बन्ध गई उसकूं वे पतवार, आने रंयत अरु सरकार। फिर तो उस बगियामें यार, हो गए मन्दिर बहुत तैयार ॥९॥ होते नित हि राग विलास, कर दिया परघट माघोदास। अन्दर दरवाजेके पास कूवा जैन धरम है खास ॥१०॥ जिसका शीतल मीठा नीर, पीके निर्मल होय शरीर। लाला हरसुखराय वजीर, दे गये जिन मतको तदबीर ॥११॥

सुनहरी मसजिदका जिकर और, कुछ कहल इमाम पर जलसा व सरावगियानका बयान।

नाचो कुतुबवालीके पास, मस्जिद सुनहरी है खास: जिसमें खड़ी रहे थी घास, कर गया नादर सत्यानास ॥१॥ संवत् १८५७ में आई, लाला हरसुखराय बनाई। चारों कोनेसे मढ़वाई, दोनों शाहनशाह पढ़ाई ॥२॥ गुम्बज सोनेका है भारा, देखो चांदनी चौक मंझार। ये तो लाने छत बहार, जिनके लागे चले फुहारा ॥३॥ मत कर मसजिदका तकरार, है इक मिलकहीमें यार। टूटो मस्जिद हुई सुधार, करियो जैनोंने उपकार ॥४॥ ये है जैन धर्म चरणारो, इसमें जीवदया धारो,

इस भी परभौमें सुखकारी, अरु है तीन लोकमें जारी ॥५॥ बोलो जैन धर्म०।

अब कोटलेके जैन स्तम्भका हाल जो काठ जैनी राजाकी बनाई हुई है—

अब मैं कोटलेपे जाऊं, जिसकी लाट सबको दिखलाऊं। आहा पंचोंकी जो पाऊं, इसका भेद सभी बतलाऊं ॥१॥ ये है जैन धरमका चिन्ह, इस पर हुकम चढ़ा मौजिलया, जिसने हिया मों कीरलया, धरकूं दे डूंगा में घचा ॥२॥ जिसने दया धरमको पाला, कष्ट हो गया में रखवाला। जिसने जीवदयाकूं टाला, सबकूं होगा देश निकाला ॥३॥ होवे जिस हाकिमका दोरा, करियो मेर जिलेपर गौर। करियो मत हिया कठोर, होंगे परमेश्वरके चोर ॥४॥ मैंने देखा ज्ञान पसार ये है सब संसार असार। इसमें दया धरम है सार, दीज्यो पापीकूं बिसार ॥५॥

प्यारे दिल्ली है ऐसी शान, जाने सारी हिन्दुस्तान। राजा रैयत सब सुलतान, माने अप भी सबको कान ॥६। बोलो जैन धरम जयकारा। जिससे कट जा संकट सारा, बज गया दिल्लीमें नकारा। भैया भजन न बारम्बार, संवत् है पैंतीसा प्यारे, कातिकमें ये छन्द उचारे। नैनानन्द कवी नेयधारे, सब पंचोंकी नजर गुजारे ॥१। पूरा आ गई थी नजदीक, कीने झटपट सबने सीख। हिल मिल सबसे ठीक ठाक, गाते जिन मंगल तहकीक ।२॥ इसके कारन सब नर नार, तजिकर अपना घरबार। जाते थे श्री जिनके द्वार, करते निस दिन मंगल चार ॥३॥ बोलो जैन धर्म जैकारा, जिससे कट जा संकट सारा। बज गया दिल्लीमें नकारा, भैया भज बारंबारा ॥४॥

इतिश्री दिल्लीके जैन मंदर मंजरी समाप्त अध्याय ५.सपर्वा संपूर्णम्।

अध्याय सत्रहवाँ

ॐ नमः सिद्धेभ्यः।

अथ दिल्लीकी प्रतिष्ठा मंजरीके पदोंका अध्याय सत्रहवां लिख्यते। श्रीमत् शांतिनाथ जिनो जयति।

अथ संवत १९३५ माघ शुक्ला ३ तथा ५ कूं इन्द्रप्रस्थमें। लाला ईश्वरीप्रसाद मेहरचन्दजीने जिनमन्दिर प्रतिष्ठा तथा जिनबिंब प्रतिष्ठा भट्टारक श्री राजेन्द्रकीर्तिजीसे कराई। तिसमें अनेक मंगटेहलोंके विधान हुए तब प्रत्येक विधानके पद भट्टारकजीकी मरजीसे प्रतिष्ठापाठके अनुसार यति नयनानन्दने बनाये। भव्यजीवोंने गाये बड़ा भारी महान उत्सव भया जहां भव्य जीव हजारों कोससे आये। तिस मंगल महोत्सवके पद लिखिये हैं।

माघ सुदी ९ अंकुरारोपणके उत्सवका पद राग दादरा।

डाली डालीमें बो बो अंकूर, सरि परी डाली डालीमें बो बो अंकूर सजनी। श्री जिनबिम्ब प्रतिष्ठा केरी, डाली डालीमें बो बो अंकूर ॥टेक॥

वेदी रचकर चौक पुरावो, चलो मण्डपसे बहु दूर॥ सरी परी० चलो मण्डपसे बहु दूर ॥सजनी॥ श्री जिनबिंब प्रतिष्ठा केरी। डाली डालीमें बो बो अंकूर ॥१॥ पूजाकूं पंडित बुलवावो। कोई भट्टारक मशहूर ॥सजनी॥ श्री जिनबिंब प्रतिष्ठा केरी। डाली डालीमें बो बो अंकूर ॥सजनी॥ श्री जिन डाली ॥२॥ क्षेत्रपाल दिगपाल मनावो। दावो भेंट मंजूर ॥सजनी॥ श्री जिन डाली डालीमें० ॥३॥ धूप दहन खड़े चढ़ावो, जिससे होवे विघन चकचूर ॥सजनी॥ श्री जिन डाली० ॥४॥ मन्त्र लिखावो नागर पानपे, घसो केसर अरु कपूर ॥सजनी॥ श्री जिन डाली० ॥५॥

अभिपूजा यो मेहरचन्दसे । देखो दुखकी मार अरू ॥सजनी॥ श्री जिन ॥ढाढोढा० ॥६॥ कुन्द खुशबो उमके हाथसे, करो श्री जिनजीका मधकूर ॥वरीएरी करो श्री जिन ॥सजनी॥ श्री जिन ढाढोढा० ॥७॥ धंधमायनका मान कराओ, देखो बक्र अमृपग मूर ॥सजनी॥ श्री जिन० ॥ढाढो० ॥८॥ मरल्यी सब्बो अठाराकूंडे, चलो माडी जैन हजूर ॥ सजनी ॥ श्री जिन ॥ ढाढोढा० ॥९॥ यो पोषान अठारा लाओ, ये है सबमहि मंगल मूर ॥सजनी॥ श्री जिन० ढाढो० ॥१०॥ शांतिनाथजीके मंगल गाओ, होवे नैनसुख भरपूर ॥सजनी०॥ श्री जिन० ॥ ढाढी ढाढी० ॥११॥

अथ माघ वदी १० वस्तुविधान हुआ ताका पद राग डगरा कहा दे पझाडिया ।

गाऊं वस्तु विधान करी है प्रतिष्ठा मेहरचन्दने ॥टेक।

गाऊं दिल्ली नगरकी बडाईयां, करू धर्मपुरेका बयान । करी है प्रतिष्ठा मेहरचन्दने, गाऊं वस्तु विधानकरी है प्रतिष्ठा मेहरचन्दने ॥१॥ सखी चढोरी दिखाय बताऊं मन्दर, चरदमों शांतिप्रभूजीका ध्यान ॥ करीहै० ॥ गाऊं० ॥२॥ बना मन्दिर नन्दिश्वरका, जोहै शिखर महान । करीहै० । गाऊं० । ३ । सखिनों ही दर्शनो ही देखु है, यो गो लगा अ०मान ॥करीहै० प्रति० गाऊं । ४ । ताके मन्दर बने हैं पांचू मेरुआ, उसको मन्दर भगवान ॥करीहै०॥ गाऊं० ॥५।

सखि च्यारों दिशाके मन्दिर बनियों, तेरा चोका बावन जान करीहै० ॥गाऊं०॥६॥ सखि नई वस्तु सुघड़ कीजियो, आलाधर-जीकी थान । करीहै प्र० ॥गाऊं०॥७॥ सखि बखेंकूं जहां तहां थापिये, कीजे ड्योढी दरबान ॥करीहै प्र० ॥गाऊं०॥८॥ सखि छप्पन कुमारी पूजिये, ये हैं देवी परधान ॥करीहै प्र० ॥गाऊं०॥९॥ सखि मन्त्रोंके आदर कीजिये, जिस जिस दोजें

नागर पान ॥करीहै म० गाऊं ॥१०॥ बलि संवत् उनीसके पैंतीसमें, दशमी तिथ पहचान ॥करीहै० गाऊं० ॥११॥ बलि माघ बदीमें यहै नैनसुख, हुवा बस्तु बिधान ॥करीहै प्रति०॥ गाऊं० ॥१२॥ इति।

अथ माघ बदी ११ नांदोबिधानका पद राग जंगला झंझौटी।

म्हांको माताजीका न्हवणकरण सजनी ॥टेक॥

श्री जिनराज गरभमें आये। पढ़ियों दिवनहर सजनी, म्हांको माताजीका न्हवणकरण सजनी ॥१॥ म्हांरी कुलाचलवासी सगरी कुमारीदेवी, मोतियन मांग भरन सजनी। म्हांको माताजीका० ॥२॥ म्हांको बडभागन बाई उबिफ लालनी, निज निज नेग करन सजनी ॥म्हांको माताजीका० ॥३। कनक काग लाके ले लपौरी उबटने, पुन्य अनेक करन सजनी ॥म्हांको माताजीका० ॥४। सगरी बहन भाई, म्हांरी सुहागन बाई। प्रभुजीके चरन परन सजनी ॥म्हांको माताजीका० ॥५॥

मन्दर चढियो लाला मेहरचन्दजीके, मंगल करन धरन सजनी ॥म्हांको माताजी० ॥६। चढ़ियों पहेली प्यारी बहन सनेही म्हारी, हितमित चित हरन सजनी ॥म्हांको माता० ॥७॥ नंदी बिधानके मंगल पढियों, नैनानन्द भरन सजनी। म्हांको माताजीका० ॥८॥ इति।

माघ बदी १२ कलशारोपण दूजोरावण जिन मन्दर प्रतिष्ठाकी तैयारीका पद राग भैरू नर। धन ये घडी भैया धन ये घडी ॥

मेहरचन्दने प्रतिष्ठाकी तैयारी करी ॥टेक॥

बज गया जैन धरमका डंका, मलके बिक दूरोयाने छिपे भरी। मेहरचन्दने प्रतिष्ठाकी तैयारी करी, बलि धन ये घडी भैया धन ये घडी। मेहरचन्दने प्रतिष्ठाकी तैयारी

करी ॥१॥ अपने पिताकी आज्ञा पाकी, जो कह गए वो सारी करी । मेहरचन्द० । आजि धन ये घडी भैया । मेहरचन्द्रने० । ॥२॥ धन वह कुक्ष धन्य वह माता, जिन जाये नरके हरी । मेहर० । आजि धन घडी भैया मेहर० ॥३॥ बावन मन्दिर कलश चढाये । ध्वजा अरमनी कीनी खडी । मेहर० । आजि धन ये घडी भैया धन मेहर० ॥४॥ जिन मन्दिर जिन बिंब प्रतिष्ठा । दिल्ली नगरमें जारी करी । मेहर० आजि धन घडी० । मेहर० ॥५॥

घर घर देव दुँदभी बज गई । लग लग गई रतननकी घडी । मेहर० । आजि धन० । मेहर० ।६॥ हो गये घर घर आनन्द मंगल । मुलक मुलककी पंडा टरी मेहर० आजि धन० मेह० उमंग चले नैनानन्दसागर । इस बस्त रुण्डपछारी गई । आजि धन० मेहर० ॥८॥

इति पद गर्भकल्याणका माघव हरि १३ कूं उछावहवा राग जंगलेका गीत ॥

उतर आयारी प्रभु गरभ मंझारी, है गरभ मंझारी । जगत सुखकारी, उतर आयारी प्रभु० । है उतर आयारी० है संमक आयारी, प्रभु गर्भ मंझारी ।

इतनी एक टेक हरेक दफे पढना तब आनन्द आयेगा ॥

इन्द्रोंके आठो सिंहासन कम्पे, इमें तो आवेरी याका अरज भारी । उतर आयारी० ॥१॥ सुरगोमें घंटे जध्यानक बजे, ज्योतिष घररी बोलेसिंह नकभारी । उतर आयारी ॥२॥ भवन पतोके संख धुन घेरें, ढोल बाजेरी बितरोके सुखकारी । उतर आयारी प्रभु० ॥३॥ मंदी सुगंधी पवन चले आठो, बरष रही गंधोदककी फुबारी । उतर आयारी प्रभु० ॥४॥ घर घरमें बरसे रतनकी धारा । बरष रहेरी बलि फूल फुलबारी, उतर आयारी ॥५॥

आज बखि मेहरचन्द्रके महरचन्द्रके। बोल रहेरी मध्य जीव जे जे कारी। उतर आयारी ॥६॥ शांतने अशांतता हरी जगकी। भयोरी नैनानन्दमें तो आऊं बलिहारी। उतर आयारी ॥७॥

इति गर्भ मंगल संपूर्णम् अथ माघ सुदी १ जन्म मंगलका उत्सव भया ताका पद राग बरवा॥

तू तो गोदमें खिला ले बरनार सुहागन। परमेश्वर तेरे घर जन मारी, तू तो गोदमें० ॥टेक।

मैं तो नहलाये प्रभू मेरुपे। ढरे सुवरण कलश हजार सुहागन॥ परमेश्वर तेरे घर जनमारी॥ तू तो गोदमें खिला० ॥१॥ पूजा कर्मोंके ये बारते। भर भर सुवरना थार ॥सुहागन॥ परमेश्वर तेरे घर जनमारी। जरा गोदमें खिलावे वरनार ॥२॥ तांडव निरत कियो प्रभु आगे। मंगल गान उचार ॥सुहागन॥ परमेश्वर तेरे० ॥जरा गोद० ॥३॥ बाग वलोंके मण्डप छाये। मैंने इन्द्रभरवके बार ॥सुहागन॥ परमेश्वर तेरे० ॥तू तो गोदमें० ॥४॥ भट्टारकजीने मन्त्र पढे प्यारी। जिन आगम अनुसार ॥सुहागन॥ परमेश्वर तेरे० ॥तू तो गोदमें० ॥५॥

चंवर छतर धर प्रभूजीकूं ल्यायो। चढ ऐरावत असवार॥ सुहागन॥ परमेश्वर तेरे०॥ तू तो गोदमें० ॥६॥ दलके दमूह खड़े ते द्वारे खड़े सब बहुदेदार॥ सुहागन॥ परमेश्वर तेरे०॥ तू तो गोदमें ॥७॥ सुफल भयो नर जनम हमारा। सुफल भयो घरबार॥ सुहागन॥ परमेश्वर तेरे०॥ तू तो गोदमें ॥८॥ सुफल भयो मेरे मातपिता कुल सुफल भई तू नार ॥सुहागन॥ परमेश्वर तेरे० ॥९॥ नैनानन्द वचन सु निपके। लिये प्रभु गोद पसार॥ सुहागन० ॥परमेश्वर तेरे० ॥१०॥

इति जन्ममंगलम् सम्पूर्णम्।

माघ सुदी २ कूं भगवानने बालक्रीड़ा करी घोड़ारोहणका उछाव हुवा पाछे सुहाए ताको छोटा पद। राग दादरा अंगल जिला झँझोटी।

नाथ झूलें सखि मधुवनमें, नाथ झूलें लाडो मधुवनमें। नाथ झूलें भव्य फूलें, नाथ झूलें लाडो मधुवनमें ॥टेक॥

इन्द्रपालमें इन्द्र बनायो, मेरुशृङ्गके वन पंचनमें। लाडो मधुवनमें, नाथ झूलें सखि मधुवनमें। नाथ झूलें भव्य फूलें ॥ नाथ झूलें० ॥१॥ जिन उत्सवकी चाव बधाई, जेती प्रभावनके अंगनमें ॥लाडो मधुवनमें ॥२॥ चहुं संघके मनमें भाई, करी प्रतिष्ठा धन ताही छिनमें। सखि मधुवनमें ॥नाथ०॥३॥ बाग बहारीके मण्डप छायो, चमके मानो जैसे दामि निवनमें। लाडो मधुवनमें ॥नाथ०॥४॥ बाजत ताल मृदंग बांसरी, फूले भव्य समान वन वनमें ॥लाडो मधुवनमें नाथ०।५॥

आप सुहावें इन्द्रणी सुहावें गावें मंगल कर हुलसावें। सखि मधुवनमें ॥ नाथ० ॥६॥ माघ सुदी दोयज पैंतसे, पाई है सो भ्रनुन चपार घरनमें। लाडो मधुवनमें ॥नाथ०॥७॥ नयनानंद भव्यजन लखूं आनि परे प्रभु शांति चरनेमें, सखि मधुवनमें। नाथ झूलें०।

इति बालक्रीडा घोड़ारोहण संपूर्णम्। तप मंगलका पद महलोंसे निकसी जाय वृन्दावन तपवन चलो इस चालमें।

लियो जोग गिरी जिनराज, अनाथों सखी सुमति वरो। तासे चक्रवर्त पद त्याग, तजी नागपुरनगरी ।टेक॥

गज तजे चुरासी लाख, तजे इतने रथरी। तजे मुकट बंध नरनाथ सहसबत्तिस छतरी, लिया जोग० गए चक्रवर्त ॥॥१ तजे तुरग कठारा कोडी तजो प्रभु नौनिधरी, गये रतन चतु- र्दश छोड़। तजी सब रिद्धसिद्धरी, लिया जोग० गए चक्रवर्त०

॥२॥ तजि रानी छत्राण छै हजार, तजी षटखण्ड धरी। लिये पंच महाव्रतधार, गही शिवकी डगरी। लियो जोग० गए चक्रवर्त ॥३॥ जिस बनमें धरयो प्रभु ध्यान, तहां सब विपत टरी। षट ऋतु फल फूले आन, भई बन सेठ हरी। लियो जोग० गए चक्रवर्त ॥४॥ अहि नकुल भुजंग मृगाद, [illegible] पीलपिलो। हरे गऊंसिंह प्रतिपाल चुंघावे दूध खड़ो। लियो जोग० गए चक्र०। ५॥

सब जाति विरोधी जाय छिमा उरमांहि धरी, भगवानके तप पर भाव। परस्पर प्रीत करी, लियो जोग० गए चक्र० ६॥ तप कर बारह परकार, हरे बन चार अरी। उन केवलज्ञान पसार जगतकी व्याधि हरी। लियो जोग० गए चक्र० ॥७॥ च.ए मेरु[illegible] बन इन्द्र लिये सेठी नगरी, तहां पूजे शांत जिनेन्द्र। बसो दिल्ली नगरी, लियो जोग० गए चक्र० । ८॥ अहि [illegible]ण महार, भई जति जग नगरी। करे नैन नन्द गुणगान, धरे चरनन पगरी। लियो० गए० ॥९॥

केवलज्ञान विषे भगवानकी वाणीमें उपदेश सुना ता[illegible] ज्ञान [illegible] महा[illegible] पद राग सारंग।

वानी [illegible]खरी प्रभु शांतकी, मेरी शांत भई सब पर हो। वानी खिरी प्रभु ठेक।

छुट कुमत कुमति जागी, मैं टूटी करम जंजर हो। वानी खिरी० ॥१॥ जड चेत दोऊ भिन्न हैं, जैसे छीरसे न्यारो नीर हो। वानी खिरी० ॥२॥ मांटीमें ज्यों कंचन बसे, तिल तेल ज्यों एक सरीर है। वानी खिरी० ॥३॥ जैसे [illegible] [illegible], रहै अग्नि गुपत मेरे बीर हो। वानी खिरी० ॥४॥ [illegible] [illegible]में मेल ना [illegible] तुम्हारा चोर हो। वानी० ॥५॥

काल [illegible] पुद्गल [illegible] रहे इक दिवान [illegible] रहो। वानी खिरी० ॥६॥ भूल्यो कर्मके भर्ममें रहे चर्म[illegible] तुम [illegible]

हो बानी जिरो० ॥७॥ भटकयो चतुर्गतिमें सदा, भयो राजा रंक फकीर हो। बानो जिरो० ।८॥ घ.घरके मरमर चडे, नहीं कोनी कछु चकोर हो। बानो जिरो० ॥९॥ कर ले सबर सधुदिदसे, कर दल रे पाटपटोर हो। बानो जिरो० ॥१०॥

मातपिता सुत बन्धु हैं, सब रचा रचके गीगर हो। बानो जिरो० ॥११॥ जिस दिन जिर बाके पडे, तेरे कोई न आवे तीर हो। बानो जिरो० ।१२॥ पंचमकाल कराळमें, तू तो कर के प्रतिष्ठा मेर धीर हो। बानो जिरो० ।१३॥ मेहरचन्दसे सीख ले, तू तो दिल्लीमें आ करबोर हो। बानो जिरो० ॥१४॥ दास नैनसुखयों कहै, तेरे इनमें है तकसीर हो। बानो जि० ॥१५॥

इति अथ पंचम मंगलका समुचे पद दादरा पूर्वका करवेमें।
जाऊं बलिहारीमें जाऊं बलिहारी, जिन मंगलकी मैं। जाऊं बलिहारी० ।टेक।

तूभिनो शांत शांतके कर्ता हरो अशांत मारी, मैंजाऊं। जिन मंगल० ॥२॥ मार्शश्याम छठमीके दिना गर्भ धरयो मायारी, मैं जाऊं०। जिन मंगलकी० ॥२॥ जेठ बदी चौदशकूं जन्मे, तास लोक हितकारी मैं जाऊं। जिन मंगलकी० ॥३॥ जिस दिन जनम बयो दिन दिक्षा, चक्रवरत ऋद्धि छरी। मैं जाऊं। जिन मंगल० ॥४॥ पोह सुदी एकादशीके दिल, उगयो ज्ञान इकतारी। मैं जाऊं। जिन० ॥५॥

पोह बदी चौदसकूं स्वामी, लिहे सुकत मंझारी। मैं जाऊं० ॥६॥ सुमरो मदद भई मेहरचन्द पे, रच दिया मन्दर भारी। मैं जाऊं० ॥७॥ नंदीश्वरका रचना करके, नये नये बिंब भरारी। मैं जाऊं० ॥८॥ मेरु शिखर सुस्नान करायो, क्षीरोदधि जल ल्यारी। मैं जाऊं० ॥९॥ भरभर चरस बठोवर कलशे, प्रभु शिर धारा ढारी। मैं जाऊं० ॥१०॥

चन्दन अक्षत पुष्प चढ़ाये लड नैवेद्य करारी। मैं आऊं० ॥११॥ दीप धुप फल अरघ संजो के, करी आरती भारी। मैं आऊं० ॥१२॥ माघ सुदी तृतिया पैंतीसे, करी प्रतिष्ठा भाई। मैं आऊं० ॥१३॥ अनेक पिताकी आज्ञा पाली, विछोमें को भारी। मैं आऊं० ॥१४॥ हुव्यो सफल सकल जीवनकूं, नैनानन्द उचारी। मैं आऊं० ॥१५॥ जिन मंगलकी, गरभ मंगलकी। जनम मंगलकी, तप मंगलकी। ज्ञान मंगलकी, मुक्त मंगलकी। मैं आऊं० ॥

इति अथ प्रतिष्ठाकी बधाई रागनी भैरवी।

ईश्वरीप्रशादजीके मन्दरकी गावो अब तो प्रतिष्ठा बधाई सगरी ईश्वरीप्रशादजीके मंदरकी। गावो० ॥टेक॥

सखि गवर्मेन्टने हुकम दिया, जगो देवि जयादिकको लगन भारी। ईश्वरीप्रशादजीके मंदरकी, गावो अब तो प्रतिष्ठा बधाई सगरी ॥१॥ सखि मेहरचन्दने सुजस लिया, दई जोड प्रतिष्ठाकी डगरी। ईश्वरीप्रसाद० ॥२॥ सखि सुफल किया नर भव अपना, करु सफल करी दिल्ली नगरी। ईश्वरीप्रसाद० ॥३॥ सखि मेरु शिखर रचि न्हवन किया, क्षीरोदधिको बहुत भर भर गगरी। ईश्वरी० ॥४॥ सखि जेनिद्पुरेपे अब संघ चढ़ा, दा तीन लाखके जगमगरी। ईश्वरी० ॥५॥ सखि अन्दर बहार प्रतिबिम्ब विराजे, देखो जी मण्डप रह्या जगमगरी। ईश्वरी० ॥६॥ सखि चारों ओर चढी पलटन, रहा तीन लोकमें यश जगरी। ईश्वरी० ॥७॥ कहो दास नयनसुखने बिनती, पूरो शांतनाथ प्रभूके पग री। ईश्वरीप्रसाद० ॥ इति।

यह पद भी भजन कल्याणका है, इन्द्र प्रशंसा करे हैं जन्माभिषेक वास्ते ठुमरी देश और मांकडे।

प्रभू धन्य धन्य तुम धन्य धन्य तुम हो प्रभु इन किदे जन्य तुम सम न अन आगमन दिखारो। प्रभु धन्य० ॥१॥

सुनिये जिनेंद्र मैं हूँ सुर सुरेन्द्र, ये हैं मम उपेन्द्र ये है सुर गजेन्द्र । कहिये जिनेन्द्र किजे न्हवन तयारी । प्रभु धन्य० ॥२॥ हो जगत भान, किरया निपान, मोह दयो पछान, हो धर्म दान, सुरपति इशान, ये है संग हमारो । प्रभु धन्य० ॥३॥ सन्मतिकुमार, माहेंद्र सार, अरु सुर अपार, चपारो विरकार, मैं तो लेके हार, तोरी सेवा उर धारी । प्रभु धन्य० ॥४॥ हे दीनबन्धु, हे दयासिन्धु, मैं मेरचन्द तोहि वंदि वंदि ल्यूंगा सहस्र कंजे जग जलधारी । प्रभु० ॥५॥

नहीं करी देर, गये गिर सुमेर, पांडुक वनेर, पांडुक शिलेर दई आय घेर, ताको पूजा विस्तारी । प्रभु० ॥६॥ भरी क्षीर सारो कलशा हजार, प्रभु धोल डार, जिन गुण उचार कहि चले जै कार, अरु लीनी शिव सारो । प्रभु० ।७। वंदि मिष्ट बैन, हरि यात संग करि सुरस सैन, लगे गोद दैन, भई सुखचैन, मानों फूली फुलवारी । प्रभु धन्य० ॥८॥ इति ।

यह पद भी जिन स्तुति राग देश ठोर मांझको हुमरी हजूरी सङ्कट हरण पद । अर्थ सिद्ध अरु विजयकूं करावे है संकट हरण पद्योंमें हुआ है रोग शोग चिन्ता भय फंद मुकद्मा फांसी इत्यादिकूं तोड़े है वार ८ नित्य पढ़े त्रिकाल अर सामो रात दिन १ व ७ वा १४ वा २१ निहायत ४० दिन वरदान दिया हुवा है ।

प्रभु तार तार भवसिन्धु पार संकट मझार, तुम ही आधार दुख देखहार वेगी डाटो मोरी नैया । प्रभू तार० ॥टेक॥

परमाद चोर दियो हमपे जोर, भगवोल तार दिये मझमें बोर । तुम सम न और तारन तरैया, प्रभु तार० ॥१॥ मोहि दण्ड दण्ड दियो दुख प्रचण्ड कर खण्ड खण्ड चहुं गतिमधें भण्ड तुम हो तरण्ड, तारो तारो सैंया । प्रभू तार तार० ॥२॥

द्रिग सुखदाय तेरो है हिरदय, मेरो काट फांस, हर भवको त्रास, हम दरश आय, सूई जग भमरैया। प्रभु तार० ॥३॥

आगे यह पद पंचकल्याणकोंके स्वस्ति मंगलका है चौबीसौं महाराजकी पूजाका, राग भैरवीकी ठुमरी।

स्वस्ति श्री ऋषभोऽजित सम्भव अभिनन्दनजीके पंचकल्याण। स्वस्तिश्री० ॥१॥ स्वस्ति सुमति अरु स्वस्ति पद्म प्रभु, ऐसे सुपारसजीके पद कमलान। स्वस्तिश्री० ॥२॥ वन्दूं मैं चन्द्रा प्रभुके पद पंकज, ध्याऊँ सुविधजीके गुण पहचान। स्वस्तिश्री० ॥३॥ ध्याऊं मैं शीतल श्रेयांस सम नाऊं, वासवपूज्यजीका करूं सरधान। स्वस्तिश्री० ॥४॥ स्वस्ति विमल अनन्त धर्म प्रभु शांति मनाके करूं कुंथु गुण गान। स्वस्ति० ॥५॥

अरह स्वस्ति अरु स्वस्ति मल्लि जिन, स्वस्तिश्री मुनिसुव्रत-नाथ। स्वस्ति श्री० ॥६॥ स्वस्ति नमि अरु नेमि पार्श्व प्रभु, स्वस्ति श्री महावीर भगवान। स्वस्ति श्री० ॥७॥ जन यश प्रभु धन्य यह वासर, घर घरमें बरसे रत्न महान। स्वस्ति श्री० ॥८॥ जब भगवन्त प्रगट भये जगमें, टूटेगे सकट सकल जहाना। स्वस्तिश्री० ॥९॥ होंगे हजार नयनसुख आगर, मांगेंगे परम सरब कल्यान। स्वस्तिश्री० ॥१०॥ मंगल कीजो सरधा चंदनकूं, कीज्यो नैनचन्दके सारे कल्यान। स्वस्तिश्री० ॥११॥

इति पद जिनदेव स्तुतिका, राग खम्माचकी ठुमरी।

सेवें सब सुरनर मुनि तेरा द्वार, सेवें सब०। तू है परम अरथ जास सोखदो दिवैया, तोहि तजि अब जाऊं प्रभु किसके द्वार। सेवें सब० ॥टेक॥

अतुल पराक्रम अतुल ज्ञान तव, अतुल गुण तेरो न पार। सेवें सब सुरनर० तू है परम० ॥१॥ नाथ उभर पति इन्द्र भगत अति, चरन पर तनरज पखारे। सेवें सब०

तू है परम० ॥२॥ तुमकूं नमाव माथा कौनकूं पसारूं हाथ, तुमको दिखैया दे सकल्प्रनगार । येवें सब० तू है परम० ॥३॥ तुम बिन राग दोष देव हो सब नमोप, किये हे पकोल्प सब हो पुकार । येवें सब० । तू है परम० ॥४॥ तुम सन्मुख रहे, तिनें नैनखुख भये, तुमसें विमुख रुले जग मंझार, येवें सब सुरनर, तू है परम, तोहि तजि० ॥५॥ इति ॥

हिंडोला छतीसी राग हिंडोलेकी मल्हार जिनमें मेहरचन्द-जीके हिंडोलेका वर्णन हो।

दिल्लीमें प्रतिष्ठा परी भैना कि न करी, जिनपे झुलाये श्री भगवान दिल्लीमें प्रति० ॥ टेक ॥

पंचमहाल कराइये, जिसने किया ये उपगार । परम जगाया जम्बूद्वीपमें, भारत खण्ड मंझार । दिल्लीमें० जिनपे झुलाये० ॥१॥ करत हारी सीर बनारसी, नहि मुनिवर नहि ज्ञान । जिसने दिखाया चौथा कालये । जिन दिये पंचकल्यान । दिल्ल में० ॥२॥ जिनये रचारी मण्डप घन दिपे, जिनये बनाया माल गुलाल । जिसने बनाए चौसठ खम्भये, जिन लटकाई चन्दनमाल । दिल्लीमें० जिनपे झुलाये० ॥३॥ जिसके सजो चन्द्रोपकने, लटकत मोतियन माल । लटकि रहेरी मरतक मणि तने, झूले हरित रसाल । दिल्लीमें० ॥४॥ जिस दिये बाजे मंगल दुन्दुभी । जिन पद राई जयजयकार, बरस रही रतननकी झरी । पड़ रही अमृत फवार । दिल्लीमें ॥५॥

जिसके बरस दियको पालकी, जिसके घूमेंरी मतंग । जिसके नगारे बाजें रसभरे, जिसके ये सजेरी तुरग । दिल्लीमें० ॥६॥ जिसने बुलाए लाखों भव्यजन, जिसने करी है मनुहार । जिसने लगाया चौसर चौक ये, जिसने लगाया ये बाजार । दिल्लीमें० ॥७॥ जिसने रची ये चौ बुर्जे रचे, जिसने रचा है मण्डप द्वार । जिसने पको ये दरपर घर घरे, तोरण

विपत अपार। दिल्लीमें० ॥८॥ जिसने बनाये दर शाबानरी जिन ये चढाये कलश रतंग। जिसके ए मंडे लगे असमानमें, फर्कें उमंग उमंग। दिल्लीमें० ॥९॥ जिसने की ;जसो ये नौबत झड रही, जिसकी बजे है ये खटताल। जिसका ये घौंसा धें धें धें करे, जिसकी बजे है ये घडियाल। दिल्लीमें० ॥१०॥

जिसक बजे है बीणा बासरी, जिसके ये बजे हैं सितार। जिस जिस रंगी खर खर कर रहो, बज रहे यंत्र अपार। दिल्लीमें० ॥११॥ द्रिग द्रिग बजत मृदंगरी, तुम तुम करत तम्बूर। जिसके मजीरे घुमदिट धुम करें, बज रहे जिसके हजूर। दिल्लीमें० ॥१२॥ कौन बनाओ जिसका बाग है, जिसने बनाया ये मेदान। जिसका हुक्म जिसका राज है, कौन प्रतिपाला जुगमान। दिल्लीमें० ॥१३॥ जिनये लगाई रवि फुलवारियां, जिनये लगाया गुलशन अपार। जिसने लगाया मोती मोगरा, जिनये लगाई चम्पा डार। दिल्लीमें० ॥१४॥ जिनये लगाई मरवन मालती, जिनये लगाई येबावेड। महक उतारी वलणीके बडा। महक उठी एपमेड। दिल्लीमें ॥१५॥

जुहीरकी सखोरी कलियां खिल रही, खिलरहा हार सिंहागार। केवल खिलेरी लख अलके छिपें, भमर करत गुंजार। दिल्लीमें० ॥१६॥ खिल रही मैनाचन्दन मंजरी, झुकर है सब ललार। जिस जिए जिसमें नज जिस लग रहो, जिसका लगा है दरबार दिल्लीमें० ॥१७॥ जिन एही दोला नाहा बीचमें, जिन ए लगाई रेशम डार। जिसके येमूले ठाकुर पाहने, दोलत सादर मोर दिल्लीमें० ॥१८॥ कौन झुलावे ये मेहरचन्द सापन्ट्र, झरूरी ये बड भाग, जिसको इन्द्रणी झोटे दे रहो। धन धन इनका सुहाग, दिल्लीमें० ॥१९॥ मंगल गावे डांड जिनन्दके, निरत करत गण गंधर्व। चंदर टर तजे जेघु नाटें, हो रहा आनन्द पर्व। दिल्लीमें० ।२०॥

कोई तो अलापे मालव भैरवी, कोई गावे राग हिंडोल। कोई तो अलापे सारंग रस भरी, हूं हूं करत उरत कलोल। दिल्ली में० ॥२१॥ कोई गावे राग मनोहरी, कोई गावे भीमपलाश, कोई गावे नट कोई खट गा रही। कोई गावे ललित बिभास। दिल्ली में० ॥२२॥ कोई तो अलापे राग धनवंती, कोई गावें मेघ-मल्हा कोई तो अलापे मधु अरु माधवी। धन रहे चैन विहार, दिल्ली में० ॥२३॥ उचार, सुनतो धर नारी मन लायके। रतिया इनको तू मान धर्मपाल कुलमें भये, जाको ईश्वरप्रसाद। दिल्ली में० ॥२४॥ उनके वंश शिखरपै मगन भए भगवान, पुत्र रतन इक उनकूं दिया, मेहरचन्द गुणवान। दिल्ली में० ॥२५॥

पिताने बनाया मन्दर सोहना, नन्दीश्वरके आकार। मेरु बनाये पांचूं बीचमें, अकोमंदर सार। दिल्ली में० ॥२६॥ बावन मन्दिर फिर रचे, चहुं दिश तेरा तेरा थापि। बिना ही प्रतिष्ठा पितापर भगवान, हुकम पढ़ा गये आप। दिल्ली में प्रति० ॥ जिनये झुलाये श्री भगवान, दिल्लीमें प्रति० ॥२७॥ अब गया बेटा हंसा कूंपका करम लिखे ये हमार, तन तो चला मन मन्दर विषे। कीजियो काम हमार। दिल्ली में प्रति०। जिनये झुलाये० ॥२८॥ इतनी कह परभवकूं गए, धरते श्री नवकार। धृग धृग धन सम्पदाकूं, धृग धृग यह संसार। दिल्ली में० ॥२९॥ मेहरचन्द पढ़ माताने लाख दिनाको सार वार, हुकम लियजो अपनो मालके। मन्दिर दियाजो तयार। दिल्ली में प्रतिष्ठ०। पूरी भैना धन करी, धन श्री झुलाए श्री भगवान। दिल्लीमें प्रतिष्ठा पूरी भैना धन करी ॥३०॥

राजेन्द्रकीर्ति बुलायके, सब पंचोंको कहाय। गवर्मेंटकी आज्ञा लई, लियाजो मुहूर्त दिखाय। दिल्लीमें प्रतिष्ठा पूरी भैना धन करी। धनही झुलाये० ॥३१॥ संवत् विक्रम भूपको, उन्नीससै ये बीस।

माघ सुदी तिथलोकक्कूं, करी है प्रतिष्ठा श्री जिन दोय। दिल्लीमें० ॥३२॥ च्यार सहस्र प्रतिमाजी पूजी, शांतिनाथ प्रमुख जाय। तीन लक्ष आए भव्यजन होता धर्म लगाय, दिल्ली में प्र० ॥३३॥ गरभ जनम तप मंगल करे, ज्ञानमुक्तके गुण गाय। माघ सुदी तिथि तिथकूं, प्रभूजीकूं लिये हैं झुलाय॥ दिल्लीमें० प्रति० धनदी० ॥३४॥ नाम जता कुछ है नहीं, चलण पड़ रता चार। दास नयनसुख यौं कहै, पढ़ियो सब नरनार॥ दिल्ली में प्रति० धनदी० ॥३५॥

दोहा—नंदो बिरदो जगतमें, धर्मचक्र जिनराज।
जैवंती बरतो सदा, सेवो भोर समाज॥३६॥

इति दिल्लीका कवित्त स सम्पूर्णम्।

इति अध्याय सतरहवां सपूर्णम् ॥१७॥

अध्याय अठारहवाँ

